CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: ccl Time: 12-15-2025 23:01 Color:

महानगर > मुंबई > मंगलवार, 16 दिसंबर 2025 > मार्गशीर्ष 25, शक संवत 1947, पौष कृष्ण द्वादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 76, संख्या 294 > मूल्य ₹5.00 > पेज 10 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in




फिल्म को पूरा करने का भावनात्मक सफर रहा: अली ▸p8

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

शुभमान गिल पर सभी को भरोसा रखना चाहिए: अभिषेक ▸p9



इंडिगो मामले से जुड़ी अर्जी पर SC बोला, दिल्ली HC जाएं ▸▸पेज 10



ठाणे मनपा चुनाव में अजित पवार गुट हुआ महायुति से बाहर ▸▸पेज 5



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अटैक पर जताया दुख ▸▸पेज 10

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 9

GOOD न्यूज
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज-5, 9

# BMC सहित 29 महानगरपालिकाओं में चुनावी बिगुल, 15 को होगी वोटिंग

## 23 दिसंबर से नामांकन की प्रक्रिया, 16 जनवरी 2026 को आएगा रिजल्ट

Brijesh.Tripathi@timesofindia.com

■ मुंबई : मुंबई महानगरपालिका सहित राज्य की 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव का बिगुल बज गया। 15 जनवरी 2026 को इन महानगरपालिकाओं के लिए वोटिंग होगी। 16 जनवरी को परिणाम घोषित होंगे। सोमवार को राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने महानगरपालिका चुनाव की घोषणा करते हुए कहा कि मुंबई सहित 29 महानगरपालिका क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। वाघमारे ने बताया कि बीएमसी की 227 सीटों सहित 29 महानगरपालिकाओं को मिलाकर 2869 सीटों पर एक ही चरण में चुनाव होंगे। इस चुनाव में 3 करोड़ 48 लाख मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। चुनाव के लिए 1 जुलाई 2025 की मतदाता सूची का उपयोग होगा। चुनाव का नोटिफिकेशन 16 दिसंबर, 2025 को पब्लिश किया जाएगा। बाकी सभी 28 महानगरपालिकाओं का नोटिफिकेशन 18 दिसंबर, 2025 को पब्लिश किया जाएगा। राज्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि 23 से 30 दिसंबर 2025 के बीच उम्मीदवार नामांकन भर सकेंगे। 2 जनवरी 2026 तक उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। 3 जनवरी 2026 को पार्टियों को चुनाव चिह्नों का वितरण होगा। साथ ही उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी। सभी महानगरपालिकाओं के लिए वोटिंग 15 जनवरी, 2026 को सुबह 7.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक होगी, जबकि चुनाव प्रचार वोटिंग से 48 घंटे पहले बंद हो जाएगी।




सोमवार को राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने महानगरपालिका चुनाव की घोषणा की। इसके साथ ही मुंबई सहित 29 महानगरपालिका क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है।

### निकाय चुनाव महा मुकाबला

- नामांकन पत्र जमा: 23 से 30 दिसंबर 2025
- नामांकन पत्रों की जांच: 31 दिसंबर 2025
- उम्मीदवारी वापसी की अंतिम तिथि: 2 जनवरी 2026
- उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट: 3 जनवरी 2026

| वोटिंग | मतगणना |
|---|---|
| 15 जनवरी 2026 | 16 जनवरी 2026 |

### बीएमसी सहित प्रमुख महानगरपालिकाएं

मुंबई, ठाणे, मीरा-भाईंदर, वसई-विरार, कल्याण-डोंबिवली, नवी मुंबई, उल्हास नगर, नागपुर, पुणे, नासिक, भिवंडी-निजामपुर, अमरावती, पिंपरी-चिंचवड, चंद्रपुर सहित अन्य महानगरपालिकाएं शामिल हैं।

### 10111 मतदान केंद्र, 1.3 करोड़ वोटर

बीएमसी चुनाव के लिए 10111 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मुंबई में इन मतदान केंद्रों पर वोटिंग के लिए 11349 कंट्रोल यूनिट और 22698 बैलेट यूनिट की व्यवस्था होगी। मुंबई में वोटरों की संख्या 1.3 करोड़ है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 55 लाख 16 हजार 707 है, जबकि 48 लाख 26 हजार 509 महिला वोटर हैं। फरवरी 2017 में हुए बीएमसी चुनाव में वोटरों की संख्या 91 लाख 80 हजार 497 थी। उससे 11 लाख अधिक वोटर इस बार चुनाव में हिस्सा लेंगे। बीएमसी द्वारा जारी वोटर लिस्ट में 11 लाख से अधिक डबल वोटरों के नाम सामने आए हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि इसमें लगभग 7% डबल नाम वाले वोटर मिले हैं, जिन्हें बीएमसी ने चिह्नित किया है।

### 9 से 15 लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे उम्मीदवार

उम्मीदवार चुनाव प्रचार के दौरान 9 से 15 लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे। चुनाव आयोग के अनुसार A वर्ग की महानगरपालिका के उम्मीदवार 15 लाख, B वर्ग की महानगरपालिका के उम्मीदवार 13 लाख, C वर्ग के 11 लाख और D वर्ग की महानगर पालिका के उम्मीदवार 9 लाख रुपये चुनाव प्रचार के दौरान खर्च कर सकेंगे। आयोग का कहना है कि 5 महानगरपालिकाओं का कार्यकाल 2020 में समाप्त हुआ था, इसी तरह 18 का 2022 और 4 का 2023 में कार्यकाल समाप्त हुआ था। जबकि जालना और इचलकरंजी महानगरपालिका का नया गठन हुआ है।

# BJP में 'नवीन' अध्याय की शुरुआत

## नितिन नवीन ने संभाला पदभार, IGI से पार्टी मुख्यालय तक स्वागत



ताजपोशी: दिल्ली में BJP मुख्यालय में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को कुर्सी पर बिठाया।

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: बीजेपी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और धर्मेंद्र प्रधान व पीयूष गोयल जैसे वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पदभार संभाला। साल 2026 में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव उनके कार्यकाल की सबसे पहली और बड़ी चुनौती होगी। खासकर पश्चिम बंगाल में बीजेपी कैसा प्रदर्शन करती है, इस पर सबकी निगाह रहेगी। पांच बार के विधायक, बिहार सरकार में मंत्री और कई राज्यों के प्रभारी 45 वर्षीय नितिन नवीन ने अपने राजनीतिक जीवन में नई सोच वाली नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। उनकी नियुक्ति से बीजेपी ने अपने हर कार्यकर्ता को संदेश दिया है कि मेहनत और रिजल्ट देने वालों को बड़े से बड़ा पद भी दिया जा सकता है। माना जा रहा है कि नितिन नवीन अंततः नड्डा के उत्तराधिकारी के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। हो सकता है कि 14 जनवरी या इसके बाद उन्हें पूर्णकालिक कमान दे दी जाए।

**2026 में पांच राज्यों में चुनाव होंगे सबसे बड़ी चुनौती**

इससे पहले IGI पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रियों और कई बीजेपी सांसदों की मौजूदगी में उनका स्वागत किया। फिर पार्टी मुख्यालय में उनके स्वागत में फूल बरसाए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे भी लगाए।

### अंतर्ज्ञान

वर्तमान क्षण ही जीवन का असली खजाना है, पर हममें से अधिकतर इसका उपयोग नहीं करते। हमारा मन या तो अतीत की गलियों में भटकता है या फिर भविष्य की कल्पनाओं में खोया रहता है। इस भटकाव में वर्तमान पल छूट जाता है - वही पल जिसमें शांति, प्रेम और आनंद छिपे हैं। जिसमें हमारा होना छिपा हुआ है। जब आप पूरी सजगता से किसी कार्य में डूबते हैं - चाहे वह भोजन हो, चलना हो या बात करना, तब आप ईश्वर के सबसे करीब होते हैं। वर्तमान क्षण ही वह द्वार है, जिससे होकर आत्मा अनंत में प्रवेश करती है। जो 'अब' को पकड़ लेता है, वही समय का स्वामी बन जाता है। वर्तमान पल ही आत्म की जागृति का पल है।

### फटाफट खबरें

**मोदी जॉर्डन पहुंचे, भारतवंशियों से मिले**



PM नरेन्द्र मोदी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर जॉर्डन पहुंचे। इसका मकसद अरब देश के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है। जॉर्डन में मोदी ने भारतवंशियों से भी मुलाकात की।

**सोने की कीमतें हाई, रुपया हुआ लो**

US डॉलर, रुपया और US बॉन्ड यील्ड में कमजोरी के बाद IBJA के अनुसार सोने की कीमतें बिना जीएसटी 1,33,249 रुपये प्रति रुपये पर पहुंच गई। अमेरिकी करंसी के मुकाबले रुपया सोमवार को 25 पैसे फिसल कर 90.74 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ।

**पाक की मदद से पहलगाम अटैक: NIA**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के केस में NIA ने सोमवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। 7 को आरोपी बनाया गया है। चार्जशीट में लश्कर-ए-तैयबा और द रेजिस्टेंस फ्रंट के खिलाफ भी आरोप लगाए गए हैं।

**कोचिंग में सहपाठी को मारा चाकू, मौत**


पुणे के एक कोचिंग सेंटर में सोमवार को एक किशोर ने 16 वर्षीय अपने सहपाठी को कथित तौर पर चाकू मार दिया। गंभीर रूप से जख्मी हुए छात्र को तुरंत एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। ▸▸पेज 4

### मौसम

| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 33.2 | 21.0 |
| सांताक्रुज | 32.5 | 16.9 |
| सूर्यास्त मंगलवार | 6:04 बजे | |
| सूर्योदय बुधवार | 6:04 बजे | |

NBT नवभारत टाइम्स — सड़क व रेल पत्र-पत्रिका सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

# मनरेगा से महात्मा गांधी को राम-राम, केंद्र ला रहा कानून, भड़का विपक्ष




■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

केंद्र MGNREGA यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को खत्म कर नया कानून ला रहा है। इस विधेयक की कॉपी सोमवार को लोकसभा के सदस्यों में बांटी गई। बिल का नाम - विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार ऐंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी (VB-G RAM G) बिल 2025 रखा गया है। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को हर साल 100 के बजाय 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी देने का प्रस्ताव है।

### केंद्र में सहयोगी टीडीपी भी बिल के विरोध में

विपक्ष ने मनरेगा का नाम बदलने के सरकार के फैसले का विरोध किया है। इनका कहना है कि यह महात्मा गांधी का अपमान और मनरेगा को खत्म करने की साजिश है। केंद्र सरकार में सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी (TDP) ने विधेयक के इस प्रावधान पर चिंता जताई, जिसमें कहा गया है कि राज्यों को भी मजदूरी भुगतान का भार साझा करना होगा।


# कई विभागों ने मार्च में जल्दबाजी में खर्च किया बजट: कैग




■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र सरकार के कई विभाग हजारों करोड़ रुपये की अनुदान सहायता के लिए उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) जमा करने में विफल रहे, जबकि उन्होंने 2024-25 के आखिरी महीने में अपने अधिकतर बजट को जल्दबाजी में खर्च किया। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) से यह जानकारी मिली। प्रमाणपत्र जमा नहीं करने और बजट को आखिरी महीने में जल्दबाजी के साथ खर्च करने के दोनों ही मामलों में आवास विभाग शीर्ष पर रहा। कैग की रिपोर्ट के अनुसार, बॉम्बे वित्तीय नियम, 1959 के तहत उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत न करने से यह जोखिम रहता है कि बिल खातों में दर्शाई गई राशि जरूरतमंद लाभार्थियों तक नहीं पहुंची होगी। रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च 2025 तक 52,876 मामलों से संबंधित 1,77,319.84 करोड़ रुपये के यूसी जमा नहीं हुए थे और 2024-25 में सरकार ने लगभग 40,047 मामलों से जुड़े 1,37,222.25 करोड़ रुपये के यूसी जमा करवाए। ▸▸पेज 4

# प्रदूषण पर कमिटी ने पेश की रिपोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक बार फिर अथॉरिटी से कहा है कि वह प्रदूषण के मुद्दे का हल खोजे। इससे पहले कोर्ट को बताया गया कि प्रदूषण के मुद्दे पर बनी कमिटी ने मुंबई और नवी मुंबई में 6 से 13 दिसंबर के बीच 36 साइट्स का दौरा किया है। सोमवार को कमिटी की रिपोर्ट पेश की गई। कमिटी ने इंडस्ट्रियल निर्माण कार्य स्थलों और आरएमसी प्लांट (रेडी मिक्स प्लांट) क्षेत्र का दौरा किया है। उसने हाई AQI वाले एरिया का भी दौरा किया है। ▸▸पेज 3



कोर्ट बोला, प्रदूषण का हल खोजें




लौटना खुशियों का: गुजरात से भटक कर मुंबई पहुंच गया था वनराज, दो दिन पहले अचानक मिल गया सबकुछ

# 11 साल बाद फिर रोशन हो गया घर का चिराग

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

■ मुंबई : क्या गुजरती होगी एक मां पर, जिसका 20 साल का बेटा एक दिन ऐसा गायब हो, कि फिर कभी दिखाई ही न दे। क्या बीतती होगी उस बाप पर, जिसकी न जाने कितनी चप्पलें अपने जवान बेटे को तलाशते हुए घिस चुकी हों। 11 साल जिनका दिमाग कह रहा हो कि भूख, हादसे या कोविड ने उसके बेटे की जान ले ली होगी, लेकिन दिल मानने को तैयार न हुआ हो। और फिर क्या होगा वह मंजर, जब 11 साल बाद अचानक वही बेटा सही-सलामत मां-बाप के सीने से आ लगा हो। यही कहानी है मुंबई के भूलेश्वर में 11 साल से लावारिस जीवन जी रहे वनराज की, जो दो दिन पहले ही गुजरात अपने घर पहुंचा है।



- बनासकांठा से काम के लिए सूरत आया था वनराज
- एक दिन अचानक गायब हो गया, 11 साल कुछ पता न चला
- मुंबई में एक विडियो की वजह से फिर मिल गया मां-बाप से

दिल तोड़ने वाली कहानी : गुजरात के बनासकांठा के असरावास गांव में माता-पिता, बड़े भाई और बहन के साथ रह रहा था 20 वर्षीय वनराज सिंह दूदाजी राजपूत। दिमागी तौर पर कुछ हद तक स्पेशल। मां-बाप ने किसी परिचित के आसरे काम धंधे के लिए सूरत भेज दिया। एक दिन अचानक वनराज किसी ट्रक में बैठा और फिर कभी नहीं दिखा। वनराज के चाचा गुलाब सिंह राजपूत गुजरात के पूर्व कांग्रेस विधायक हैं। पूरे परिवार ने अस्पताल, जेल, रेलवे स्टेशन, बस-स्टैंड कुछ नहीं छोड़ा, जहां उसे न तलाशा हो। वाव पुलिस स्टेशन में 2014 में उसकी गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज की गई। लेकिन महीनों की खोज बेकार साबित हुई। मां की आंखों से आंसू सूख गए, पिता की आंखें पथरा गईं। हालांकि दिल था कि मान नहीं रहा था।

### कोविड ने तोड़ दी थी उम्मीदें, लेकिन...

फिर आया कोविड। उम्मीदें मद्धम पड़ने लगीं। पिता दूदाजी एनबीटी को फोन पर यह बताते बताते रुक जाते हैं। फिर कहते हैं, कोविड के बाद हमें लगने लगा कि वनराज अब तक किसी तरह खुद को बचा भी पाया होगा तो कोविड उसे नहीं छोड़ेगा। कोविड के बाद बेशक हमारी उम्मीदें टूटीं, लेकिन आंखों की यह आस बरकरार रही कि अचानक कहीं वनराज का चेहरा सामने आ जाएगा।

क्या हुआ 11 साल बाद, कैसा पता चला उसके बारे में : ▸▸पेज 3

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP10 User: cci Time: 12-15-2025 22:57 Color:



## NBT AI टाइम मशीन

### आज है विजय दिवस


भारत में हर साल आज के दिन विजय दिवस मनाया जाता है। ये दिन 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की जीत का प्रतीक है। 16 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तानी सेना के लगभग 93 हजार सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने सरेंडर कर दिया था। भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना ने मिलकर काम किया था। इसके बाद बांग्लादेश एक आजाद देश बना। इससे पहले उसे पूर्वी पाकिस्तान कहा जाता था।

NBT



### बढ़ेगी सेना की तकनीकी ताकत


ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारतीय सेना तकनीकी रूप से बेहद शक्तिशाली होगी। आने वाले समय में युद्धों में रोबॉट, AI का बड़ा इस्तेमाल होगा। AI दुश्मन की चालों को पकड़कर तेज फैसले लेने में मदद करेगा, जिससे जवानों को कम जोखिम में रहेंगे। भारत अडवांस ड्रोन जैसे हथियार खुद बना रहा है। पहाड़ी इलाकों में ये हथियार तेजी से काम कर पाएंगे। आने वाले समय में सेना के पास साइबर हमलों के लिए अलग स्पेशल यूनिट भी होगी।




AI Image

## SPEED News

**कनाडा के एडमोंटन में मूल रूप से पंजाब** निवासी दो लोगों की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पहचान गुरदीप सिंह (27) और रणवीर सिंह (19) के रूप में हुई है।





Agency

**मोरक्को के साफी शहर में भारी बारिश** और अचानक आई बाढ़ से 37 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 70 घर जलमग्न हो गए और 10 वाहन बह गए।

**जोसे एंटोनियो कास्ट चिली के नए प्रेज़िडेंट** बन गए हैं। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार कास्ट ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की है।



### हॉलिवुड डायरेक्टर रॉब रेनर, उनकी पत्नी के शव मिले

■ पीटीआई, मुंबई: मशहूर अमेरिकी डायरेक्टर और ऐक्टर रॉब रेनर और उनकी पत्नी मिशेल के शव लॉस ऐंजिलिस के उनके घर में मिले। अधिकारियों ने बताया है कि दोनों के शरीर पर चाकू के घाव हैं। इस मामले में पुलिस परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। लॉस ऐंजिलिस फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, उनके पास दोपहर करीब 3:30 बजे मेडिकल इमरजेंसी के लिए कॉल आई। जब टीम मौके पर पहुंची, तो रॉब और मिशेल को मृत पाया गया।

### श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के नेता वेदांती नहीं रहे

■ पीटीआई, रीवा/अयोध्या: श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी नेता रहे BJP के पूर्व सांसद राम विलास वेदांती (67) का हार्ट अटैक से सोमवार को मध्यप्रदेश में रीवा के अस्पताल में निधन हो गया। वेदांती के शिष्य छोटे दास महाराज ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार अयोध्या में होगा। वेदांती को एयर एंबुलेंस से भोपाल एम्स ले जाने का प्रयास हुआ, पर खराब मौसम से संभव नहीं हुआ।



**गोवा अग्निकांड**

### लूथरा ब्रदर्स आज आ सकते हैं दिल्ली

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: गोवा पुलिस ने बताया कि बिर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा मंगलवार को थाईलैंड से दिल्ली पहुंच सकते हैं। दिल्ली पहुंचते ही दोनों भाइयों को गोवा पुलिस हिरासत में ले लेगी। थाई अधिकारियों ने इंटरपोल ब्लू कॉर्नर नोटिस पर लूथरा भाइयों को हिरासत में लिया था। हिरासत में लिए जाने के बाद, दोनों को ट्रांजिट रिमांड के लिए दिल्ली की कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### राज कुमार गोयल मुख्य सूचना आयुक्त



■ पीटीआई, नई दिल्ली: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पूर्व आईएएस अधिकारी राज कुमार गोयल को मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ दिलाई। 1990 बैच के एजीएमयूटी कैडर अधिकारी गोयल की नियुक्ति पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिश पर हुई।

# 'यहूदी हैं इसलिए निशाना बनाया गया'

## बॉन्डी बीच की सर्वाइवर ने सुनाई आतंक की कहानी | कहा, दुनिया को अब अपनी आंखें खोलनी होंगी | हनुक्का उत्सव में हुई फायरिंग में 15 जानें गईं

■ एपी, सिडनी

**आस्ट्रेलिया के** मशहूर बॉन्डी बीच पर रविवार शाम हनुक्का उत्सव मातम में बदल गया। शाम को समुद्र किनारे बने पार्क में यहूदी समुदाय के सैकड़ों लोग हनुक्का उत्सव मनाने के लिए जुटे थे। बच्चे खेल रहे थे, संगीत बज रहा था और सूरज ढलने वाला था। तभी पास के पैदल पुल से दो हमलावरों ने भीड़ पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं।

33 साल की रेबेका अपने 5 साल के बेटे को बचाने के लिए एक टेबल के नीचे लेट गईं और बेटे को ऊपर से ढक लिया। उन्होंने बताया, पास ही एक शख्स को गोली लगी, जिसने दम तोड़ने से पहले कहा, 'मैं सांस नहीं ले पा रहा हूं।' रेबेका ने घटना के बाद कहा, हमें सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि हम यहूदी हैं। 7 अक्टूबर 2023 के दिन हमास के इस्राइल पर हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, दुनिया को अब आंखें खोलनी होंगी।

पुलिस के मुताबिक, यह हमला यहूदी विरोधी आतंकी हमला था। हमले में कम से कम 15 लोगों की जानें चली गईं।

**बड़े गन कानून सुधार की तैयारी:** ऑस्ट्रेलिया ने गन कानूनों को और सख्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज की अध्यक्षता में कैबिनेट मीटिंग के बाद एक साझा बयान जारी किया गया। गन कानूनों में तुरंत, ठोस सुधार जरूरी है। 1996 के पोर्ट आर्थर नरसंहार के बाद बनी नैशनल फायरआर्म्स एग्रीमेंट की दोबारा समीक्षा की जाएगी।



हनुक्का पर्व के आयोजन के दौरान सामूहिक गोलीबारी के बाद लोगों ने बॉन्डी पवेलियन में बने स्मारक पर फूलों को श्रद्धांजलि दी।

### जान बचाने के लिए समंदर में कूदे लोग

बॉन्डी बीच पर गोलीबारी के दौरान हर जगह अफरातफरी मची थी। बीच पर पर्यटक और आसपास के होटल में मेहमान, सभी ने डर का मंजर देखा। एलेनॉर ने गोलियों की आवाज सुनी तो बिना कुछ सोचे समुद्र में कूद गई। कई लोग या तो पानी से भागे या वहीं छिपने की कोशिश करने लगे। एक होटल में ठहरे जोएल सार्जेंट और उनकी पार्टनर ग्रेस ने कमरे से देखा कि सैकड़ों लोग सड़कों पर भाग रहे थे। ग्रेस वीडियो बनाते हुए कहती सुनी गईं, 'बेबी, मुझे डर लग रहा है।'

### जयशंकर ने अटैक पर जताया दुख

■ भाषा, नई दिल्ली: भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से बात की और सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले पर भारत की तरफ से संवेदना जताई। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से बात की। बोंडी बीच पर हुए आतंकवादी हमले पर संवेदनाएं जताईं और अपना पूरा समर्थन दिया।



### UN महासचिव ने हमले की निंदा की

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में हनुक्का पर्व के आयोजन के दौरान हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बयान जारी कर यह जानकारी दी। महासचिव ने इस हमले में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने घायलों के जल्द और पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना की है।




एंटोनियो गुटेरेस

### हमले के पीछे बाप, बेटा और IS कनेक्शन

**बॉन्डी बीच** पर हमले की जांच के दौरान खुलासा हुआ कि आतंकी हमले के पीछे बाप-बेटे थे। दोनों ने मिलकर हनुक्का उत्सव के दौरान भीड़ पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। अफरातफरी के बाद पुलिस ने मोर्चा संभाला और एक हमलावर ढेर कर दिया गया। मरने वाले की पहचान साजिद अकरम (50) के रूप में हुई। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने कहा कि कार्रवाई में साजिद का बेटा नवीद अकरम (24) घायल हो गया।

हमले की जांच कर रही टीम ने बताया कि दोनों शूटरों ने हमले को अंजाम देने से पहले अपने परिवार वालों को बताया था कि वे मछली पकड़ने के लिए साउथ कोस्ट जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि नवीद अकरम ऑस्ट्रेलिया में जन्मा नागरिक है। ऑस्ट्रेलिया के गृहमंत्री टोनी बर्क के मुताबिक, साजिद 1998 में स्टूडेंट वीजा पर ऑस्ट्रेलिया आया था, जिसे 2001 में पार्टनर वीजा और बाद में रेजिडेंट रिटर्न वीजा में बदल दिया गया था। यानी साजिद अकरम के पास ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता नहीं थी। पुलिस ने इस घटना को आतंकी हमला बताया है।

ऑस्ट्रेलियन मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावरों की कार के अंदर इस्लामिक स्टेट (IS) के दो झंडे मिले। मौके से मिले फुटेज में एक झंडा गाड़ी के बोनेट पर लगा हुआ दिख रहा था।



हमलावर नवीद अकरम।

### पिता बनने का कुछ दिन पहले चला पता...

सिडनी के बॉन्डी बीच में हुई गोलीबारी में घायल हुए लोग अलग-अलग अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। इनमें कॉन्स्टेबल स्कॉट डाइसन भी हैं, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, डाइसन को कुछ दिन पहले ही पता चला था कि वह पिता बनने वाले हैं। उनकी पत्नी भी पुलिस में ही हैं। उनके एक दोस्त ने बताया, उसे पिछले हफ्ते ही पता चला था कि वह जल्द पापा बनने वाला है।



## इंडिगो मामले से जुड़ी अर्ज़ी पर SC बोला, दिल्ली हाई कोर्ट जाएं



**सुनवाई से किया इनकार**

एक संवैधानिक कोर्ट के रूप में हाई कोर्ट इन मुद्दों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है -CJI सूर्यकांत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने सोमवार को इंडिगो संकट से जुड़ी एक जनहित याचिका (PIL) पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसी तरह का मामला पहले से ही दिल्ली हाई कोर्ट में पेंडिंग है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को दिल्ली हाई कोर्ट की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति दी। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट से आग्रह किया कि वह याचिकाकर्ता को वहां चल रही कार्यवाही में हस्तक्षेप करने की अनुमति दे।

सीनियर वकील मुकुल रोहतगी ने पीठ को दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित मामले की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि डीजीसीए ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति बना दी है। चीफ जस्टिस ने कहा कि वह हाई कोर्ट जा सकते हैं क्योंकि वहां मामला पेंडिंग है। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि हर दिन कम से कम 300 उड़ानें रद्द हो रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। CJI सूर्यकांत ने कहा कि वे हाई कोर्ट इन मुद्दों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है।

### समय-समय पर राहत देती है सरकार: मंत्री

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: राज्यसभा में सोमवार को हवाई किराए की कीमतों में त्योहारों और दूसरी स्थितियों की वजह से इजाफे का मामला उठा। केरल से सीपीआई सांसद पी संदोष ने केंद्रीय उड्डयन और विमानन मंत्री राममोहन नायडू से पूछा कि बीते दिनों इंडिगो संकट के दौरान, सरकार ने कीमतों पर कैपिंग के जरिए हवाई सफर की कीमतों को स्थिर किया था। क्या ओनम पर भी यात्रियों को आराम दिया जा सकता है? जवाब में कहा कि अतीत में कुंभ मेले, पहलगाम हमले और कोविड के दौरान भी इस तरह के उपाय सरकार की ओर से किए गए हैं। मंत्रालय बेहद गंभीर है, सरकार ऐसे सारे फैसले लेती है जो यात्रियों के हक में होते हैं।



## राम मंदिर ट्रस्ट की पहल, अयोध्या में कैंसर हॉस्पिटल

### 6 एकड़ फ्री जमीन देने पर राजघराना सहमत

■ NBT न्यूज, अयोध्या

**राम मंदिर** ट्रस्ट की बैठक में अयोध्या में कैंसर के सस्ते इलाज के लिए समर्पित कैंसर हब हॉस्पिटल के निर्माण को लेकर प्रारंभिक पहल को मूर्त रूप देने का फैसला किया गया है। हॉस्पिटल टाटा समूह की नमो फाउंडेशन फॉर कैंसर संस्था बनवाएगी, जिसमें मंदिर ट्रस्ट भी सहभागी बनेगा। राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन ने बताया कि नमो फाउंडेशन के 6 सदस्यों की टीम सोमवार को अयोध्या पहुंची थी। उसने कई स्थलों का निरीक्षण किया साथ ही मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों और अयोध्या के मंडलीय कमिश्नर राजेश कुमार डीएम निखिल टीकाराम फुंडे के साथ बैठक की, जिसमें 6 एकड़ जमीन की उपलब्धता पर चर्चा की गई। इस सिलसिले में अयोध्या के राजघराने के सदस्य साहित्यकार यतीन्द्र मिश्र से भी वार्ता की गई, जिन्होंने 6 एकड़ जमीन कैंसर हॉस्पिटल के लिए सहमति दी। साथ ही अब मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है तो मंदिर ट्रस्ट का सारा फोकस श्रद्धालुओं की सुविधाओं और मंदिर के प्रबंधन पर होगा। मार्च 2026 तक सभी कार्य पूरे होने की उम्मीद है।



## 2 दिन के दौरे पर जॉर्डन पहुंचे PM

### 3 देशों के चार दिवसीय दौरे का पहला पड़ाव है जॉर्डन

■ भाषा, अम्मान

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर जॉर्डन पहुंचे। इस दौरे का उद्देश्य अरब देश के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है। दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का एक विशेष संकेत देते हुए, जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने हवाई अड्डे पर मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, अम्मान पहुंच गया हूं। गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए जॉर्डन के हाशमी साम्राज्य के प्रधानमंत्री जाफर हसन का शुक्रगुजार हूं। मोदी के तीन देशों के चार दिवसीय दौरे का पहला पड़ाव जॉर्डन है। इसके बाद वह इथियोपिया और ओमान भी जाएंगे।

जॉर्डन के प्रधानमंत्री ने एक पोस्ट में कहा, आज जॉर्डन में भारत के प्रधानमंत्री मोदी का एक सम्मानित अतिथि के रूप में स्वागत करना हमारे लिए सम्मान की बात है। यह यात्रा हमारे 75 वर्षों के घनिष्ठ और स्थायी संबंधों को दर्शाती है।

जब मोदी होटल पहुंचे, तो भारतीय समुदाय के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने लोगों से हाथ मिलाया और बातचीत की।

> यकीन है यह यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देगी। -नरेन्द्र मोदी



जॉर्डन के PM जाफर हसन ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में परंपराओं में बदलाव को दी गई चुनौती

## बांके बिहारी में 'स्पेशल पूजा' पर SC ने कहा, यह तो भगवान का शोषण

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में पैसे लेकर अमीर लोगों के लिए 'स्पेशल पूजा' कराने की प्रथा पर असंतोष जताया। वृंदावन के बांके बिहारी जी मंदिर से जुड़ी याचिका पर सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह टिप्पणी की। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'दोपहर 12 बजे दर्शन बंद करने के बाद वे भगवान को एक मिनट के लिए भी आराम नहीं करने देते और उनका शोषण करते हैं। तथाकथित धनी लोग जो भारी रकम चुका सकते हैं, उन्हें विशेष पूजा करने की अनुमति दी जाती है।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई अब 7 जनवरी को होगी।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भगवान को आराम भी नहीं करने देते हैं।

### देहरी पूजा का मुद्दा भी कोर्ट में उठा

सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ताओं ने कहा कि सदियों पुरानी 'देहरी पूजा' बंद कर दी गई है, जो गुरु-शिष्य परंपरा का एक अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने दलील दी कि क्राउड मैनेजमेंट के आधार पर इसका निलंबन निराधार है, क्योंकि यह अनुष्ठान तब किया जाता है, जब मंदिर आम जनता के लिए बंद होता है।



## प्रियंका गांधी और प्रशांत किशोर में हुई मुलाकात से कांग्रेस में नई हलचल



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: जन सुराज पार्टी के संस्थापक और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर (PK) की कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से हालिया मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक नई दिल्ली में करीब दो घंटे तक चली, जिसमें उत्तर प्रदेश और बिहार समेत उत्तर भारत के मौजूदा राजनीतिक हालात, चुनौतियों और आगामी चुनावी परिदृश्य पर विचार-विमर्श हुआ। हालांकि, दोनों पक्षों ने अभी इस मुलाकात पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

प्रियंका गांधी से जब पत्रकारों ने इसपर सवाल पूछा तो उन्होंने इसे टालते हुए कहा कि ये कोई न्यूज है, दूसरे जरूरी मुद्दों पर बात कीजिए। लेकिन समय और संदर्भ को देखते हुए इसे सामान्य मुलाकात से कहीं अधिक अहम माना जा रहा है। खासतौर पर ऐसे समय में जब कांग्रेस उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत के राज्यों में अपनी खोई जमीन वापस पाने की कोशिश कर रही है, प्रशांत किशोर से संवाद को रणनीतिक संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

प्रशांत किशोर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ वर्षों में उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं। 2021 में किशोर ने कांग्रेस के पुनरुद्धार को लेकर एक विस्तृत प्रस्ताव दिया था। इसके बाद अप्रैल 2022 में सोनिया गांधी के 10 जनपथ स्थित आवास पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी नेतृत्व के सामने पीपीटी प्रेजेंटेशन भी दिया था। इसके बाद से प्रशांत किशोर ने बिहार में जन सुराज अभियान शुरू कर अपनी अलग राजनीतिक राह चुनी। बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य मौकों पर उन्होंने कांग्रेस की रणनीति और कुछ मुद्दे, खासकर वोट चोरी और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) जैसे विषयों पर भी सवाल उठाए थे। बावजूद इसके, कांग्रेस और पीके के बीच संवाद पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। ताजा मुलाकात को इसी पृष्ठभूमि में देखा जा रहा है।

### नए सहयोग के विकल्प तलाश रही कांग्रेस

**राजनीतिक विश्लेषकों** का मानना है कि कांग्रेस उत्तर भारत में संगठन को मजबूत करने के लिए नए प्रयोगों और सहयोग के विकल्प तलाश रही है, जबकि प्रशांत किशोर भी राष्ट्रीय राजनीति में अपनी भूमिका को लेकर संभावनाएं टटोल रहे हैं। हालांकि कांग्रेस में उनके औपचारिक रूप से शामिल होने को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक संकेत नहीं है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक नारे, सदन में सत्ता पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर धमकी भरे नारे लगाए जाने और बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह की ओर से सदन में की गई एक टिप्पणी को लेकर लोकसभा में भी बहुत हंगामा हुआ। सोमवार को इन मुद्दों पर लोकसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के कारण शून्यकाल और प्रश्न काल नहीं चल सका। पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने जैसे ही सदन के पटल पर आवश्यक कागजात रखवाए, कांग्रेस के सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के निकट पहुंच गए। वे पिछले सप्ताह सदन में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री शाह द्वारा की गई एक टिप्पणी का हवाला देते हुए उनसे और प्रधानमंत्री मोदी से माफी मांगने की मांग कर रहे थे। वहीं केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि हम देश के लिए काम कर रहे हैं और यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुले तौर पर प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने की घोषणा की।

PTI




हंगामे के कारण शून्यकाल और प्रश्न काल नहीं चल सका।

### राज्यसभा में भी जबरदस्त हंगामा

राज्यसभा में भी सोमवार को कांग्रेस की एक रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कथित तौर पर लगाए गए नारों को लेकर भारी हंगामा हुआ। सदन के नेता जेपी नड्डा ने रैली का जिक्र करते हुए विवादित नारों पर आपत्ति जताई और इसे निंदनीय बताया। नड्डा के बयान के बाद विपक्ष ने सदन में हंगामा किया और बाहर की घटना पर चर्चा पर सवाल उठाए। बढ़ते शोरगुल के बीच उपसभापति हरिवंश ने कार्यवाही एक घंटे के लिए स्थगित कर दी।

## सेमीकंडक्टर मिशन में भारत की बड़ी सफलता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत ने सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देश ने DHRUV64 के नाम से अपना पहला 1.0 गीगाहर्ट्ज (GHz) माइक्रोप्रोसेसर तैयार कर लिया है। यह कदम भारत को चिप डिजाइन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ी प्रगति माना जा रहा है। इस माइक्रोप्रोसेसर का उपयोग 5G इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोटिव सिस्टम और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे अहम क्षेत्रों में किया जा सकेगा।



बना पहला स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर DHRUV64

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP2 User: cci Time: 12-15-2025 22:46 Color:





मुंबई के कई इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर असंतोषजनक है, वहीं गोवंडी एकमात्र क्षेत्र है जहां AQI 3 दिनों से चिंताजनक है। -p3



वाणेकरों को पानी की समस्या और चार दिन बढ़ गई है। शहर में जारी कटौती 50% पानी कटौती 4 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। -p5

164 रहा मुंबई का AQI सोमवार को, जो असंतोषजनक है।

16.9 न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया सोमवार को। हल्की सर्दी महसूस की गई।

www.mumbai.nbt.in





# अणुशक्ति नगर: महायुति में ही हो सकता है शक्ति प्रदर्शन

## BMC चुनाव: शिंदे सेना और NCP (AP) में मुकाबला संभव

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

■ मुंबई: मनपा चुनाव की घोषणा के साथ ही महायुति और महाविकास आघाडी के कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ गई है। इसके साथ ही टिकट के दावेदारों ने भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से नजदीकी बढ़ा दी है। अणुशक्ति नगर विधानसभा क्षेत्र का भी ऐसा ही हाल है। इसमें कुल 6 वॉर्ड हैं और यदि महायुति एकजुट होकर चुनाव लड़ती है, तो यहां शिवसेना (शिंदे) और NCP (अजित पवार) के बीच खींचतान देखने को मिल सकती है। 2017 के मनपा चुनाव में इन 6 में से 3 वॉर्डों पर शिवसेना (अविभाजित) के नगरसेवक निर्वाचित हुए थे, जो वर्तमान में शिवसेना (शिंदे) के साथ हैं। वहीं, 2024 के विधानसभा चुनाव में इसी अणुशक्ति नगर सीट से एनसीपी (अजित) की सना मलिक विधायक चुनी गई हैं। ऐसे में पार्टी की कोशिश अधिक से अधिक वॉर्डों पर चुनाव लड़ने की हो सकती है। इसी वजह से महायुति के दोनों सहयोगी दलों के बीच सीटों को लेकर टकराव की संभावना बनी हुई है।

### बूथ स्तर पर NCP (अजीत) को बढ़त

2024 के विधानसभा चुनाव में अणुशक्ति नगर विधानसभा क्षेत्र के कुल 262 बूथों में से 129 बूथों (करीब 49%) पर NCP (अजित) की प्रत्याशी सना मलिक को बढ़त मिली थी। वहीं 80 बूथों (लगभग 31%) पर NCP (शरद पवार) के उम्मीदवार फहाद आजमी आगे रहे। इसके अलावा चुनाव में मनसे की भी मौजूदगी दर्ज की गई, जहां मनसे प्रत्याशी नवीन आचार्य बूथ नंबर 53 पर बढ़त बनाने में सफल रहे।



### चुनाव से पहले MIM को झटका


मनपा चुनाव से ठीक पहले MIM को बड़ा झटका लगा है। इस विधानसभा क्षेत्र से MIM के इकलौते नगरसेवक शेख शाहनवाज ने ओवैसी का साथ छोड़ते हुए शिवसेना (शिंदे) में प्रवेश कर लिया है। इसके बाद क्षेत्र के 6 में से 4 वॉर्डों पर शिवसेना (शिंदे) का एकछत्र वर्चस्व स्थापित हो गया है।

### मतदाताओं का समीकरण

अणुशक्ति में करीब 30% मतदाता मुस्लिम समाज से हैं, जबकि लगभग 8% मतदाता दलित वर्ग के हैं। शेष 62% मतदाताओं में मराठी, उत्तर भारतीय और ईसाई समुदाय शामिल हैं। इस तरह से मुस्लिम वोटर निर्णायक भूमिका में कहे जा सकते हैं।

### आरक्षण की स्थिति

| वॉर्ड | पूर्व | मौजूदा आरक्षण |
|---|---|---|
| 143 | ओबीसी | महिला सामान्य |
| 144 | सामान्य महिला | सामान्य |
| 145 | सामान्य | सामान्य |
| 146 | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जाति |
| 147 | ओबीसी | अनुसूचित जाति |



### 2017 चुनाव का परिणाम

**प्रभाग: 143**
- ऋतुजा तारी - 4031 वोट (शिवसेना-अविभाजित)
- सैयद आयशा - 3882 वोट (एमआईएम)

**प्रभाग: 144**
- अनीता पांचाल - 7764 वोट (बीजेपी)
- कामिनी शेवाले - 7273 वोट (शिवसेना-अविभाजित)

**प्रभाग: 145**
- शेख शाहनवाज - 6123 वोट (एमआईएम)
- जनार्दन भोसले - 5659 वोट (शिवसेना-अविभाजित)

**प्रभाग: 146**
- समृद्धि काते - 8622 वोट (शिवसेना-अविभाजित)
- नीलेश भोसले - 5071 वोट (राकांपा-अविभाजित)

**प्रभाग: 147**
- अंजलि नाईक - 7565 वोट (शिवसेना-अविभाजित)
- मनीषा येनपे - 3927 वोट (आरपीआई-ए)

**प्रभाग: 148**
- निधि शिंदे - 4485 वोट (शिवसेना-अविभाजित)
- रुक्मणि खरटमोल - 3256 वोट (भाजपा)

## उद्धव और राज के साथ आने से बदल सकते हैं समीकरण

# विलेपार्ले: BJP मजबूत, उद्धव सेना-कांग्रेस के सामने चुनौती

Pankaj.Pandey@Timesofindia.com

■ मुंबई: विलेपार्ले बीजेपी का गढ़ माना जाता है। ऐसे में आगामी बीएमसी चुनाव में उद्धव सेना और कांग्रेस के सामने यहां जीत दर्ज करने की कड़ी चुनौती होगी। 2024 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार पराग अलवानी ने 2019 की तुलना में अधिक वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी। विलेपार्ले सीट 7 प्रभाग में बंटी है। 2017 में 7 प्रभाग में से 3-3 प्रभाग बीजेपी और कांग्रेस के पास थे, जबकि एक प्रभाग पर संयुक्त शिवसेना के पास। लेकिन राज्य में हुए राजनीतिक बदलाव के बाद यहां के गणित में बड़ा बदलाव आया है। कांग्रेस के 3 नगरसेवकों में से 2 ने साथ छोड़ बीजेपी का दामन थाम लिया। परिसर में अभी केवल एक नगर सेवक कांग्रेस और एक उद्धव ठाकरे के साथ है। परिसर में कांग्रेस और उबाठा के कमजोर होने का लाभ बीजेपी को मिल सकता है। महाविकास आघाडी में फूट पड़ने और महायुति का गठजोड़ कायम रहने से उबाठा और कांग्रेस के लिए अपने उम्मीदवार को जीत दिलाने की बड़ी चुनौती होगी। उधर, उद्धव और राज ठाकरे के साथ आने से बीजेपी के प्रदर्शन पर असर दिख सकता है।




### ऐसा है वोटरों का गणित

विलेपार्ले में उम्मीदवार की हार और जीत तय करने में मराठी, गुजराती और राजस्थानी वोटरों की अहम भूमिका होती है। यहां करीब 1.25 लाख मराठी, करीब 70 हजार गुजराती और राजस्थानी, करीब 35 हजार हिंदी भाषी और करीब 20 हजार क्रिश्चन-मुस्लिम वोटर हैं।

### RSS के प्रभाव वाला क्षेत्र

विलेपार्ले को आरएसएस का प्रभाव वाला क्षेत्र माना जाता है। इसका एक उदाहरण कुछ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिला था। जहां बीजेपी के उम्मीदवार उज्ज्वल निकम छह विधानसभा सीट में से केवल विलेपार्ले पर ही बढ़त हासिल कर पाए थे।

### विलेपार्ले विधानसभा का 2017 में चुनाव परिणाम

**प्रभाग: 70**
- सुनीता मेहता - बीजेपी - 13,034 वोट जीते
- वीणा टॉक - शिवसेना (संयुक्त) - 3,760 वोट हारे

**प्रभाग: 84**
- अभिजीत सावंत - बीजेपी - 13,499 वोट जीते
- वीणा भगवत - शिवसेना (संयुक्त) - 8,871 वोट हारे

**प्रभाग: 82**
- जगदीश कुट्टी - कांग्रेस - 5,663 वोट जीते
- वसंत केलकर - बीजेपी - 5615 वोट हारे

**प्रभाग: 85**
- ज्योति अलवनी - बीजेपी - 15,629 वोट जीते
- सीताराम पवार - शिवसेना (संयुक्त) 5786 वोट हारे

**प्रभाग: 83**
- विनीफेड डिसोझा - कांग्रेस - 7,558 वोट जीते
- निधि सावंत - शिवसेना (संयुक्त) - 6953 वोट हारे

**प्रभाग: 88**
- सदानंद परब - शिवसेना (संयुक्त) - 8,424 वोट जीते
- रामचंद्र सावंत - बीजेपी - 5534 वोट हारे

# 'गठबंधन के लिए करना होगा नामांकन तक इंतजार'

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: मनपा चुनाव की घोषणा के बाद महाराष्ट्र के वन मंत्री और बीजेपी नेता गणेश नाईक ने दावा किया है कि नवी मुंबई मनपा पर बीजेपी का झंडा फहराएगा और बीजेपी का ही महापौर बनेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य के स्तर पर पार्टी ने गठबंधन में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है, लेकिन स्थानीय स्तर पर अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका है। गठबंधन होगा या नहीं होगा यह नामांकन की आखिरी तारीख तक ही पता चल सकेगा। शीर्ष नेतृत्व हमें जिस तरह से मार्गदर्शन करेगा, उसके हिसाब से स्थानीय स्तर पर आगे बढ़ा जाएगा। बता दें कि गणेश नाईक नवी मुंबई के वाशी में आयोजित बीएएनएम प्रॉपर्टी एक्जिबिशन में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि एफएसआई को लेकर काफी संघर्ष चल रहा है। जिससे निकलने के लिए बिल्डर काफी प्रयास कर रहे हैं।


नाईक बोले, नवी मुंबई मनपा में होगा BJP का महापौर



### वन्य भूमि पर निर्माण नहीं होने देंगे: वन मंत्री

नाईक ने कहा, नवी मुंबई में बड़े पैमाने पर घर निर्मित हो चुके हैं और बड़ी संख्या में घर निर्माण का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की एक इंच जमीन पर भी निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। जब तक वन मंत्री गणेश नाईक हैं, तब तक किसी भी व्यक्ति को निर्माण की इजाजत नहीं दी जाएगी।

# पराली के प्रदूषण से मिल सकती है मुक्ति: डॉ. जोशी



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: ऊर्जा संरक्षण दिवस पर हुए 'विकसित भारत 2047' सम्मेलन में वैज्ञानिक और रासायनिक विशेषज्ञ पद्मभूषण डॉ. जे. बी. जोशी ने कहा कि देशभर में हर वर्ष करीब 60 करोड़ टन पराली उत्पन्न होती है। यदि इसे आधुनिक तकनीक के माध्यम से कोयला और गैस में परिवर्तित कर दिया जाए, तो कोयला और तेल के आयात में भारी कमी लाई जा सकती है। इससे न केवल प्रदूषण कम होगा, बल्कि किसानों की आय में प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक की वृद्धि संभव है। वे प्रोग्रेसिव चेंबर्स ऑफ कॉमर्स के मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। नेहरू साइंस सेंटर के निदेशक उमेश रुस्तगी ने कहा कि यह कॉन्क्लेव विज्ञान, उद्योग और समाज को जोड़ने का मंच है, जो ऊर्जा संरक्षण को जनआंदोलन की दिशा में आगे बढ़ाता है।

पद्मभूषण डॉ. जे. बी. जोशी ने कहा, किसानों की आय में 5 लाख तक की वृद्धि संभव

# वसई-विरार: करीब 80 हजार डबल वोटर्स होने का दावा

## बहुजन विकास आघाडी की हाईकोर्ट में याचिका



■ NBT न्यूज, वसई: वसई-विरार मनपा चुनाव से पहले मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी होने का दावा किया गया है। आरोप है कि यहां लगभग 80 हजार मतदाताओं के डबल नाम हैं। हालांकि, चुनाव आयोग ने डबल वोटर्स को एक जगह वोट देने की इजाजत दी है। लेकिन बहुजन विकास आघाडी ने इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि दूसरी पार्टियां इसका गलत फायदा उठा सकती हैं। इसको लेकर बविआ ने हाईकोर्ट में याचिका दर्ज की है।

बता दें कि मुंबई सहित कई मनपाओं में मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायतें आई हैं। इसको लेकर चुनाव आयोग ने ऐसे मतदाताओं को एक ही जगह मतदान करने को कहा है। इसको लेकर बहुजन विकास आघाडी ने विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि डबल नामों को तुरंत रद्द कर देना चाहिए। जो मतदाता जिस वॉर्ड का होगा, उसे उसी वॉर्ड में मतदान करने की इजाजत होनी चाहिए। बविआ ने कहा कि डबल नामों वाले मतदाता राजनीतिक गणित बिगाड़ सकते हैं। बविआ के संघटक अजीव पाटील ने कहा कि कई मतदाताओं के नाम लिस्ट में दो बार से अधिक हैं। इसलिए राजनीतिक पार्टियां ऐसे मतदाताओं से किसी भी वॉर्ड में वोट करवा सकती हैं।

# आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग नहीं कर पाएंगे विधानभवन में प्रवेश, बढ़ेगी सख्ती

## आगामी सत्र से डिजिटल प्रवेश लागू किया जाएगा, बंदोबस्त होंगे हाईटेक

Rajkumar.Singh@Timesofindia.com

■ नागपुर: विधानमंडल सत्र के दौरान विधानभवन में प्रवेश करना अब आसान नहीं होगा। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति को विधानभवन में प्रवेश नहीं मिल सकेगा। सरकार प्रवेश प्रक्रिया अधिक सख्त और आधुनिक बनाने जा रही है। इसमें पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का कहना है कि सेशन के दौरान विधानभवन में आने वाली भीड़ को नियंत्रित किया जाए। सेल्फी लेने वाले, बिना कारण आने वाले, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को सत्र के दौरान विधान भवन से दूर रखा जाए। नागपुर में शीतकालीन सत्र के दौरान भीड़ कम होने से सत्ता पक्ष ही नहीं, बल्कि विपक्ष के विधायक भी खुश थे। विधान परिषद में कांग्रेस के सदस्य सतेज (बंटी) पाटील ने सदन में मुख्यमंत्री की इसके लिए तारीफ भी की।

संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटील ने विधानसभा में जानकारी देते हुए बताया कि समिति की सिफारिशों के अनुसार विधान मंडल परिसर में सुरक्षा विशेषज्ञों और सलाहकारों की राय से नई नियमावली तैयार की जाएगी। सभी आगंतुकों की सघन जांच, विधायकों के साथ आने वाले अतिथियों की निगरानी और सुरक्षा निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले विधानभवन में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। सुझाव के अनुसार डिजिटल प्रवेश लागू करेगा, जो बहुत हाई-टेक होगी। विधान मंडल की सुरक्षा संसद की तर्ज पर विकसित की जाएगी।



### विधानभवन में मारपीट की घटना तक हो चुकी

मुंबई में हुए मॉनसून सत्र में 17 जुलाई 2025 को विधानभवन में बीजेपी के विधायक गोपीचंद पडलकर के करीबी सर्जेराव टकले और शरद पवार की एनसीपी के विधायक जितेंद्र आव्हाड के करीबी नितिन देशमुख के बीच प्रवेशद्वार के सामने ही मारपीट हो गई। ऐसे में महाराष्ट्र विधानसभा के विशेषाधिकार हनन के मामले में नरेंद्र भोंडेकर की अध्यक्षता वाली एक समिति का गठन किया गया है। समिति की रिपोर्ट संसदीय मंत्री चंद्रकांत पाटील ने सदन में रखते हुए साफ किया कि आगामी सत्र से नई सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाएगी।

# तेजस्वी घोसालकर ने BJP का दामन थामा




■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव की घोषणा से कुछ घंटे पहले ही उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका लगा है। पूर्व विधायक विनोद घोसालकर की बहू और पूर्व नगरसेविका तेजस्वी घोसालकर ने उद्धव सेना से इस्तीफा देने के बाद बीजेपी का दामन थाम लिया। बीएमसी के प्रभाग 1 से पूर्व नगरसेविका तेजस्वी ने बीजेपी में शामिल होने के बाद कहा कि वह विकास कार्यों और अभिषेक के सपनों को पूरा करने के लिए बीजेपी में आई हैं। घोसालकर परिवार को उद्धव ठाकरे परिवार का करीबी माना जाता है। ऐसे में बीएमसी चुनाव से ठीक पहले तेजस्वी का पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल होना उद्धव ठाकरे गुट के लिए एक बड़ा झटका है। चर्चा है कि तेजस्वी बीएमसी के प्रभाग 2 से नगरसेविका का चुनाव लड़ सकती हैं, क्योंकि उनकी पुरानी सीट महिला ओबीसी आरक्षित हो गई है। वहीं प्रभाग नंबर 2 सामान्य महिला है, जिस पर तेजस्वी चुनाव लड़ सकती हैं।

# MLAs के आचरण के लिए समिति

## नौ सदस्यों वाली समिति के अध्यक्ष होंगे चैनसुख संचेती

■ NBT रिपोर्ट, नागपुर: विधायकों का आचरण कैसा हो, यह बताने के लिए महाराष्ट्र विधान मंडल ने 9 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। समिति विस्तार से अध्ययन के बाद अपनी रिपोर्ट विधान मंडल के सभापति राम शिंदे और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को सौंपेगी। जनता के बीच, सदन में, अधिकारियों के साथ तौर पर विधायकों का आचरण कैसा हो, यह सुझाने के लिए एक समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। समिति का अध्यक्ष बीजेपी के वरिष्ठ विधायक चैनसुख संचेती को बनाया गया है, जबकि विधानसभा के सदस्य सुनील प्रभु, सुधीर मुनगंटीवार, विजय कुमार, सुलभा देशमुख, दीपक केसरकर, दिलीप वलसे पाटील और अमीन पटेल के अलावा विधान परिषद के सदस्य अमरीश पटेल और रामराजे निंबालकर को सदस्य बनाया है। विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोर्हे ने सदस्यों की संख्या 11 करने की मांग की है। विधानसभा और विधान परिषद के एक- एक सदस्य और बढ़ाने की मांग की है। जिस पर सरकार निर्णय लेगी।


संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटील ने नागपुर के शीतकालीन सत्र में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संसद और विधानमंडल का विशेष महत्व है।



समिति रिपोर्ट विधान मंडल के सभापति और विधानसभा अध्यक्ष को सौंपेगी।

> " यह संयुक्त समिति सदस्यों के आचरण को लेकर अपनी सिफारिश करेगी और इसकी रिपोर्ट विधान परिषद के सभापति और विधानसभा के अध्यक्ष को सौंपेगी। समिति की रिपोर्ट आने के बाद इसे लागू किया जाएगा
> - राहुल नार्वेकर, अध्यक्ष, विधानसभा

# 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
प्रॉपर्टी से संबंधित क्षेत्रों में उत्तम लाभ मिलेगा। आपको अपने पिता के आशीर्वाद से शासन द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना रहेगी। आज आप जनता के प्रिय बनेंगे। सायंकाल के समय परिजनों के शारीरिक कष्ट होने से आपको कुछ देर परेशानी रहेगी। देर रात तक पुनः सब सामान्य हो जाएगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
राशि स्वामी सप्तम प्रमुख विशेष जन्म भाव में चल रहा है, नौवें क्षेत्रों में होने से शत्रुओं को बल मिलेगा। तुला राशि का चंद्रमा षष्ठम भाव में मंगल के घर का होकर आपके अंदर निर्भीकता का भाव संचार करेगा, इसलिए आज आप निर्भयता से अपने कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज आप इस बात का पूरा ध्यान रखें कि आपकी कोई बात सामने वाले को बुरी न लग जाए। औपचारिकता में बिल्कुल भी न उलझना, आपको जो कहना हो, जो चाहिए, बेझिझक कह देना। यदि आपका धन कहीं रुका हुआ है तो आज मिल सकता है। विवेक से लिए गए निर्णय लाभप्रद रहेंगे।

**CANCER** 22 Jun - 22 Jul
आज आपको अपने से छोटे परिजनों का सहयोग पाने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। अतः अपने स्वभाव के प्रति सचेत रहें, कड़ी मेहनत से ही अपने कार्यों में सफल हो सकेंगे। भौतिक सुख साधनों पर खर्च अधिक होगा। शत्रु अपने षड्यंत्रों में सफल नहीं हो पाएंगे। खुश मिजाज व्यक्ति होने के कारण दूसरे लोग आपसे संबंध बनाने की चाहत रखेंगे।

**LEO** 23 Jul - 22 Aug
आज आपके अंदर परोपकार की भावना बढ़ने लगेगी। आपका अधिक समय धार्मिक अनुष्ठानों में व्यतीत होगा। आत्मविश्वास के बल पर किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। पुराने रुके हुए कार्य थोड़ा खर्च करने से बन सकते हैं। नई योजनाओं पर आज काम शुरू हो जाएगा।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। यदि पिछले दिनों से शरीर में कोई कष्ट चला आ रहा है तो उसमें सुधार होगा। संतान से शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलने की संभावना बनी रहेगी। वाणी पर संयम रखें, आप अपनी कार्यकुशलता से सर्वत्र विजय, विभूति, सफलता प्राप्त करेंगे।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
यदि आप विद्यार्थी हैं तो आपकी शैक्षणिक दिशा में परिवर्तन होगा। शिक्षा की ओर आपकी रुचि बढ़ेगी। नए कार्य सीखने में सफल होंगे। आप अपनी बातों को सत्य साबित करने में सफल रहेंगे। माता-पिता, गुरु के प्रति निष्ठा, भक्तिभाव प्रतिष्ठा वृद्धि में सहायक होगा। सायंकाल में कोई प्रिय वस्तु के चोरी होने का भय है। सावधान रहें।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज आमदनी में ज्यादा खर्च की स्थिति रहेगी। संतान के द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यों से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। सायंकाल से रात्रि तक प्रिय अतिथियों के दर्शन से मन प्रफुल्लित रहेगा। रात्रि में मौज-मस्ती में समय व्यतीत होगा।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
राशि स्वामी देवगुरु बृहस्पति अष्टम भाव में कर्क पर भ्रमण पर हैं। ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। बृहस्पति शासन का प्रतिनिधि है, इसलिए शासन द्वारा आपको सम्मानित किए जाने की प्रबल संभावना है। सायंकाल धार्मिक अनुष्ठानों पर समय व्यतीत होगा।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज आपको पूर्वजों से धन मिलने की संभावना है। आज किसी रचनात्मक कार्य में आपकी रुचि बढ़ सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें, उस पर उल्टा ही असर होगा। रात्रि के समय पुण्य कार्य में लगेंगे, जिससे आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। हो सके तो आज किसी को उधार न दें।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आमदनी की बढ़ोतरी के लिए किए गए प्रयास शत-प्रतिशत सफल रहेंगे। श्रेष्ठ मार्गों द्वारा प्राप्त धन से कोष वृद्धि होगी। भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार मिलेगा। आज आपको हर क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान-सम्मान मिलेगा। आपको जीवनसाथी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में कुछ शत्रु चुगली करेंगे, जिससे सायंकाल के समय परेशानी हो सकती है। आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति वक्री चल रहा है। अतः अपने गुरु के प्रति निष्ठा व भक्तिभाव पूर्ण रखें।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष के स्वामी सूर्य शुक्र बने हैं। वर्ष रजत पाद से प्रवेश हुआ है। दिसंबर शेष से जनवरी 2026 तक आय के नए स्रोत सामने आएंगे। विरोधी पक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित होने से हर्ष होगा। फरवरी महीने की शुरुआत से लेकर मार्च महीने के अंत तक में व्यापार में ज्यादा धन लगाना लाभप्रद रहेगा। इस दौरान आपका जीवन स्तर भी ऊंचा उठेगा। व्यावसायिक तथा सामाजिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। अप्रैल महीने से लेकर मई के महीने के अंत तक में गणमान्य व्यक्ति आपकी प्रशंसा करेंगे। पारिवारिक समस्या का समाधान निकल आएगा। जून से जुलाई में पास व निकट की सार्थक तीर्थ यात्रा का योग बन रहा है। अगस्त से सितंबर में अत्यधिक सक्रियता से आपके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अपनी सेहत का ध्यान रखें। अक्टूबर से नवंबर में किसी मंगल कार्य की योजना बनेगी। घर में सुख-शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं। विशेष अच्छे परिणाम के लिए पांच पीले फूल व दो केले प्रातः स्नान के उपरांत केले के पेड़ की जड़ में रख दें। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

## कल का पंचांग
(बुधवार, 17 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति मार्गशीर्ष 26, शक संवत 1947, पौष, कृष्ण, त्रयोदशी, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 3, जमादि उलआखिर 25, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 17 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य दक्षिणायन, दक्षिण गोल, हेमंत ऋतु। राहुकाल दोपहर 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। त्रयोदशी तिथि अर्धरात्रोत्तर 2 बजकर 33 मिनट तक उपरांत चतुर्दशी तिथि का आरंभ। विशाखा नक्षत्र सायं 5 बजकर 11 मिनट तक उपरांत विशाखा नक्षत्र का आरंभ। सुकर्मा योग अपराह्न 2 बजकर 16 मिनट तक उपरांत धृतिमान योग का आरंभ। गर करण मध्याह्न 1 बजकर 16 मिनट तक उपरांत विष्टि करण का आरंभ। चंद्रमा दिन के 10 बजकर 26 मिनट तक तुला। आज के व्रत त्योहार - धनु संक्रांति, पुण्यकाल मध्याह्न तक।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 3 | | 1 | 9 |
| 7 | | | | 6 | 2 | | | 3 |
| | 8 | | 9 | 7 | | | | |
| | 6 | | | | | | | 5 |
| | 1 | 9 | | | | 8 | 4 | |
| 2 | | | | | | | 7 | |
| | | | | 2 | 4 | | 3 | |
| 8 | | | 5 | 1 | | | | 4 |
| 1 | 2 | | 3 | 9 | | | | |

## TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बड़ुध बुड़बक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 11:30 अलादीन | 19:30 रुद्र के रक्षक |
| 12:00 महाभारी अजेय कृष्णा | 21:00 चीख |
| 13:30 भ से भाई | |

# गोवंडी की हवा खराब, 200 पार पहुंचा AQI

## प्रदूषण में इजाफे के लिए बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी है जिम्मेदार

Neeraj.tiwari/Suraj.Pandey
@timesofindia.com



Shailesh Jadhav

■ मुंबई: मुंबई के कई इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर असंतोषजनक है, वहीं गोवंडी एकमात्र क्षेत्र है जहां वायु की गुणवत्ता पिछले 3 दिनों से खराब है। गोवंडी में वायु गुणवत्ता का स्तर 200 एक्यूआई के पार चला गया है। बीएमसी के अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र में स्थित बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी ही प्रदूषण में इजाफा करने का एक प्रमुख कारण है। बीएमसी भले ही मुंबई में वायु गुणवत्ता में सुधार के दावे कर रही है, लेकिन अब भी कई इलाकों में वायु गुणवत्ता का स्तर असंतोषजनक है। वायु प्रदूषण पर मॉनिटरिंग करनेवाले सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एप समीर की रीडिंग के अनुसार, सोमवार को मुंबई की औसत वायु गुणवत्ता 124 एक्यूआई दर्ज की गई। बता दें कि पिछले 3 दिनों से गोवंडी का AQI 200 से 230 के बीच बना हुआ है। गोवंडी इलाके में लगातार खराब होती जा रही हवा के पीछे बायो-वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट को बड़ी वजह माना जा रहा है। BMC के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गोवंडी में स्थित एसएमएस एनवोक्लीन कंपनी बड़े पैमाने पर बायो-वेस्ट का ट्रीटमेंट करती है। इस प्रक्रिया के दौरान धुआं उठता है, जिसका सीधा असर इलाके की एयर क्वालिटी पर पड़ रहा है।

### मुंबई से बाहर शिफ्ट किया जाना है प्लांट

वर्ष 2023 में बॉम्बे हाई कोर्ट ने गोवंडी स्थित इस बायो-वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट को मुंबई से बाहर शिफ्ट करने के आदेश दिए थे। हाई कोर्ट के निर्देशानुसार, कंपनी को सितंबर 2025 तक मुंबई के बाहर अंबरनाथ में नया प्लांट स्थापित करना था। हालांकि, कंपनी तय समयसीमा में काम पूरा नहीं कर पाई। इसके बाद अक्टूबर 2025 में SMS एनवोक्लीन ने बॉम्बे हाई कोर्ट से और समय देने की मांग की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने माना कि बायो-वेस्ट मैनेजमेंट से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने में पर्याप्त समय लगता है। कंपनी की दलील स्वीकार करते हुए हाई कोर्ट ने उसे नया प्लांट तैयार करने के लिए अतिरिक्त 21 महीने का समय और दिया है।

### यहां की हवा है ठीक

मुंबई के 5 इलाकों की वायु गुणवत्ता 100 एक्यूआई से कम है, जिसे स्वास्थ्य के लिए ठीक माना जाता है। दोपहर 4.30 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक बोरीवली और सायन में सबसे अच्छी वायु गुणवत्ता 38 एक्यूआई दर्ज की गई, उसके बाद मलाड में 78 एक्यूआई, भांडुप में 82, मझगांव में 84, बोरीवली में 99 और वर्ली में 100 एक्यूआई दर्ज की गई।

# एक साल की बच्ची ने बॉम्बे हाई कोर्ट से लगाई प्रदूषण रोकने की गुहार

Krishna.Shukla
@Timesofindia.com

- आवेदन में कहा कि वायु प्रदूषण का विकसित हो रहे फेफड़ों पर पड़ रहा असर, सांस लेने में हो रही परेशानी
- खांसी और एलर्जी की बढ़ रही तकलीफ

■ मुंबई: मुंबई में जारी प्रदूषण के बीच एक साल की बच्ची ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अनियंत्रित निर्माण कार्य और सड़कों की खुदाई के कारण बच्ची जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। कच्ची उम्र में प्रदूषण का असर उसके विकसित होते अंगों पर पड़ रहा है। हवा में मौजूद धूल के कण उसके हार्ट और फेफड़ों को प्रभावित कर रहे हैं। पेशे से सीए मां के जरिए आवेदन में बच्ची ने कहा है कि सार्वजनिक प्राधिकरणों को प्रदूषण पर काबू पाने के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया जाए। कोर्ट ने प्रदूषण के मुद्दे का स्वतः संज्ञान लिया है। सोमवार को जब इस मुद्दे से जुड़ी याचिका सुनवाई के लिए आई तो सीनियर ऐडवोकेट सिम्मिल पुरोहित ने बच्ची के आवेदन का उल्लेख किया। कोर्ट ने एक हफ्ते बाद याचिका पर सुनवाई रखी है।

चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और गौतम अनखड़ की बेंच के सामने ऐडवोकेट पुरोहित ने बच्ची की पीड़ा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि शहर में बढ़ते प्रदूषण के स्तर ने बच्चों को काफी प्रभावित किया है। आवेदन में कहा गया है कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सिटिजन की अच्छी सेहत सुनिश्चित करे। सार्वजनिक निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदारों की जवाबदेही तय की जाए। सार्वजनिक सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर जुर्माना लगाकर जेल भेजा जाए। बच्चों को प्रदूषण से बचाने के संबंध में कोई गाइडलाइन नहीं है, इसलिए सरकार को इस संबंध में जरूरी कदम उठाने के लिए कहा जाए।

**बीएमसी ने कलेक्ट की 67 टन धूल:** बीएमसी ने कोर्ट में हलफनामा दायर कर बताया कि बीएमसी ने 38 लाख लीटर पानी का इस्तेमाल सड़क की सफाई के लिए किया है। वहीं 67.56 टन डस्ट कलेक्ट की है। यह कदम नवंबर से 8 दिसंबर 2025 के बीच उठाए गए हैं।

## फटाफट खबरें

### खुदकुशी की कोशिश

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: विरार निवासी प्रकाश सावंत (50) ने सोमवार दोपहर बॉम्बे हाई कोर्ट के सामने आग लगाकर खुदकुशी की कोशिश की। पुलिसकर्मियों उन्हें जीटी अस्पताल ले गए। सावंत 50 से 60% झुलस गए हैं। जांच में सामने आया है कि जमीन अधिग्रहण के बदले मुआवजा न मिलने के चलते सावंत ने यह कदम उठाया।

### गर्जे की कस्टडी SIT को

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई पुलिस की SIT ने सोमवार को महाराष्ट्र की मंत्री पंकजा मुंडे के पीए अनंत गर्जे को तीन दिन की कस्टडी में लिया। गर्जे को उनकी डॉक्टर पत्नी गौरी पालवे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### 5 नई लोकल शुरू

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: सोमवार से बेलापुर/नेरुल-उरण रेल सेक्शन पर 5 अतिरिक्त जोड़ी लोकल ट्रेनें चलाई गईं। इसके साथ ही उरण लाइन पर दो स्टेशन टावर और भवन भी यात्रियों के लिए खोल दिए जाएंगे। इस विस्तार से लोकल सेवाओं की संख्या 50 हो गई है।

### निकाला बड़ा प्रोस्टेट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: रोबोटिक सर्जरी से 70 वर्षीय मरीज का 550 ग्राम का सौम्य प्रोस्टेट निकाला गया। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल के डॉ. संजय पांडेय ने बिना बड़े चीरे की यह सर्जरी की।

# 8 साल 11 महीने बाद किए जा रहे हैं बीएमसी के इलेक्शन

## महानगरपालिका का पिछला चुनाव 21 फरवरी 2017 को हुआ था

Brijesh.Tripathi@timesofindia.com

AI Image

### मुंबई में इस तरह घटे-बढ़े मतदाता



- वर्ष 2012- 1 करोड़, 2 लाख, 86 हजार, 579
- वर्ष 2017- 91 लाख, 80 हजार, 497
- वर्ष 2025- 1 करोड़, 3 लाख, 44 हजार, 315

■ मुंबई : देश की सबसे समृद्धशाली मुंबई महानगरपालिका का चुनाव 15 जनवरी, 2026 को होगा। पिछला बीएमसी चुनाव 21 फरवरी, 2017 को हुआ था और चुनाव परिणाम 23 फरवरी 2017 को घोषित हुए थे। यानी 8 साल 11 महीने बाद अब बीएमसी के चुनाव होने जा रहे हैं। 2017 में चुने गए नगर सेवकों का कार्यकाल 7 मार्च, 2022 को समाप्त हो गया था। लेकिन चुनाव न होने के कारण बीएमसी का कार्यभार बीएमसी कमिश्नर प्रशासक के रूप में देख रहे हैं। कोरोना संकट के दौरान प्रवीण परदेशी की जगह आईएस चहल ने 8 मई, 2020 को बीएमसी कमिश्नर की जिम्मेदारी संभाली थी। चहल 8 मार्च 2022 में बीएमसी में प्रशासक बने थे। चहल के ट्रांसफर के बाद 20 मार्च 2024 से बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी प्रशासक की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

**भूमिपूजन और उद्घाटन पर रोक :** बीएमसी चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव संपन्न होने तक कोई नया भूमिपूजन और उद्घाटन नहीं हो सकता है। बीएमसी के उपायुक्त विश्वास शंकरवार ने बताया कि इस दौरान कोई भी कार्य करने से पहले चुनाव आयोग से अनुमति लेनी होगी। जिसका वर्क ऑर्डर जारी है, उसका काम जारी रह सकता है। नया वर्क ऑर्डर या टेंडर जारी नहीं हो सकते हैं। शंकरवार ने बताया कि इमरजेंसी सेवाओं को नहीं रोका जा सकता है। जैसे हॉस्पिटल में दवाई या अन्य उपकरण की खरीदी या आपूर्ति। चुनाव आयोग से मंजूरी लेकर इसकी आपूर्ति की जा सकती है। बीएमसी की अडिशनल कमिश्नर अश्विनी जोशी मंगलवार को फायर ब्रिगेड में फायर सेफ्टी एजुकेशन वैन शामिल करेंगी, लेकिन यह आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में नहीं आएगा। क्योंकि यह पहले से तय था और इसका उपयोग जनजागृति के लिए किया जाएगा।

### नेताओं ने शुरू किए दावे

चुनाव आयोग ने सोमवार को बीएमसी चुनाव की घोषणा की। चुनाव की घोषणा होते ही राजनीतिक पार्टियों में बयानबाजी शुरू हो गई है। चुनावों की घोषणा होते ही उद्धव सेना और बीजेपी ने मेयर पद पर दावे करने शुरू कर दिए हैं। उद्धव गुट ने कहा कि मुंबई में हम फिर से सत्ता में वापसी करेंगे। दूसरी ओर बीजेपी ने दावा किया है कि वह विकास के दम पर सत्ता में आएंगे।

> मुंबई की जनता इस बार उद्धव सेना को सबक सिखाएगी और उन्हें घर बैठाने का काम करेगी। पिछले 25 सालों के भ्रष्टाचार का हिसाब उन्हें देना होगा। -अमित साटम, मुंबई बीजेपी अध्यक्ष

> चुनाव आयोग ने भले चुनाव तारीखों की घोषणा की हो, लेकिन मतदाता सूचियों, डुप्लीकेट मतदाताओं और वॉर्ड रचना को लेकर हमने सबूतों के साथ आपत्तियां जताई थीं। आयोग ने इस पर कार्रवाई नहीं की। -हर्षवर्धन सपकाल, महाराष्ट्र कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

> इस बार भी हम सत्ता में आएंगे। मुंबईकरों ने देखा है कि किसने कितना काम किया है। वोटर लिस्ट में गड़बड़ी, डबल वोटर और मरे हुए वोटर लिस्ट में है और चुनाव आयोग चुप है। -किशोरी पेडणेकर, नेता उद्धव सेना

# चुनाव की हड़बड़ी में BMC ने अधूरे अस्पताल का किया उद्घाटन

## अस्पताल में केवल ओपीडी की सुविधा उपलब्ध

Pankaj.Pandey@timesofindia.com



- वॉर्ड तैयार नहीं होने से मरीजों की नहीं हो रही भर्ती
- मुलुंड के एमटी अग्रवाल अस्पताल का मामलानिरीक्षण

■ मुंबई : चुनाव के करीब आते ही प्रशासन किस तरह की तेजी से काम करता है, इसका एक उदाहरण सोमवार को मुलुंड के एमटी अग्रवाल अस्पताल में देखने को मिला। रविवार को सार्वजनिक अवकाश के बावजूद बीएमसी अधिकारियों ने मुलुंड के एमटी अग्रवाल अस्पताल का उद्घाटन कर दिया। छुट्टी के दिन काम करना अच्छी बात है, लेकिन चुनाव की हड़बड़ी में अस्पताल को मरीजों के लिए पूरी तरह से तैयार हुए बगैर उद्घाटन करना अच्छी बात नहीं है। उद्घाटन के बाद सोमवार को अस्पताल के द्वार मरीजों के लिए खोल दिए गए। पहले दिन करीब 745 मरीज ओपीडी में पहुंचे। लेकिन इस आलीशान अस्पताल के वॉर्ड तैयार न होने से सोमवार को किसी भी मरीज को भर्ती नहीं किया गया।

अस्पताल के पहले वर्किंग डे का हाल जानने एनबीटी टीम एमटी अग्रवाल पहुंची। अस्पताल के अलग-अलग काउंटर पर मरीजों की कतारें नजर आईं। पर्ची काउंटर पर पता करने पर वहां मौजूद कर्मचारी ने बताया कि पहले दिन 745 मरीज अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे थे, लेकिन किसी भी मरीज का ऐडमिशन नहीं हुआ है। वहीं जांच के दौरान कर्मचारी अस्पताल में लगे एस्कलेटर का काम करते नजर आए। कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी राकेश शेट्टी ने बीएमसी पर आधे-अधूरे अस्पताल का उद्घाटन करने का आरोप लगाया है। शेट्टी के अनुसार, चुनाव की हड़बड़ी में अधिकारियों ने नेताओं को खुश करने के लिए जल्दबाजी में उद्घाटन कर दिया है, जबकि सच्चाई है कि अस्पताल में मरीजों के उपचार के लिए पर्याप्त डॉक्टर तक मौजूद नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों को पता था कि सोमवार को राज्य में बीएमसी चुनाव को लेकर आचार संहिता के प्रतिबंध लागू हो सकती है। इस वजह से नेताओं के दबाव में अस्पताल के पूरी तरह से तैयार हुए बगैर जल्दबाजी में अस्पताल का उद्घाटन कर दिया गया।

### अस्पताल में मरीजों के लिए बनाया एस्केलेटर

मुलुंड, भांडुप, कांजुरमार्ग और आसपास के परिसर के नागरिकों को उपचार उपलब्ध कराने के लिए निजी अस्पताल की तरह आलीशान अस्पताल तैयार किया है। अस्पताल में बड़ी लॉबी के साथ ही मरीजों की सुविधा के लिए एस्कलेटर की भी व्यवस्था की गई है। अस्पताल में मरीजों के लिए 470 बेड होंगे। बीएमसी ने अलग अलग फेज में अस्पताल में सेवा शुरू करने की योजना बनाई है। पहले चरण में 110 बेड के साथ चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, अस्थि रोग, ईएनटी, नेत्र, बालरोग, त्वचा रोग और पैथोलॉजी जैसी आवश्यक सेवाएं करने की घोषणा की गई थी।

# खतरनाक बिल्डिंग के रीडिवेलपमेंट में देरी नहीं की जा सकती: HC

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि बिल्डिंग स्ट्रक्चर की खतरनाक स्थिति को देखते हुए रीडिवेलपमेंट में देरी नहीं की जा सकती है। कोर्ट ने यह टिप्पणी मटुंगा कपोल को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी की बिल्डिंग के संदर्भ में की है। सोसायटी की चार विंगों की इमारतों को 'सी वन' (जर्जर बिल्डिंग) श्रेणी में वर्गीकृत किया गया था। इन इमारतों के रीडिवेलपमेंट की जरूरत है, जिसे लेकर सोसायटी ने कोर्ट में याचिका दायर की थी, क्योंकि संबंधित रजिस्ट्रार ने दो करोड़ रुपये के स्टांप शुल्क के भुगतान के बावजूद एग्रीमेंट को रजिस्टर्ड करने से इंकार कर दिया था।

इस पर जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस आरती साठे की बेंच ने कहा कि चूंकि बिल्डिंग को पहले ही सी वन श्रेणी में वर्गीकृत किया जा चुका है, इसलिए रीडिवेलपमेंट की दिशा में आगे कदम उठाना जरूरी है। यह सभी सदस्यों के हित में है। यदि यह सही है कि अधिकांश सदस्यों के बीच सहमति है, तो उप रजिस्ट्रार कानून के हिसाब काम करें। साथ ही संबंधित अधिकारी एग्रीमेंट के रूप में पेश किए गए दस्तावेज पंजीकृत करें। एग्रीमेंट को लेकर सदस्यों की आपत्तियों के लिए कानूनी रास्ता खुला रहेगा। बेंच ने कहा कि यदि सोसायटी द्वारा कानून के हिसाब से उचित रीडिवेलपमेंट प्रस्ताव को अंतिम रूप दे दिया जाता है, तो सोसायटी म्हाडा से संपर्क करें। यदि सोसायटी द्वारा सभी नियमों का पालन किया जाता है, तो म्हाडा प्रस्ताव मिलने के 15 दिन के भीतर एनओसी जारी करें। चूंकि स्ट्रक्चर खतरनाक स्थिति में है, इसलिए रीडिवेलपमेंट में देरी नहीं की जा सकती है। कोर्ट ने सरकारी वकील को निर्देश दिया कि वह इस आदेश की जानकारी संबंधित सक्षम अधिकारियों तक पहुंचाए। इस प्रकार कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया।


# 11 साल बाद यूं लौटा वनराज

■ पेज 1 से आगे : 11 साल बाद 12 दिसंबर को मुंबई के एलटी मार्ग निवासी सोशल वर्कर रविंद्र जैन ने एस.का.पाटिल गार्डन में कुछ संदिग्ध लोगों को देख विडियो बनाया और यूट्यूब चैनल पर डाल दिया। इसमें एक शख्स धार्मिक टोपी पहने था। डीसीपी मोहित गर्ग ने सीनियर इंस्पेक्टर नितिन तडाखे को जांच के निर्देश दिए। 13 दिसंबर शाम 4 बजे पुलिस के एटीसी सेल ने उसे हिरासत में लिया। पता चला कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है। कुछ बताने की स्थिति में नहीं है। उसकी जेब से आधार कार्ड मिला जिस पर असरवास का पता और फोन नंबर था। यह नंबर पूर्व विधायक गुलाब सिंह राजपूत का था। फोन किया गया। 11 साल से ठहरी कहानी फिर जिंदा हो उठी। गुलाब सिंह ने भुलेश्वर में परिचित ईश्वर सिंह को भेजा तो पता चला कि यह वनराज ही है। परसों वह गुजरात लौटा तो मां-बाप का कलेजा भर आया। जिसने भी यह मंजर देखा, आंखें गीली कर बैठा। पिता ने कहा, "हमने उम्मीद छोड़ दी थी। उसका इलाज कराएंगे, खेती में लगाएंगे। मन नहीं लगा तो काम दिलाएंगे। चाहेगा तो शादी भी करवा देंगे।"

**क्या हुआ 11 सालों में :** वनराज ने पिता को ज्यादा कुछ नहीं बताया। इतना पता चला कि इतने साल वह पार्क के पास झुग्गी में रहा। किसी होटल के सामने सुबह-शाम चला जाता और खाने को कुछ मिल जाता। कभी कोई काम करवाकर बदले में पैसे दे देता तो नहाने-धोने के लिए शौचालय का इस्तेमाल कर लेता। गुजराती बोलना जानता था, इसलिए किसी ने भुलेश्वर में पहुंचा दिया जहां कोई न कोई उसकी मदद कर देता।

# नासिक कुंभमेला: आज से शुरू हो रही पौरोहित्य ट्रेनिंग

AI Image



- 21 दिन तक चलेगा पूजाविधि व पौरोहित्य प्रशिक्षण कार्यक्रम
- कौशल्य विकास विभाग की पहल, 1 माह में 45 घंटे का कोर्स

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: नासिक कुंभमेले की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आज यानी 16 दिसंबर से पूजाविधि एवं पौरोहित्य प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है। राज्य कौशल्य विकास विभाग की पहल पर 21 दिनों का यह आयोजन महाराष्ट्र में लागू हो रही महत्वाकांक्षी योजनाओं का हिस्सा है।

राज्य के कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा के अनुसार वर्ष 2027 में नासिक में होने वाले सिंहस्थ कुंभमेले की तैयारी के तहत, पूजाविधि एवं पौरोहित्य क्षेत्र के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने वाले शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू किए जाएंगे। इसके तहत 16 दिसंबर से श्रीस्वामी अखंडानंद वेद वेदांग संस्कृत महाविद्यालय, नासिक में उक्त कार्यशाला आयोजित है। कुंभमेले के दौरान बड़ी संख्या में आवश्यक पूजाविधि, पौरोहित्य सेवाओं एवं धार्मिक विधियों के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराना, इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य रहेगा।

उन्होंने बताया कि 21 दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में कुंभमेले का शास्त्रीय एवं वैज्ञानिक महत्व, सिंहस्थ पूजन विधि, तीर्थक्षेत्रों में तप-जप एवं स्नान विधि, शांति सूक्त पाठ, प्रायश्चित्त संकल्प, सकाम एवं निष्काम संकल्प, वेदोक्त एवं पुराणोक्त पूजन पद्धति, गोदावरी पूजन, दशविधि स्नान, विष्णु पूजन, गोदान तथा तर्पण विधि जैसे विषय शामिल हैं। इसके जरिए प्रतिभागियों को शास्त्रोक्त ज्ञान के साथ-साथ प्रत्यक्ष विधियों का प्रायोगिक अनुभव भी प्राप्त होगा।

यह अल्पकालीन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार विभाग तथा कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम एक माह का होगा तथा कुल 45 घंटे का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। चार चरणों में विभाजित इस पाठ्यक्रम में प्रत्येक चरण के लिए 25 अंक निर्धारित किए जाएंगे। साप्ताहिक मौखिक परीक्षा एवं बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। परीक्षा में प्राप्त अंकों और उपस्थिति के आधार पर सफल अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

# जांच में सुस्ती के लिए HC की पुलिस को फटकार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुलिस को कानूनी प्रावधानों की अनदेखी और जांच में सुस्ती के लिए फटकार लगाई है। साथ ही केंद्र सरकार से सवाल किए हैं। कोर्ट ने कहा कि कानून में प्रारंभिक जांच पूरी करने के लिए 14 दिन का प्रावधान है। बावजूद इसके पुलिस जांच महीनों तक जारी रहती है। कोर्ट ने यह टिप्पणी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान की है। याचिका में काशिमीरा पुलिस स्टेशन को एक शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। पुलिस को यह शिकायत अक्टूबर 2025 में दी गई थी। पुलिस ने याचिका के जवाब में हलफनामा दायर कर कहा था कि अब भी शिकायत की जांच जारी है।

> कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा, बीएनएसएस के प्रावधान सभी पर लागू होते हैं या नहीं

इस पर बेंच ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 173 1(1) के आधार पर आगे की कार्रवाई का प्रथम दृष्टया मामला बनता है कि नहीं। यह पता लगाने के लिए 14 दिन का समय दिया गया है। मगर ऐसा लगता है कि पुलिस के मन में इस प्रावधान के प्रति सम्मान नहीं है। ऐसे कई मामले अदालत में आए हैं, जिनमें प्रारंभिक जांच में पुलिस ने ढिलाई बरती है। बेंच ने अब इस मामले में केंद्र सरकार से पूछा है कि बीएनएसएस के प्रावधान सभी पर लागू होते हैं कि नहीं। 19 दिसंबर को याचिका पर अगली सुनवाई रखी गई है।

# पुलिसकर्मियों पर हमला, 5 गिरफ्तार

- दो पक्षों में विवाद को सुलझाने गई पुलिस टीम पर हमला
- सरकारी वाहनों पर पत्थर फेंके गए, विडियो हुआ वायरल

■ NBT रिपोर्ट, कांदिवली: कांदिवली (पश्चिम) स्थित लालजीपाडा दीपक पार्किंग क्षेत्र में दो गुटों के बीच हुए विवाद में कांदिवली पुलिस ने पांच लोगों को अरेस्ट किया है। पुलिस के अनुसार, रविवार की रात 8:45 से 9:15 बजे के बीच पुलिस को दो गुटों में झगड़ा होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों गुटों के कुछ लोगों को जब पुलिस वैन में बिठाकर थाने ले जाने का प्रयास कर रही थी, तभी लोग आक्रोशित हो गए और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। शिकायतकर्ता सागर बाबर के मुताबिक, आरोपी पप्पू झा ने घटना का विरोध करते हुए पुलिस दल के साथ धक्का-मुक्की और हाथापाई की।



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP4 User: cci Time: 12-15-2025 23:09 Color:



स्टेट अपडेट

## लापरवाही में शहरी विकास विभाग आगे: कैग रिपोर्ट


■ पेज 1 से आगे



कैग रिपोर्ट के अनुसार, उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा नहीं करने वाले प्रमुख विभागों में शहरी विकास विभाग 11,040 करोड़ रुपये के साथ सबसे आगे रहा, उसके बाद योजना विभाग 5,605 करोड़ रुपये, जल संसाधन विभाग 3,602 करोड़ रुपये, हाउसिंग विभाग 2,839 करोड़ रुपये और सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभाग 2,640 करोड़ रुपये का स्थान रहा। 'ऑडिट' में मार्च 2025 में किए गए अत्यधिक व्यय को भी उजागर किया गया, जो बॉम्बे वित्तीय नियमों का उल्लंघन है। ये नियम वित्तीय वर्ष के अंत में एक साथ कई व्यय करने की अनुमति नहीं देते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अकेले मार्च के महीने में ही 18 विभागों ने 100 करोड़ रुपये से अधिक का व्यय किया, जो उनके कुल वार्षिक व्यय का 25 प्रतिशत से अधिक है।

## कोचिंग सेंटर में सहपाठी को मारा चाकू, पुलिस जांच शुरू

■ पेज 1 से आगे



भाषा, पुणे : खेड़ पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि कहा, 'कोचिंग सेंटर के एक क्लासरूम में चाकू लिए एक लड़के ने अचानक अपने सहपाठी पर सोमवार सुबह हमला कर दिया। घायल लड़के को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसने दम तोड़ दिया। आरोपी लड़के को हिरासत में लेने की प्रक्रिया जारी है।' अधिकारी के अनुसार, यह घटना राजगुरुनगर के एक निजी कोचिंग सेंटर में घटी। ऐसा माना जा रहा है कि यह हमला कक्षा 10 में पढ़ने वाले दोनों लड़कों के बीच पहले हुए विवाद के कारण किया गया।

## BMC इलेक्शन हार जाएगी उद्धव की पार्टी: शिरसाट

■ भाषा, छत्रपति संभाजीनगर : महाराष्ट्र के मंत्री संजय शिरसाट ने सोमवार को कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (UBT) आगामी मुंबई नगर निगम चुनाव हार जाएगी, क्योंकि पार्टी के पास अब कोई कार्यकर्ता नहीं बचा है और जनता से उसका कोई जुड़ाव नहीं है। उद्धव ठाकरे हर किसी से अहंकार से पेश आते हैं। शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता शिरसाट ने यह भी स्वीकार किया कि सत्तारूढ़ महायुति में स्थानीय निकाय चुनाव के लिए टिकटों की मांग अधिक है और असंतुष्ट नेताओं के 'पाला बदलने' की आशंका है। शिंदे के फिर से सीएम बनने के सवाल पर शिरसाट ने कहा, 'भविष्य में इन मुद्दों पर कोई भी फैसला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महायुति द्वारा लिया जाएगा।'


# भारत का सबसे बड़ा सेंट्रल पार्क, महालक्ष्मी को मिलेगी नई पहचान

## मुंबई में बनेगा 10 लाख वर्ग फीट का भूमिगत स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

राज्य चुनाव आयोग के चुनाव की घोषणा से पहले उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कई योजनाओं का ऐलान किया, जिस पर सवाल उठाए जा रहे हैं। सोमवार को शिंदे ने बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी और आर्किटेक्ट हाफिज कॉन्ट्रैक्टर ने योजना पर प्रेजेंटेशन दिया। शिंदे ने कहा कि महालक्ष्मी रेसकोर्स और कोस्टल रोड की खाली जमीन को मिलाकर कुल 295 एकड़ क्षेत्र में विश्वस्तरीय सेंट्रल पार्क विकसित करने का फैसला किया गया है। सेंट्रल पार्क के निर्माण पर 700 से 750 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है। सेंट्रल पार्क को भूमिगत मार्ग के माध्यम से सीधे कोस्टल रोड से जोड़ा जाएगा।

शिंदे ने कहा कि रेसकोर्स और उसके ऐतिहासिक विरासत को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाई जाएगी। महालक्ष्मी रेसकोर्स की 125 एकड़ भूमि पर विश्व स्तरीय सेंट्रल पार्क विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही कोस्टल रोड की 170 एकड़ जमीन को मिलाकर कुल 295 एकड़ में सेंट्रल पार्क बनाया जाएगा। सेंट्रल पार्क के नीचे 10 लाख वर्ग फुट का विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनेगा।



ठाणे में बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का एम्यूजमेंट पार्क

उप मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि ठाणे खाड़ी के किनारे 50 एकड़ क्षेत्र में भारत का सबसे ऊंचा व्यूइंग टावर बनाया जाएगा। टावर की ऊंचाई 260 मीटर होगी। फ्रांस का एफिल टॉवर इससे बस थोड़ा ही ऊंचा है। शिंदे ने कहा कि कासारवडवली में कन्वेंशन सेंटर, कोलशेत में 25 एकड़ में टाउन पार्क, आगरी-कोली संग्रहालय, मत्स्यालय, विज्ञान केंद्र, अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्नो पार्क, एम्यूजमेंट पार्क, एडवेंचर पार्क, 12.5 एकड़ में बर्ड पार्क, 25 एकड़ में म्यूजिकल कॉन्सर्ट सेंटर और 50 एकड़ में अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकसित किया जाएगा।

### अगले दो साल में बिछेगा मेट्रो का जाल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : सोमवार को डीसीएम शिंदे ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई घोषणाएं कीं। विधानसभा में आगामी दो साल में मुंबई में और 132 किमी मार्ग पर मेट्रो सेवा शुरू करने की घोषणा की। शिंदे के अनुसार, राज्य में तेजी से मेट्रो और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किए जा रहे हैं। मौजूदा समय में मुंबई में रोजाना 9.50 लाख यात्री मेट्रो के 91 किमी के मार्ग से सफर कर रहे हैं। लोगों को ट्रैफिक से निजात दिलाने के लिए ऑरेंज गेट मरीन ड्राइव टनल प्रोजेक्ट, कोस्टल रोड, बांद्रा-वर्सोवा सी लिंक, वर्सोवा-दहिसर और दहिसर-भाईंदर कोस्टल रोड, उत्तन-विरार सी-लिंक प्रोजेक्ट मंजूर किए गए हैं। मेट्रो-4, मेट्रो-5, मेट्रो-6, मेट्रो-9 और मेट्रो 2 बी प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य अंतिम चरण के करीब है।

# आचार संहिता से पहले लगी उद्घाटनों की होड़

## कहीं ब्रिज, तो कहीं रोड कंक्रीटीकरण की शुरुआत



आईआर रोड के कंक्रीटीकरण कार्य का उद्घाटन करते विधायक अमीन पटेल।

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी चुनाव को ध्यान में रखते हुए सोमवार को मुंबई में अलग-अलग जगहों पर विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ और भूमिपूजन करने के लिए नेताओं में होड़ मच गई। तालाब, ब्रिज, दवाखाने समेत कई काम शुरू किए गए। मंत्री आशीष शेलार ने बांद्रा तालाब के पुनर्जीवन कार्यों की शुरुआत की। इसके अलावा शेलार ने घाटकोपर स्थित राजावाडी अस्पताल की नई इमारत का भूमिपूजन किया गया। नई इमारत ग्राउंड प्लस 10 मंजिला होगी। पहले चरण में तैयार होने वाली इमारत की क्षमता 600 बेड की होगी। इसमें सुपर स्पेशलिटी में कार्डियक विभाग भी शामिल होगा। इमारत को तैयार होने में 60 महीने लगेंगे।

**ओशिवरा ब्रिज का शुभारंभ:** गोरेगांव में एसवी रोड पर विधायक विद्या ठाकुर ने ओशिवरा ब्रिज का उद्घाटन किया। इस ब्रिज के खुल जाने से एसवी रोड पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से छुटकारा मिलेगा। इसके साथ गोरेगांव वेस्ट में 'आपला दवाखाना' का भी शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पूर्व नगरसेवक संदीप पटेल, दिलीप पटेल, राजू पेडणेकर, बीजेपी नेता जयप्रकाश ठाकुर समेत कई अन्य मौजूद थे।

**सड़क कॉन्क्रीटीकरण का शुभारंभ:** कांग्रेस विधायक अमीन पटेल ने मांडवी पोस्ट ऑफिस के पास आईआर रोड के कॉन्क्रीटीकरण कार्य का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि यह काम BMC के बजट से किया जा रहा है।

# कालीना कैंपस में सजेगा सिंधी संस्कृति का आधुनिक केंद्र

## मुंबई यूनिवर्सिटी और विवेकानंद एजुकेशन सोसायटी के बीच करार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : सिंधी भाषा, साहित्य, संस्कृति के स्टडी और रिसर्च को नई ऊंचाई देने के लिए मुंबई यूनिवर्सिटी ने विवेकानंद एजुकेशन सोसायटी (वीईएस) के साथ करार किया है। इसके तहत कालीना कैंपस के सिंधी भाषा विभाग का आधुनिकीकरण किया जाएगा, वहां अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एक विशेष केंद्र विकसित किया जाएगा।

एमयू और वीईएस के बीच हुए एमओयू को सिंधी भाषा के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में बड़ी पहल माना जा रहा है। इस केंद्र में आधुनिक कक्षाएं, लाइब्रेरी, डिजिटल रिसोर्स लैब, सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए अलग स्थान विकसित किया जाएगा। इससे स्टूडेंट्स और रिसर्चर को लाभ के साथ सिंधी भाषा और संस्कृति को वैश्विक मंच पर पहचान भी मिलेगी।






इस आयोजन में कुलपति रविंद्र कुलकर्णी, डॉ.अजय भामरे, रजिस्ट्रार डॉ.प्रसाद कारंडे, वीईएस के अध्यक्ष सुरेश मल्कानी, राजेशकुमार मेहानी, प्रकाश लुल्ला मौजूद थे।

कुलपति प्रो. रविंद्र कुलकर्णी ने कहा कि यह पहल केवल बुनियादी ढांचे का विस्तार नहीं, बल्कि भाषाई विविधता को संजोने की यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह केंद्र रिसर्च, टीचिंग और दस्तावेजीकरण के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान-विनिमय का सशक्त मंच बनेगा। डॉ.भामरे ने कहा कि यह केंद्र परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम होगा, जहां स्टूडेंट्स, रिसर्चर और कलाकार मिलकर सिंधी अध्ययन को नई ऊर्जा देंगे।

# शायर राजेश रेड्डी को 'सार्थक साहित्य सम्मान'




■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : प्रसिद्ध गजलकार राजेश रेड्डी को 'सार्थक साहित्य सम्मान- 2025' प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ कवि और 'नवनीत' के संपादक विश्वनाथ सचदेव थे। उनके हाथों ही गजलकार रेड्डी को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिह्न के साथ 25 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। शारदा ज्ञानपीठ इंटरनेशनल स्कूल, मालाड (पूर्व) के सभागार में आयोजित इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कन्हैया लाल सराफ और डॉ. करुणा शंकर उपाध्याय उपस्थित थे। संस्थान की ओर से अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ कवि हृदयेश मयंक ने किया। इस मौके पर डॉ. नरेंद्र जोशी, आनंद सिंह, एम. के. चौबे और गौड़ परिवार के सदस्य पूनम मधुकर गौड़, कमलेश गौड़, कविता शर्मा की विशेष मौजूदगी रही। सम्मान ग्रहण करने के बाद राजेश रेड्डी ने कुछ चुनिंदा गजलों का तरन्नुम में पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल गौड़ ने किया। कमलेश गौड़ ने अतिथियों का आभार प्रकट किया।

महानगर खेल

## गाइल्स शील्ड: अंकित म्हात्रे की डबल सेंचुरी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : अंडर 14 गाइल्स शील्ड इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में चेंबूर कर्नाटक हाई स्कूल (436) ने डिवाइन इंग्लिश स्कूल (74) को 362 रन से हराया। चेंबूर कर्नाटक के लिए बैटिंग में अंकित म्हात्रे ने 203 और प्रज्ञान पाटील ने 112 रन बनाए। एक अन्य मैच में सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, भांडुप (236/9) ने पोद्दार कैंब्रिज स्कूल, सांताक्रुज (235) को 1 विकेट से हराया। सेंट जेवियर्स के ऑलराउंडर श्रेय मोरे ने 33 रन बनाने के अलावा 49 रन देकर 5 विकेट लिए।

**दिव्यांगों के लिए टी-20 सीरीज आज से:** वानखेड़े स्टेडियम इंडिया और इंडिया 'ए' टीमों के बीच तीन मैचों की शारीरिक दिव्यांग टी-20 शृंखला की मेजबानी 16 से 18 दिसंबर तक करेगा। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) ने सोमवार को यह घोषणा की। तीन दिवसीय टी-20 शृंखला का उद्देश्य समावेशिता, जज्बा और खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शारीरिक दिव्यांगता क्रिकेट की बढ़ती प्रतिष्ठा को उजागर करना है।

## केबल वायर चोरी के आरोप में 5 अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, कांदिवली : कांदिवली स्थित चारकोप इलाके में रात के समय पुलिस थाना क्षेत्र में आधी रात को एमटीएनएल की केबल चोरी कर रहे एक संगठित गिरोह के 5 सदस्यों को मालाड पुलिस ने गिरफ्तार कर चारकोप पुलिस के हवाले कर दिया। गिरोह के 15 से 20 साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, रात करीब पौने दो बजे चारकोप रोड पर कैप्सूल कंपनी के सामने 20 से 25 लोग एमटीएनएल की केबल काटते हुए नजर आए। जैसे ही उन्हें पुलिस वाहन दिखा, वे लोग भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर पांच आरोपियों को धर दबोचा।


TIMES inter act

**बिजनेस**

**BUSINESS OFFERS**

**खुद** की दुनिया काम लेकर हर महिना आत्मनिर्भर 1.5 लाख से 2 लाख का पॅकेज पाए। हम आपका बिज़नेस स्थापित करेंगे। संपर्क - 7715051159/ 9920925129

**भर्ती**

**रिक्त पद**

**REQUIRED** 'Sr. Twin Screw Operator with Loss & Weight Feeder' at Hyderabad. Interested persons, please forward Resume on Whatsapp No. 91541 50560.

**ऑफिस-पार्सल** के लिए लड़का/लड़की चाहिए, माहीम वेस्ट, संपर्क- कॉल/ अर्ज Whatsapp करें. - 8879620466

**भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति**

**अकादमिक**

**शिक्षक**

**REQ** Computer Teacher, Eligibility 1+Year Exp. Qualification MCA / BCA. Candidates Must Apply at http://jobs.jvhs.in | 8097115599

**अन्य रिक्तियां**

**एकाधिक रिक्तियां**

**WALK-IN** Interview on 17th Dec for Electrician, Plumber, HVAC, Painter, Polisher, Mason, Grouter, Carpenter in Payroll of Ina TechFM Global solutions Pvt ltd Venue : ( 5 Star Hotel) , Near T2 Airport , T2-C06, C.T.S. No. 1405 Part, Mumbai - 400099. Landmark-Near to JW Marriott Hotel. Contact - 9152207365

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

**यात्रा**

**टूर्स ऐंड ट्रैवल्स**

**शीतकालीन** चारधाम यात्रा प्रवास, दिन 11 , 20 फेब्रुवारी 2026 ,रु 32000, अपना किचन साथ में संपर्क: आशीष भाई:: 9819004112

**सेवाएं**

**ज्योतिष**

**बिना** बताये जाने सभी समस्याओं का हल प्रेमविवाह, वशीकरण, गृह कलेश, ऊपरी बाधा का ग्यारंटेड समाधान लोग कहते हैं हम करके दिखाते. 9860724766 / 8839954766

**टेंडर और नोटिस**

**निविदाएं (टेंडर्स)**

इंडिया एक्ज़िम बैंक India Exim Bank

पूर्व अर्हता हेतु आमंत्रण

भारतीय निर्यात-आयात बैंक द्वारा पात्र भारतीय संस्थाओं से EPC कॉन्ट्रैक्टर की अर्हता के लिए बिड आमंत्रित है।

प्रयोजन: रवांडा में कृषि मशीनीकरण में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना संबंधी बकाया काम को पूरा करना।

विवरण: https://www.eximbankindia.in/lines-of-credit पर उपलब्ध है।

आगामी सभी परिशिष्ट/ शुद्धिपत्र बैंक की वेबसाइट पर सूचित किए जाएंगे।

**व्यक्तिगत**

**नाम परिवर्तन**

I, Pawar Jayshing Kisan Father of Pawar Amol Jaysing r/o Sarola Kasar, Ahmednagar, M.H-414005 have changed my name from Pawar Jayshing Kisan to Jaysing Kisan Pawar vide Aff. dt 15/12/2025 No 58AB558235 at Nashik

I, Sukhbiri Devi Mother of Jitendra Singh r/o Sonjhana Jhaya, Siana, Bulandshahr, U.P-245405 have changed my name from Sukhbiri Devi to Sukhveeri vide aff. dt 15/12/2025 No 58AB558233 at Nashik

I, Prameela Wife of JC-782455M Nb Sub Prakasa Rao Kanchari r/o Deerghasi, Srikakula, A.P-532429 have changed my name from Prameela to Kanchari Prameela vide aff. dt 15/12/2025 No 58AB558229 at Nashik

I, Shobha Mother of Pawar Amol Jaysing r/o Sarola Kasar, Ahmednagar, M.H-414005 have changed my name from Shobha to Shobhabai Jaysing Pawar vide Aff. dt 15/12/2025 No 58AB558236 at Nashik

THE TIMES OF INDIA

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.



**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एमईएस/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **वरिष्ठ डीईएन/सी/हावड़ा ई-निविदा संख्या: 222_2025-26, दिनांक: 12.12.2025। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय)/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल/अन्य मंडल में कहीं भी कार्यस्थल पर अभियंता के अनुरोध के अनुसार ट्रेलर के इस्तेमाल के लिए आवश्यक रेल, स्विच, क्रॉसिंग आदि जैसी सभी प्रकार की पी. वे सामग्रियों तथा ईआरसी, बोल्ट्स एवं नट्स, बेयरिंग प्लेट तथा अन्य पी.वे सामग्रियां भी तथा ट्रक के इस्तेमाल के लिए आवश्यक कन्वेयर बेल्ट्स, कटर, चेन्स, विच प्लेट, फिटर्स, वाल्व्स, सिलिंडर्स, बैटरीज़,पम्प्स, मोटर्स आदि जैसे ट्रैक मशीन कलपुर्जों का परिवहन सहित यांत्रिक लदायी, उतारना एवं इकट्ठा करना, अलग करना आदि सहित 30 मी. की दूरी के अंदर मल्टीपल ट्रैक्स की सभी लीड, उठाना, क्रॉसिंग। **अनुमानित लागत:** ₹ 5,03,77,737.25। **बयाना राशि:** ₹ 4,01,900। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** 09 महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 05.01.2026 को दोपहर 2.00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-458/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



भारत सरकार / अंतरिक्ष विभाग

एलपीएससी - वलियमला, निर्माण व अनुरक्षण प्रभाग

फोन.: 0471-256 7445, 7326 & 7577 e-mail: contracts_cmg@lpsc.gov.in

**ई-निविदा आमंत्रित करने की संक्षिप्त सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा द्वारा मद-दर निविदाएं आमंत्रित है।

1. ई-एनआईटी सं. एलपीएससी-वी/सीएमडी/सीएस/02/7092/सी/टीई-099/2025-26 दिनांक 12.12.2025 टी ओ एम डी, एल पी एस सी, वलियमला में फोर्क लिफ्ट पार्किंग एवं टावर कार्य स्टेशन के लिए ट्रसलेस छत शेड प्रदान करने का कार्य। (निविदा में दी गई अनुमानित लागत: ₹ 23.85 लाख)
2. ई-एनआईटी सं. एलपीएससी-वी/सीएमडी/सीएस/02/7124/सी/टीई-098/2025-26 दिनांक 12.12.2025 ई पी सी, एल पी एस सी, वलियमला के निर्वात कोष्ठ क्षेत्र में लघु सिविल कार्य। (निविदा में दी गई अनुमानित लागत: ₹ 7.50 लाख)
3. ई-एनआईटी सं. एलपीएससी-वी/सीएमडी/सीएस/03/7126/सी/टीई-097/2025-26 दिनांक 12.12.2025 एल पी एस सी, वलियमला के एम एम ई भवन में प्रसाधनों का पुनर्निर्माण कार्य। (निविदा में दी गई अनुमानित लागत: ₹ 9.57 लाख)
4. ई-एनआईटी सं. एलपीएससी-वी/सीएमडी/सीएस/02/7124/एसी/टीई-050/2025-26 दिनांक 12.12.2025 ई पी सी, एल पी एस सी, वलियमला में निर्वात कोष्ठ के संयोजक कक्ष में वातानुकूलन प्रदान करने का कार्य। (निविदा में दी गई अनुमानित लागत: ₹ 13.72 लाख)

**अनुरोध करने की अवधि : 16.12.2025, 17:30 बजे से 22.12.2025, 23:30 बजे तक**

इच्छुक निविदाकार पात्रता मानदंड एवं अन्य विवरण हेतु वेबसाइट https://www.isro.gov.in/Tenders.html, https://www.lpsc.gov.in/tender.html पर दिए गए विस्तृत द्विभाषी (हिंदी-अंग्रेजी) निविदा आमंत्रित करने हेतु सूचना (एन आई टी) का संदर्भ लें एवं वेबसाइट https://www.tenderwizard.com/isro पर निःशुल्क निविदा देखें।

एसडी/- प्रधान, सीएमडी/एलपीएससी (वी)



**Government of India**
**Ministry of Corporate Affairs**
**Office of the Regional Director, Western Region, Mumbai**
**ADVERTISEMENT**

Regional Director, Western Region I & II, Mumbai, Ministry of Corporate Affairs invites applications for engagement of Young Professionals (YPs) purely on contractual basis.

2. The guidelines for engagement of Young Professionals in this Ministry containing the details regarding eligibility criteria, selection procedure, etc. is available on the website of the Ministry of Corporate Affairs i.e. **https://www.mca.gov.in/bin/dms/getdocument?mds=T3A%252FKUx6h%252FmRMXfhVTKJQw%253D%253D&type=open** The candidates are advised to go through these guidelines before submitting their applications.
3. The general requirements and other terms and conditions for the engagement are as under:

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Name of position and job location | Young Professionals (YPs) | | | |
| | | Sr. No. | Name of Office | No. of Vacancies | Job Location |
| | | 1 | RD (WR)-I | 3 | Mumbai |
| | | 2 | RD (WR)-II | 4 | Mumbai |
| | | 3 | ROC, Mumbai | 5 | Mumbai |
| | | 4 | ROC, Navi Mumbai | 4 | Mumbai |
| | | 5 | ROC, Pune | 1 | Pune |
| | | 6 | ROC, Goa | 2 | Goa |
| | | 7 | ROC, Nagpur | 1 | Nagpur |
| 2. | Number of positions | 20 (Twenty) | | | |
| 3. | Age Limit | Candidates should be below 35 years of age as on the date of advertisement | | | |
| 4. | Period of Engagement | Please see Para-6 of detail advertisement on above stated url. | | | |
| 5. | Remuneration (per month) | Rs. 50,000 (Consolidated inclusive of all) | | | |
| 6. | Education Qualification | CA/CS/ICWA | | | |
| 7. | Experience | Minimum 1 year of experience post-passing final examination is required | | | |

4. **General Terms and Conditions of Engagement:** General terms and conditions regarding engagement of Young Professionals viz. Remuneration, Allowances, Age Limit, Leave, Working Hours, Period of Engagement as YP, etc. will be governed by the Guidelines for engagement of Young Professionals, available at **stated above link.**
5. **How to Apply:**
   i. Interested eligible candidates may submit their duly filled applications in the format prescribed by the Ministry as Annexure – I to the below mentioned Address.
   ii. Applications should reach the undersigned by post or by email (**rd.west@mca.gov.in**) or through Drop Box of the office installed at the reception on or before **10.01.2026** from the date of issue of this Notice.
   Applications received after due date will not be considered.

**Office of Regional Director, Western Region, MCA, Mumbai,**
**5th Floor, "Everest" Building,**
**Netaji Subhash Chandra Bose Marg,**
**Marine Drive, Mumbai 400 002.**
**E-mail Id : rd.west@mca.gov.in**

Sd/-
**Regional Director,**
**Western Region,**
**Ministry of Corporate Affairs, Mumbai**



ncrtc **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि.**
(भारत सरकार एवं प्रतिभागी राज्य सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम)

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं

एनआईटी सं: डीकेयू/डीपीओआर-ओएस/10 निविदा आईडी: 2025_एनसीआरटीसी_245256_1
टीपीडीडीएल की 33 केवी, 11 केवी, एलटी विद्युत यूटिलिटी की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग/ स्थानांतरण/संशोधन और दिल्ली-पानीपत-करनाल नमो भारत कॉरिडोर में भलस्वा से नरेला तक स्थित यूटिलिटी का विस्थापन/स्थानांतरण (चै. 20770-33800) के लिए।

एनआईटी सं: डीकेयू/डीपीओआर-ओएस/09 निविदा आईडी: 2025_एनसीआरटीसी_245257_1
टीपीडीडीएल की 33 केवी, 11 केवी, एलटी विद्युत यूटिलिटी की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग/ स्थानांतरण/संशोधन और दिल्ली-पानीपत-करनाल नमो भारत कॉरिडोर में कश्मीरी गेट से भलस्वा तक स्थित यूटिलिटी का विस्थापन/स्थानांतरण (चै. 9650 से 20770) के लिए।

विस्तृत जानकारी एवं अनुवर्ती परिशिष्ट/शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) के लिए कृपया एनसीआरटीसी वेबसाइट www.ncrtc.in या सीपीपी पोर्टल www.etenders.gov.in/eprocure/app को 16.12.2025 से 19.01.2026 (1500 बजे तक) देखें।

हस्ता- ई.डी/प्रोक्योरमेंट



**भा.कृ. अनु. प.- केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान**
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
एडनवाला रोड, माटुंगा (पूर्व), मुंबई-400019

**वॉक-इन-इंटरव्यू**

भा.कृ.अनु.प.-केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान में "इंजिनिअरिंग मायक्रोबायल फॅक्टरिज फॉर एनहॅन्स्ड जाइलिटोल प्रोडक्शन फ्रॉम कॉटन लिग्नोसेल्युलोसिक बायोमास यूसिंग क्रिस्पर/सीएएस 9 टेक्नोलॉजी" के लिए एक (01) सीनियर रिसर्च फेलो (एस.आर.एफ.) के संविदात्मक पद के लिए दिनांक 02.01.2026 को सुबह 11:00 बजे से माटुंगा स्थित संस्थान मुख्यालय में वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त पद के लिए योग्यता, पारिश्रमिक, आयु सीमा इत्यादि जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि भा.कृ.अनु.प.-केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान के वेबसाइट **https://circot.icar.gov.in** लॉग इन करें।

हस्ता/-
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी



**KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION**
**Tender Notice NO.115. Date 15/12/2025**
**This is with reference to above mention tender notice for following work**

Under the revised administrative approval of the Shri Kshetra Mahalaxmi (Karveer Nivasini Ambabai) Temple, Kolhapur pilgrimage area development plan, the work involves construction- related activities at C.S. No. 2267 (A), near Saraswati Talkies in A Ward. This includes carrying out internal and external plastering and flooring works for the third, fourth, fifth, sixth, and seventh floors of the multi-storey parking and devotees' accommodation building, with all allied and essential internal works such as plumbing, electrification, lifts, carpentry/ woodwork, waterproofing, etc.

For above work tender submission dates as follows-

| | |
|---|---|
| Start date of Submission of Documents | 16/12/2025 9.30 A. M |
| Pre Bid Meetting Date | 17/12/2025 11.00 A. M |
| Last date of Submission of Documents | 23/12/2025 3.30 P. M |
| Opening of Bids | 29/12/2025 11:00 A. M |

Details available on www.mahatenders.gov.in

sd/-
**City Engineer,**
**Kolhapur Municipal Corporation.**



**आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड**
(आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी)

वैश्विक आमंत्रण (इलेक्ट्रॉनिक बोली के माध्यम से)

[illegible]

www.recindia.nic.in तथा www.recpdcl.in पर 16.12.2025 से उपलब्ध 'प्रस्ताव हेतु अनुरोध' (आरएफपी) [illegible]

[illegible] www.recindia.nic.in और www.recpdcl.in [illegible] 18% जीएसटी) [illegible]

आरएफपी दस्तावेज हमारी वेबसाइट www.recindia.nic.in तथा www.recpdcl.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। [illegible]

| क्रम सं. | परियोजना का नाम | स्पष्टीकरण मांगने की अंतिम तिथि | आरएफपी के उत्तर में प्रस्ताव जमा की अंतिम तिथि | आरएफपी प्रस्ताव खोलने का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 400/220/132 केवी एआईएस सबस्टेशन (जिला भंडारा) की स्थापना | 05.01.2026 | 17.02.2026 1500 बजे तक (भा.मा.स) | 17.02.2026 को 1530 बजे (भा.मा.स) |

[illegible] www.recindia.nic.in तथा www.recpdcl.in पर [illegible]

नोट: [illegible]

मुख्य कार्यपालक अधिकारी
आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड
कोर – 4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003, भारत

बोली प्रक्रिया समन्वयक — REC PowerDevelopment — आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड
प्राधिकारी — महाराष्ट्र सरकार
प्राधिकारी भागीदार — राज्य पारेषण उपक्रम महाराष्ट्र

ऊर्जा ही जीवन है, इसे बचाएं।
Give a missed call on toll free number 18002003004 to get our Apps

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP5 User: cci Time: 12-15-2025 22:30 Color:



# काम का असर: ठाणेकरों पर चार दिन और रहेगा जल संकट

## नई पाइप लाइन बिछाने के कारण 19 तक होगी 50% कटौती

■ NBT न्यूज, ठाणे

**ठाणेकरों की** पानी की समस्या और चार दिन बढ़ गई है। शहर में जारी 50% पानी कटौती 4 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। दूसरी तरफ, मनपा के अलावा निजी टैंकर शहर में पानी आपूर्ति के लिए कम साबित हो रहे हैं। ऐसे में, पानी वितरण का बैलेंस बनाए रखने के लिए जलपूर्ति विभाग को मशक्कत करनी पड़ रही है। मनपा की तरफ से सोमवार को 25 मीटर लंबी नई पाइप बिछाने का काम शुरू किया गया है।

शहर को पानी आपूर्ति करने वाले सबसे बड़े स्रोत भातसा डैम पर बने पिसे बांध से टेमघर जलशुद्धीकरण केंद्र तक पानी लाने वाली 1000 मिमी व्यास की पाइप लाइन कल्याण फाटा परिसर में महानगर गैस के काम के चलते 6 दिसंबर को दो जगहों पर ब्रेक हो गई थी। उस समय पानी में 30% कटौती की गई थी। मरम्मत का काम जारी था, तभी 11 दिसंबर को फिर से उसी पाइप लाइन में दो जगह और ब्रेक आ गया। इसके बाद, कटौती 50% कर दी गई। मरम्मत काम 15 दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद थी, अब यह 19 दिसंबर तक बढ़ गया है। इस दौरान, मनपा ने ठाणे के निवासियों से सहयोग करने और पानी का सीमित उपयोग करने की अपील की है। हालांकि, जल्द ही स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है।

**ठाणे मनपा क्षेत्र की स्थिति**

- ठाणे मनपा के पास खुद का जलाशय नहीं है।
- शहर की जनसंख्या लगभग 27 लाख है।
- यहां रोज 585 एमएलडी पानी की आपूर्ति होती है।
- क्षेत्र के लिए 616 एमएलडी कोटा स्वीकृत है।
- मनपा की खुद की जलापूर्ति योजना से 250 मिलता है।
- एमआईडीसी से 135, स्टेम प्राधिकरण से 115 और मुंबई मनपा से 85 एमएलडी पानी मिलता है।



Anil Shinde

पानी पाइप लाइन में बार-बार ब्रेक आने की वजह से काम में दिक्कत आ रही है। हालांकि, पाइप लाइन को बदलने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।



पुराने पाइप में बार-बार ब्रेक होने के चलते उसे बदलने का निर्णय लिया गया। 25 मीटर लंबी नई पाइप बिछाने का काम जारी है। यह बड़ा काम है। इसमें कुछ और लगने वाले हैं।
*- विनोद पवार, उप नगर अभियंता, जलापूर्ति विभाग*

**बिछाई जा रही है 25 मीटर लंबी नई पाइप लाइन**

पाइप लाइन पुरानी और प्रिस्ट्रेस कंक्रीट पद्धति से बनी होने के चलते जमीन में 5 मीटर नीचे है। इससे खुदाई में समय अधिक लग है। मरम्मत के दौरान पाइप लाइन में और जगह ब्रेक हो गया। बार-बार ब्रेक होने के चलते मरम्मत में अधिक दिक्कत आ रही है, इसलिए जलापूर्ति विभाग ने 25 मीटर लंबी नई पाइप बिछाने का निर्णय लिया। सोमवार से उस पर काम शुरू हो गया है।

**पानी पहुंचाने के लिए टैंकर पड़ रहे हैं कम**

पानी आपूर्ति के लिए मनपा के पास खुद के 7 टैंकर हैं। लोगों की मांग के हिसाब से टैंकरों से पानी की आपूर्ति करना मनपा के लिए संभव नहीं है, इसलिए निजी टैंकर किराए पर लिए हैं। फिलहाल, प्रतिदिन मनपा के खुद के टैंकर के अलावा किराये वाले भी 90 से 100 फेरियां लगा रहे हैं। हालांकि, मांग को देखते हुए ये टैंकर पर्याप्त नहीं हैं। कटौती को देखते हुए हर प्रभाग में 19 दिसंबर तक 12 घंटे जोनिंग पद्धति से पानी आपूर्ति होती रहेगी। इससे शहर में पानी आपूर्ति अनियमित होगी और लोगों को पानी कम मिलेगा।

## फटाफट खबरें

### 1.56 करोड़ की नकली शराब जब्त

■ NBT न्यूज, ठाणे: क्रिसमस और न्यू ईयर के मद्देनजर ठाणे एक्साइज विभाग सक्रिय है। विभाग ने 1.62 करोड़ की राज्य में प्रतिबंधित गोवा में बनी नकली विदेशी शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सोमवार को सुबह ठाणे से नवी मुंबई के म्हापे रोड पर विशेष गश्त के दौरान एक ट्रक में रखे 1,550 बॉक्स में भरी शराब की बोतलें जब्त की गईं। अधिकारियों ने ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। इसका उपयोग क्रिसमस और न्यू ईयर की पार्टी में किया जाना था।

### पेट्रोल पंप जा रही लड़की की हादसे में मौत

■ NBT न्यूज, पनवेल: पलस्पे रोड पर स्कूटर में पेट्रोल भरवाने जा रही नाबालिग लड़की को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उसकी सहेली गंभीर रूप से घायल हो गई। पनवेल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। लड़की स्कूटर को धक्का लगाकर पेट्रोल पंप ले जा रही थी। उसके साथ उसकी सहेली भी थी। पकज पार्किंग के पास अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। इनमें एक की मौत हो गई।

### जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

■ NBT न्यूज, नालासोपारा: पेल्हार पुलिस स्टेशन क्षेत्र के श्रीराम नगर इलाके में ऑटो पलटने से उसमें सवार 22 वर्षीय युवक बुरी तरह जख्मी हो गया था। उसका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकी प्रसाद गौतम शनिवार सुबह 5 बजे ऑटो से नालासोपारा स्टेशन आ रहा था, लेकिन तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में गौतम बुरी तरह जख्मी हो गया था।

### गोदाम से 2.30 करोड़ का केमिकल जब्त

■ NBT न्यूज, भिवंडी: नारपोली पुलिस ने वल दापोडा में अरिहंत कंपाउंड स्थित ऑरेंज गुड्स स्टोरेज ऐंड ट्रांजिट्स कंपनी के छह गोदामों में छापा मारकर 2.30 करोड़ रुपये का खतरनाक ज्वलनशील केमिकल जब्त किया है। यह केमिकल वहां गैरकानूनी तरीके स्टोर किया गया था। पुलिस ने मुलुंड के रहने वाले व्यापारी मिहिर गुडखा के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, यह केमिकल लोगों और जानवरों के लिए खतरनाक साबित हो सकता था।

### भिवंडी में सड़क के चौड़ीकरण का विरोध

■ NBT न्यूज, भिवंडी: शहर में 17 नवंबर से मुख्य सड़क पर अंजूरफाटा से कल्याण नाका और कल्याण नाका से टेमघर तक 36 मीटर का सड़क चौड़ीकरण शुरू किया गया है। दूसरे चरण में मनपा ने कल्याण नाका से टेमघर रोड का काम शुरू कर दिया है। स्थानीय व्यापारी और निवासी इसका विरोध कर रहे हैं। सोमवार को भिवंडी शहर कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष अब्दुल रशीद ताहिर मोमिन के नेतृत्व में मनपा मुख्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया, जिसमें मुआवजे के मांग की गई।

## छात्रा की मौत के मामले में स्कूल की मान्यता रद्द

■ NBT न्यूज, वसई: 8 नवंबर को वसई (पूर्व) सातीवली स्थित निजी स्कूल में पढ़ने वाली 13 वर्षीय काजल गौड़ के देरी से पहुंचने पर टीचर ने उससे सौ बार उठक-बैठक लगवाई थी। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी टीचर को गिरफ्तार किया था। वहीं, शिक्षण विभाग के चार अधिकारियों को निलंबित किया गया था। अब राज्य शिक्षा विभाग ने स्कूल की मान्यता भी रद्द कर दी है।

उठक-बैठक लगाने से हुई थी 13 वर्षीय छात्रा की मौत

बता दें कि वसई के सातीवली में श्री हनुमंत विद्या मंदिर स्कूल की टीचर सीमा यादव पर आरोप है कि क्लास में देरी से पहुंचने पर काजल को सौ बार उठक-बैठक लगाने को कहा था। इसके बाद काफी हंगामा हुआ था और परिवार ने न्याय की मांग की थी। जिला परिषद ने इस मामले की जांच की थी। जांच में स्कूल में टीचरों की एजुकेशनल क्वालिफिकेशन की कमी, स्टूडेंट्स के लिए सुविधाओं की कमी, पढ़ाई के साथ-साथ और भी कई कमियां पाई गईं। इसमें राइट टु एजुकेशन ऐक्ट का उल्लंघन किया गया। स्कूल में 9वीं और 10वीं की क्लास गैर-कानूनी तरीके से चल रही थी। स्कूल की मान्यता कैंसल करने का प्रपोजल राज्य के शिक्षा विभाग को भेजा गया था। इसी के तहत, स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूल के हिंदी और इंग्लिश दोनों मीडियम की मान्यता रद्द कर दी। स्टूडेंट्स को पढ़ाई का नुकसान न हो, इसके लिए उन्हें दूसरे स्कूलों में दाखिले के लिए कहा गया है। हालांकि, इससे अभिभावक थोड़े परेशान नजर आ रहे हैं।




# ठाणे मनपा चुनाव में अजित पवार गुट हुआ महायुति से बाहर


## ठाणे अध्यक्ष ने की अकेले लड़ने की घोषणा

■ NBT न्यूज, ठाणे

**मनपा चुनाव** की तारीख की घोषणा के बाद सभी प्रमुख राजनीतिक दलों में हलचल बढ़ गई है। ठाणे में एनसीपी (अजित गुट) ने अकेले चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा की है। शिंदे सेना और बीजेपी ने महायुति में मनपा चुनाव लड़ने का ऐलान तीन दिन पहले ही कर दिया था, लेकिन उप-मुख्यमंत्री अजित पवार का कोई बयान नहीं आया था।

- पार्टी में उठ रही थी अकेले लड़ने की मांग
- BJP-शिंदे गुट में भी यही चाहते हैं कार्यकर्ता

अजित गुट के ठाणे अध्यक्ष नजीब मुल्ला ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि राज्य में एनसीपी महायुति में है, लेकिन ठाणे में अपने दम पर चुनाव में उतरेगी। मुल्ला ने बताया कि स्थानीय स्तर पर बात अलग है। हम शिंदे सेना और बीजेपी से गठबंधन नहीं करेंगे और इसकी जानकारी हमने पार्टी के शीर्ष नेताओं को दी है। बता दें कि ठाणे में शिंदे सेना और बीजेपी में चुनाव लड़ने के इच्छुकों में भीतर ही भीतर नाराजगी है और चर्चा के दौरान यह सामने आ रहा है। कई लोग जो चुनाव लड़ने के लिए अपने वॉर्ड में लंबे समय से सामाजिक कार्यों में जुटे थे, उन्हें निराशा हाथ लगी है। ऐसे में, अजित गुट ने ठाणे में 'एकला चलो' का नारा फिर से बुलंद किया है। इससे स्थानीय राजनीति में नया मोड़ गया है।



महायुति में सम्मानजनक सीटें नहीं मिलीं, तो हमारा अकेले चुनाव लड़ना पक्का है। कलवा-मुंब्रा में हम अपनी सीटों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ सकते हैं।
*- आनंद परांजपे, प्रदेश प्रवक्ता, अजित गुट*

**सीट बंटवारे पर होगी माथापच्ची**

पिछले मनपा चुनाव में अविभाजित शिवसेना के 67, अविभाजित एनसीपी के 34 और बीजेपी के 23 नगरसेवक थे। सीट बंटवारे पर महायुति को मशक्कत करनी पड़ेगी। तीनों दलों की तरफ से उतनी ही सीटों पर दावा किया जाएगा। पूर्व नगरसेवकों में 82 शिंदे सेना के साथ हैं। ऐसे में, एकनाथ शिंदे का दावा इससे अधिक सीटों का है। वहीं, राजनीतिक ताकत के हिसाब से बीजेपी दोगुनी सीटें मांग रही है और उतनी मिलने की संभावना है। वहीं, अजित गुट पिछली बार की सभी सीटों पर दावा कर रहा है। ऐसे, सीट बंटवारा काफी मुश्किल है। अजित गुट का कहना है कि महायुति में उनके हाथ बहुत कम सीटें आएंगी, इसलिए ठाणे मनपा का चुनाव अकेले लड़ने का फैसला ठीक है।

## राजस्थान में 100 करोड़ की फैक्ट्री का हुआ खुलासा

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर: मीरा-भाईंदर, वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस ने राजस्थान के झुंझुनू जिले में संचालित एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। फैक्ट्री को ध्वस्त कर पुलिस ने करीब 100 करोड़ रुपये की ड्रग्स, और अन्य सामान जब्त कर 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

MBVV पुलिस ने 11 आरोपियों को किया गिरफ्तार

जांच में सामने आया है कि फैक्ट्री एक साल से चल रही थी और एमडी की आपूर्ति महाराष्ट्र सहित कई अन्य राज्यों में हो रही थी। पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक के अनुसार, इसका अंडरवर्ल्ड से भी कनेक्शन सामने आया है। इस रैकेट का सुराग 4 अक्टूबर को काशीगांव पुलिस में दर्ज ड्रग्स तस्करी के मामले से मिला था। उस दौरान, 501.6 ग्राम एमडी के साथ छह आरोपी गिरफ्तार हुए थे। इसके बाद की जांच में पुलिस राजस्थान के झुंझुनू तक पहुंची।

## उरण से नेरुल के बीच शुरू हुए तारघर और गव्हाण स्टेशन




K.K. Choudhary

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: उरण और नेरुल के बीच रोजाना यात्रा करने वाले हजारों लोगों को रेलवे ने बड़ी सौगात दी है। मध्य रेलवे ने बेलापुर-नेरुल-उरण उपनगरीय मार्ग पर दो नए रेलवे स्टेशन शुरू किए हैं। साथ ही, अतिरिक्त लोकल सेवाएं भी चालू की हैं।

मध्य रेलवे का तोहफा, अतिरिक्त लोकल सेवाएं भी मिलीं

सोमवार से तारघर और गव्हाण स्टेशन यात्रियों के लिए खोल दिए गए हैं। तारघर स्टेशन इसलिए खास है, क्योंकि यह नवी मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट के सबसे नजदीक स्थित है। इससे एयरपोर्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों और आस-पास के निवासियों को लाभ होगा। वहीं, गव्हाण स्टेशन शुरू होने से तेजी से विकसित हो रहे उरण क्षेत्र के लोगों को नेरुल और बेलापुर जाने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रेलवे ने इस मार्ग पर पांच जोड़ी अतिरिक्त लोकल ट्रेन सेवाएं शुरू की हैं। इससे कुल सेवाओं की संख्या बढ़कर 50 हो गई है। पहले सीमित ट्रेनों के कारण सुबह और शाम के समय यात्रियों को भारी भीड़ का सामना करना पड़ता था।

## अफेयर का पता चलने पर कर दी पत्नी की हत्या

■ NBT न्यूज, विरार: मांडवी पुलिस स्टेशन क्षेत्र के बदपर गांव में एक व्यक्ति ने पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को खदान में फेंक दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी का दूसरी औरत से रिश्ता था। जब पत्नी को इसका पता चला, तो दोनों में झगड़ा हुआ और युवक ने पत्नी की हत्या कर दी। घटना के वक्त दोनों खेत में काम कर रहे थे। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दो साल पहले ही हुई थी आरोपी की शादी

जानकारी के अनुसार, चव्हाण पाड़ा निवासी स्वाति चव्हाण (24) की विजय के साथ दो साल पहले ही शादी हुई थी। विजय एक कंपनी में काम करता था। उसका वहीं की रहने वाली एक महिला से रिश्ता बन गया। इसकी जानकारी जब पत्नी को लगी, तो दोनों के बीच विवाद हो गया। रविवार सुबह जब दोनों खेत में काम कर रहे थे, तभी गुस्से में विजय ने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी।

## पाव में मिला कीड़ा, बेकरी पर लोगों ने किया बवाल



■ NBT न्यूज, नालासोपारा: एमडी नगर इलाके में सोमवार को एक महिला जब बेकरी से पाव खरीदकर घर पहुंची और बच्चे को खाने के लिए दिया, तो उसमें बड़ा कीड़ा पाया गया। महिला तुरंत बेकरी पर गई और दुकानदार को बताया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने जमकर बवाल किया।

कुछ दिन पहले विरार में दही-वड़ा में मिला था कॉकरोच

बता दें कि इससे पहले विरार (पश्चिम) के तिरुपति नगर में मिठाई की एक दुकान में दही-वड़ा में कॉकरोच मिला था, जिस पर एफडीए ने कार्रवाई की थी। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि शहर में इस तरह खराब चीजें बेची जा रही हैं। एफडीए को सभी दुकानों की जांच करनी चाहिए।

बता दें कि नालासोपारा (पूर्व) के एमडी नगर निवासी संगीता मालुसरे ने सोमवार सुबह दुकान से पाव खरीदे। घर जाकर अपने बेटे को पाव खाने को दिया, तो उसके अंदर बड़ा कीड़ा निकला। वह दुकान पर गईं, तो दुकानदार ने बताया कि उसने वह एनएच बेकरी से पाव खरीदे हैं। मालुसरे दुकानदार के साथ बेकरी पर पहुंचीं और उसे पाव दिखाया। इसके बाद वहां स्थानीय लोग जमा हो गए। लोगों ने जमकर बवाल किया। किसी तरह मामला शांत हुआ। स्थानीय लोगों ने एफडीए से मांग की है कि शहर में इस तरह खराब, कीड़े युक्त और दूषित खाद्य सामग्री बेची जा रही है। दुकानदार लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

## 'जव्हार PWD: 111.63 करोड़ का घोटाला'

■ NBT न्यूज, भिवंडी: पालघर जिले के आदिवासी बहुल जव्हार तालुका के सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के जव्हार ऑफिस से ठेकेदारों की वर्षों से जमा अनामत राशि में से 111.63 करोड़ के घोटाले का आरोप है। यह आरोप भूमिपुत्र एल्गार संगठन के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद पवार ने लगाया है। पवार ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर मामले की जांच की मांग की है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से की जांच की मांग

उन्होंने बताया कि 7 नवंबर को पीडब्ल्यूडी के खाते से निकाले गए चेक के आधार पर जव्हार की स्टेट बैंक शाखा में 'ओवी कंस्ट्रक्शन' के नाम पर डिमांड ड्राफ्ट बनाने के लिए दस्तावेज जमा किए गए थे। चेक पर 'मिलियन/बिलियन' जैसे शब्द लिखे, जिससे बैंक के अधिकारियों को शक हुआ। इसी से यह घोटाला सामने आया। जव्हार कार्यालय में ठेके पर काम करने वाले योगेश औंधे ने चेक और दस्तावेज बैंक में जमा किए थे। विक्रमगड नगर पंचायत के नगराध्यक्ष और ठेकेदार निलेश उर्फ पिंका पडवले पर राशि हड़पने की साजिश का आरोप है। दोनों को गिरफ्तार कर धोखाधड़ी का मामला दर्ज हिरासत में लिया गया है।




## बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

■ NBT न्यूज, भिवंडी: पांच साल बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने 20 साल के कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा, पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने पर छह महीने की सजा बढ़ जाएगी।


बच्ची के पड़ोस में ही रहता था दोषी व्यक्ति

बच्ची जब घर के बाहर खेल रही थी, तभी पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने उसके साथ 15 सितंबर 2018 को दुष्कर्म किया था। इस मामले में बच्ची की मां ने मामला दर्ज कराया था। अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एन.के. कारंडे के सामने पेश गवाहों के बयान के आधार पर दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई गई है।

**युवती से दुराचार के दोषी को 10 साल की कैद**

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: 2016 में एक युवती के साथ दुराचार करने वाले युवक को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय, बेलापुर ने 10 साल की सजा सुनाई है। वाशी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शशिकांत चांदेकर ने बताया कि युवक ने लड़की को मिलने के लिए बुलाया था और उसे धमकी दी थी कि वह उसके प्रेमी के बारे में घरवालों को बता देगा। उसने लड़की से इसके बदले 30 हजार रुपये मांगे थे। जब युवती ने पैसे देने से मना कर दिया, तो युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह ब्लैकमेल करने लगा। परेशान होकर युवती ने मामला दर्ज कराया था।



# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । मुंबई । मंगलवार, 16 दिसंबर 2025




जब राजनीति में भाषा का पतन होता है, तब विचार भी पतन की ओर बढ़ते हैं।
*- हन्ना आरेंट, राजनीतिक दार्शनिक*

## अमर्यादित भाषा

राजनीति में तमाम मतभेदों के बाद भी यह उम्मीद की जाती है कि विरोधी के खिलाफ जुबानी तीर चलाते समय मर्यादा का ख्याल रखा जाएगा। मगर यह उम्मीद टूटती रही है। इस कड़ी में नया मामला जुड़ा है पीएम नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी का।

**रैली में नारे ।** आरोप है कि दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली के दौरान पीएम के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाए गए। याद होगा कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन की एक रैली में भी पीएम मोदी के खिलाफ कथित तौर पर अपशब्दों का इस्तेमाल हुआ था, जिसे BJP ने बड़ा मुद्दा बनाया था।

**सम्मान जरूरी ।** राजनीति में विरोध स्वाभाविक है, लेकिन उसमें भी पद की गरिमा और शालीनता का ध्यान रखा जाना चाहिए। राजनीतिक स्तर पर भाषाई मर्यादा की दीवार टूटती है, तो असर पूरे समाज पर पड़ता है। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में साल 2018 में एक सख्त टिप्पणी की थी। दिल्ली के तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कुछ BJP नेताओं द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर ऐतराज जताते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के प्रति कुछ सम्मान होना चाहिए।



रैली में आपत्तिजनक नारा

**सत्र पर असर ।** यह टिप्पणी याद दिलाती है कि विरोध का अधिकार अपनी जगह सुरक्षित है, लेकिन संवैधानिक पदों के सम्मान को गिराने वाले शब्द बर्दाश्त नहीं किए जा सकते। इससे आखिरकार संस्थाएं कमजोर होती हैं। मौजूदा विवाद का एक निराशाजनक पहलू है संसद में कामकाज का ठप होना।

**असल मुद्दे गायब ।** शीत सत्र अभी तक हंगामे और नारेबाजी के नाम रहा है। सोमवार को भी दोनों सदनों में यही नजारा दिखा। BJP नेताओं ने मांग रखी है कि कांग्रेस नेतृत्व को माफी मांगनी चाहिए, जबकि कांग्रेस का कहना है कि सदन के बाहर हुए मामले को सदन में क्यों उठाया जा रहा। गतिरोध की यह स्थिति इसलिए भी अच्छी नहीं है, क्योंकि इसकी वजह से जनता से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा नहीं हो पाई।

**सीमा न लांघें ।** सरकार और विपक्ष के बीच इस समय समन्वय और सहमति शून्य के बराबर है। SIR और 'वोट चोरी' जैसे मुद्दों को लेकर दोनों तरफ से आक्रामकता देखने को मिल रही है। अगले साल कुछ राज्यों में चुनाव होने हैं। अक्सर चुनाव के दौरान यह मर्यादा टूटती है, यह देखने में आया है। लेकिन यह देश की राजनीति के लिए ठीक नहीं है। आशा है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों राजनीतिक मर्यादा का खयाल रखेंगे।

**ऐवें कुछ भी**

## ग्रैप 4 का ख़ौफ़



आलोक सिंह भदौरिया

गाजियाबाद वाले चाचा के घर भूकंप सा आ गया। बेटा रोहित चिल्लाते हुए घुसा, अरे ग्रैप लग गया, ग्रैप। चाचा कनटोप के भीतर से बोले, किसका गृहप्रवेश हो गया। चाची चौके से चिल्लाई, टोपा हटा के सुनो, ग्रहण लग गओ। फिर खुद बोली, आज कौन सो ग्रहण? टीवी में तो बताई नहीं।

रोहित चिल्लाया, अरे मम्मी AQI 400 के पार हो गया। कल से भारी वाहन, स्कूल, निर्माण कार्य, प्रदूषण फैलाने वाले सब काम बंद। चाचा पास में खिसक आए, और का बंद है? रोहित बोला, सारे गैरजरूरी काम बंद। चाचा ने कनटोप के ऊपर अंगोछा लपेटा, जेब में बटुआ रखा, धीरे-धीरे दरवाजे की तरफ खिसकने लगे। रोहित बोला, अरे कहां चले पापा। चाचा कान में फुसफुसाए, शाम की दवाई का इंतजाम कर लें, पता नहीं कब खुले पाबंदी।


रोहित दांत पीसकर बोला, पापा ग्रैप है लॉकडाउन नहीं। सब खुलेगा। चाचा धीरे से बोले, एकदम पक्का न? अभी कह रहे सारे गैरजरूरी काम बंद, हम लगो कहूं ठेका न बंद हो जाए। फिर खुद से ही बोले, वैसे है तो सबसे जरूरी काम, बंद नहीं होगा। रोहित बोला, अरे पापा धुआं-धक्कड़ वाले काम बंद। समझे? चाची फिर चौके से चिल्लाई, इन्हें बता देओ, सुबह दरवाजे पै बैठ के हुक्का-बीड़ी फूंकनी सब बंद। चाचा बीड़ी सुलगाने जा ही रहे थे, बात सुनकर बंडल जेब में रख लिया।



रोहित बोला, बेचारा मेसी जब से भारत आया परेशान ही परेशान है। पहले स्टेडियम में फंसा, फिर अपनी विशाल मूर्ति देख दहशत खा गया। अब इते प्रदूषण में दिल्ली में आ रहा है बताओ, कैसे खेलेगा फुटबॉल, कहूं बीमार न पड़ जाए। चाचा ने कनटोप खिसकाया, बोले, कौन सी मौसी आई है? चाची ने घर के गरियाया तो चुप हुए। चाची चौके से बड़बड़ाती रही, मेसी की बड़ी चिंता है, यहां रोज हमाए नाती पोता बस्ता लाद के स्कूल जाए रहे, लोग मेहनत मजूरी कर रहे, का उनकी जान, जान नहीं है। जब इतो धुआं भओ तब याद आई? बीमार तो पता नहीं कब से हो रहे सब। अब सब बंद कर देओ। कब तक बंद करोगे? जड़ से खतम काए नहीं करते इस बीमारी को।

**बोल वचन** दिलीप लाल

## दूल्हे की परछन



AI Image

भारत में शादियों में वर-वधू के मिलन के समय कई रोचक रिवाज निभाए जाते हैं। बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में जब बारात घर के दरवाजे पर पहुंचती है, तो लड़की की मां, दादी और अन्य महिलाएं दूल्हे की आरती करती हैं, दही-अक्षत का टीका लगाती हैं और बुरी नजर से बचाने के लिए मूसल या बट्टा जैसी चीजें उसके ऊपर से घुमाती हैं। इस रिवाज के लिए परछन या परिछन शब्द है। मूल शब्द प्रच्छन्न से परिछन आया है जिसका एक अर्थ बचाना भी है। महिलाएं कहती भी हैं- चलो, दूल्हे को परख आते हैं। मिथिलांचल में इसके गीत भी गाए जाते हैं, जैसे- 'लोढ़ा (बट्टा) से सैदाई उनकर गाल सखिया, चारों दुल्हा में बड़का कमाल सखिया...।' गुजरात और राजस्थान के कुछ हिस्सों में परछन के लिए तोरण शब्द का इस्तेमाल होता है। हालांकि वहां आरती के बाद दूल्हे की नाक खींची जाती है। हंसी-ठिठोली भरे माहौल में वर के अहंकार को विनम्रता और बराबरी पर लाना माना जाता है। यह अपमान नहीं होता। परछन के लिए बांग्ला में बरन शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। अंग्रेजी में परछन को समझाने के लिए कहा जा सकता है- welcoming of the groom by the bride's female relatives.

---

तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर विवाद पर हाईकोर्ट के फ़ैसले से नाराज़ विपक्ष का क़दम

# जजों को डराने के लिए लाए महाभियोग?




अवधेश कुमार

**मद्रास हाईकोर्ट** के जज जस्टिस जी. आर. स्वामीनाथन के विरुद्ध विपक्ष द्वारा संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की पहल अभूतपूर्व और दंग करने वाली है। किसी जज के निर्णय या आदेश पर उसके खिलाफ महाभियोग लाने के लिए हमारे माननीय सांसद इस तरह एकजुट हो जाएंगे, इसकी कल्पना नहीं थी। अब इसके विरुद्ध 56 पूर्व जज सामने आ गए हैं, जिन्होंने एक खुले पत्र में इसे अदालत पर राजनीतिक, वैचारिक दबाव बनाने की कोशिश कहा है।

**तीन अहम पहलू ।** इस प्रकरण के तीन प्रमुख पहलू हैं। पहला, न्यायमूर्ति स्वामीनाथन द्वारा दिया गया फैसला और उसकी पृष्ठभूमि। दूसरा, संबंधित विवाद की सच्चाई। तीसरा, महाभियोग प्रस्ताव के पीछे की सोच या विचारधारा। न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर पर दीप जलाने का एक आदेश 1 दिसंबर को दिया और फिर प्रशासन द्वारा उसका पालन न किए जाने पर तीखे शब्दों में दूसरा आदेश 4 दिसंबर को दिया।

**पुरानी परंपरा ।** दरअसल, तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर से संबंधित पत्थर स्तंभ-दीपथून पर दीपक जलाकर कार्तिगाई दीपम त्योहार मनाने की पुरानी परंपरा है। तमिल महीने कार्तिगाई (नवंबर-दिसंबर) में मनाए जाने वाले 'कार्तिगाई दीपम' उत्सव के तहत, हमेशा की तरह उच्ची पिल्लैयार मंदिर के मंडपम में दीप जलाने के लिए जब लोग जाने लगे तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। तिथि के अनुसार 3 दिसंबर को दीप जलाया जाना चाहिए था किंतु ऐसा नहीं हो सका। इसके बाद यह बड़ा मुद्दा बन गया और न्यायालय के समक्ष अवमानना याचिका डाली गई जिसके तहत यह आदेश आया।

**क्या है मामला**
- तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर पर दीप जलाने की है परंपरा
- प्रशासन ने गड़बड़ी की आशंका से लगा दी रोक
- रोक के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर भड़कीं पार्टियां



AdobeStock



**17वीं सदी की दरगाह ।** तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी तमिलनाडु राज्य के मदुरै शहर से 10 किमी दूर है जिस पर यह मंदिर है। हिंदू मान्यताओं में यह भगवान मुरुगन या कार्तिकेय के छह निवास स्थानों में एक है। विवाद की मुख्य वजह पहाड़ी के ऊपरी भाग पर स्थित सिकंदर बधुशाह की दरगाह है। मंदिर समर्थकों की मान्यता है कि यह पूरी पहाड़ी शिवलिंग है जिसके बीच में भगवान मुरुगन का मंदिर है। सिकंदर बधुशाह की दरगाह 17वीं शताब्दी में बनी थी जबकि मंदिर का उल्लेख छठी शताब्दी तक मिलता है।

**नाम बदलने का आंदोलन ।** DMK के संस्थापक ईवी रामास्वामी नायकर यानी पेरियार की पूरी सोच सनातन या हिंदू धर्म के विरुद्ध थी। DMK की राजनीति इस हिंदू धर्म के विरोध पर टिकी है, जिसे कुछ लोग नास्तिकतावाद भी कहते हैं। हालांकि विडंबना देखिए कि उस नास्तिकतावाद में इस्लाम या ईसाइयत का विरोध नहीं है। तिरुप्परनकुंद्रम विवाद पिछले दिनों तब ज्यादा गहराया जब कुछ मुस्लिम संगठनों ने इसे सिकंदर मलाई पहाड़ी नाम देने की मांग कर आंदोलन शुरू किया।

**प्रशासन की रोक ।** इन कारणों से वहां तनाव की स्थिति बनी और मंदिर के सामान्य पूजा पाठ को छोड़ अन्य गतिविधियों को प्रशासन ने लगभग रोक दिया। ऐसा नहीं होता तो कार्तिकेय दीपम के लिए अदालत जाने की आवश्यकता ही नहीं होती। दक्षिण में भगवान मुरुगन सर्वाधिक पूजे जाने वाले देवताओं में हैं और इनको मानने वाले में समाज के पिछड़े वर्ग की संख्या ज्यादा है।

**अन्य विकल्प ।** पूरे विवाद को निष्पक्षता से देखने के बाद कौन क्या निष्कर्ष निकालता है, यह उसका अपना मामला है। किंतु कोई सरकार या पार्टी न्यायाधीश के फैसले से असहमत भी है तो क्या उसका रास्ता महाभियोग होगा? उच्च न्यायालय की एकल पीठ के विरुद्ध बड़ी पीठ में जाया जा सकता था। सुप्रीम कोर्ट का रास्ता भी खुला है। उस सबको छोड़कर महाभियोग प्रस्ताव लाने की कोशिश से लगता है कि तमिलनाडु सरकार ऐसा दबाव बनाना चाहती है जिससे आगे कोर्ट इस तरह के फैसले देने से डरे।

**लोकतंत्र के लिए खतरनाक ।** महाभियोग न्यायपालिका की ईमानदारी की रक्षा करने के लिए है, न कि जजों पर दबाव डालने या बदला लेने के लिए। महाभियोग को दबाव बनाने के हथियार की तरह इस्तेमाल करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। DMK की संकीर्ण एकपक्षीय तमिलवाद की अपनी राजनीति है लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, और तृणमूल कांग्रेस आदि का इस सवाल पर उसके साथ आना आने वाले समय में इन दलों के लिए और प्रतिकूल साबित हो सकता है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विचारक हैं)*

---

**कांटे की बात**

वोट चोरी के मुद्दे से I.N.D.I.A. ब्लॉक का कोई लेना-देना नहीं है। हर दल को अपना राजनीतिक अजेंडा तय करने की छूट है। कांग्रेस SIR को मुद्दा बना रही है तो बनाए, हम कौन होते हैं ये कहने वाले कि वो ऐसा न करे।




उमर अब्दुल्ला, *जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री*

**AI की दुनिया**

## इस लैब में इंसान नहीं, रोबॉट करेंगे काम

*गूगल की AI कंपनी डीपमाइंड ने ब्रिटेन में अपनी पहली पूरी तरह ऑटोमेटेड रिसर्च लैब खोलने का ऐलान किया है। इसमें AI और रोबॉट्स मिलकर वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे। इस लैब में इंसानों का दखल सिर्फ मॉनिटरिंग के स्तर तक होगा।*



AI Image


**एक दिन में कई टेस्ट**

**अभी साइंटिस्ट** पारंपरिक लैब में खुद रिसर्च करते हैं, जिसमें कई साल लग जाते हैं। डीपमाइंड की लैब में गूगल का Gemini मॉडल पूरी तरह इंटीग्रेट किया जाएगा, जो तय करेगा कि अगली रिसर्च क्या होगी। यहां रोबॉट्स सामग्री बनाएंगे, टेस्ट करेंगे और डेटा इकट्ठा करेंगे। लैब 2026 में शुरू होगी।

**एनर्जी और टेक्नॉलजी पर फोकस**

**लैब का** मुख्य फोकस नए मटीरियल्स पर होगा। इससे मेडिकल, रिन्यूएबल एनर्जी और कंप्यूटर टेक्नॉलजी को बदलने में मदद मिलेगी। डीपमाइंड के CEO और नोबेल पुरस्कार विजेता Demis Hassabis का मानना है ऑटोमेटेड रिसर्च लैब से AI से होने वाले बदलाव और तेज होंगे। *-प्रदीप तिवारी*

**जनता जंक्शन** इरफ़ान




---

## जब नीतीश ने कहा, नितिन तुम भी बोलने लगे?



प्रियरंजन भारती

**बिहार विधानसभा** का एक किस्सा बेहद चर्चित हुआ था। नीतीश कुमार तब महागठबंधन की सरकार का नेतृत्व कर रहे थे। किसी मुद्दे पर BJP विधायकों ने उनका विरोध किया, तो नितिन नवीन भी खड़े हो गए। बाकी BJP विधायकों का विरोध तो नीतीश को नहीं खला, लेकिन नितिन को उन्होंने टोक दिया, 'तुम भी बोलने लगे? तुम्हारे पिता हमारे इतने करीबी रहे, कभी ऐसा कुछ नहीं किया। हम उनकी कितनी मदद किए हैं।' नितिन तुरंत शांत होकर हट गए।

**पार्टी के साथ संयोग ।** बिहार में नितिन को शांत, सरल और संबंधों के प्रति समर्पित माना जाता है। देश के सबसे बड़े राजनीतिक दल BJP ने जब उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष चुना, तो सभी हैरान रह गए। यह संयोग है कि पार्टी और नितिन, दोनों का जन्म 1980 में हुआ था। उन्होंने कभी राजनीति को लक्ष्य नहीं बनाया, लेकिन पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के निधन के बाद हालात ऐसे बने कि वह सियासत में उतर पड़े।

**संकेत में संदेश ।** नितिन नवीन की नियुक्ति को बंगाल चुनाव की तैयारी से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। इससे एक दिन पहले ही पार्टी ने यूपी के प्रदेश अध्यक्ष का फैसला किया था। तब यही कयास थे कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्णय कुछ दिन और टलेगा। नवीन की नियुक्ति में छिपे संदेशों को पढ़ने की कोशिश की जा रही है। एक संकेत तो यह मिलता है कि पार्टी आने वाले समय में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दिखाई दिशा पर चलेगी।

**कॉमन रूम**



**युवा भागीदारी ।** इस नियुक्ति का एक और संकेत है कि पार्टी में जेनरेशन नेक्स्ट का समय शुरू हो चुका है। हर स्तर पर युवा भागीदारी बढ़ती दिख रही है। लंबे समय से संघ और संगठन के बीच समन्वय की बातें चल रही थीं। बतौर अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यकाल को विस्तार मिला था और संघ की तरफ से बार-बार निर्देश मिल रहे थे। इस बीच कई नाम चर्चा में उठे। लेकिन, मोदी और शाह की जोड़ी ने सारे अनुमानों को ध्वस्त करते हुए सवर्ण समाज से ऐसे युवा नेता को चुना है, जो अत्यधिक विनम्रतावश कभी शिखर नेतृत्व का अनादर और उपेक्षा नहीं कर पाएगा।

**बिहार की धमक ।** BJP की परंपरागत शैली पर नजर डालें तो कार्यकारी अध्यक्ष औपचारिक चुनाव के बाद अध्यक्ष पद धारण कर लेता है। लिहाजा पार्टी ने परंपराओं का पालन बखूबी कर लिया। जिस कायस्थ समाज से नितिन आते हैं, उसकी आबादी 2023 में कराई गई जातीय गणना के मुताबिक बिहार में मात्र 0.6% है। इस हिसाब से बिहार में केवल 7.85 लाख कायस्थ हैं। हालांकि जाति के संगठनों का दावा है कि केवल पटना में ही 10 लाख कायस्थ रहते हैं। आंकड़ों की हकीकत कुछ और भी हो सकती है, पर इतना तय है कि विधानसभा चुनाव में मिली जबरदस्त जीत के साथ BJP ने राष्ट्रीय स्तर पर भी बिहार के संदेश की धमक दिखाने में देर नहीं की।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

## 'वोट चोरी' पर कांग्रेस का गेमप्लान

हेमंत राजौरा

**दिल्ली में** कांग्रेस की ओर से रविवार को आयोजित रैली केवल राजनीतिक प्रदर्शन नहीं थी। यह पार्टी की मौजूदा रणनीति, आंतरिक मनोबल और लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर उसके रुख का स्पष्ट संकेत भी थी। रैली के केंद्र में कथित वोट चोरी और चुनावी प्रक्रिया में हेराफेरी का आरोप रहा। मंच के सामने लगाए गए पांच करोड़ से अधिक हस्ताक्षर संकेत दे रहे थे कि कांग्रेस इस मुद्दे को देशव्यापी आंदोलन बनाना चाहती है। ये हस्ताक्षर अलग-अलग राज्यों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम लोगों से संवाद कर जुटाए हैं।

### हौसला बढ़ाने की कोशिश

रैली का अहम उद्देश्य चुनाव आयोग और चुनावी व्यवस्था की निष्पक्षता पर उठाए जा रहे सवालों को व्यापक चर्चा का विषय बनाना था।

दूसरा मकसद, संगठन के भीतर फैली निराशा को दूर करना था। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन के बावजूद हरियाणा, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में मिली हार ने कार्यकर्ताओं के मनोबल को प्रभावित किया है। रैली से पार्टी ने संदेश दिया कि इस हार की वजह संगठन की कमजोरी नहीं, बल्कि चुनावी प्रक्रिया में हुई गड़बड़ियां हैं।



**विशुद्ध राजनीति कसौटी**

प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि BJP ने वोट चोरी कर बिहार में जीत हासिल की है। उन्होंने संघर्ष, धैर्य और जमीनी सक्रियता पर जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस की लड़ाई सत्ता के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है।

राहुल गांधी ने भी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष लंबा जरूर है, लेकिन सत्य के रास्ते पर चलकर पार्टी आखिरकार सफल होगी और हम इस सरकार को सत्ता से हटाएंगे। उनके ऐसे वाक्य कार्यकर्ताओं के लिए वैचारिक संबल हैं। राहुल ने विश्वास दिलाया कि डर, दबाव और कथित गड़बड़ियों के बावजूद सच की ताकत अंततः राजनीतिक बदलाव का कारण बनेगी।

रैली कांग्रेस की दबाव की राजनीति का हिस्सा भी है। पार्टी जानती है कि चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्थान पर सीधे आरोप लगाना आसान नहीं है, लेकिन लगातार दबाव बनाए रखकर और सार्वजनिक बहस के जरिए वह राजनीतिक विमर्श को अपने पक्ष में मोड़ सकती है। यदि वोट चोरी का मुद्दा लंबे समय तक चर्चा में बना रहता है, तो यह आगामी विधानसभा चुनावों और 2029 लोकसभा चुनाव में उसके लिए मजबूत हथियार बन सकता है। साथ ही, यह BJP को रक्षात्मक स्थिति में लाने की कोशिश भी है।

### कांग्रेस के लिए जोखिम

हालांकि, इस रणनीति के साथ जोखिम भी जुड़े हैं। बार-बार चुनावी हार को संस्थागत गड़बड़ियों से जोड़ने पर यह आरोप लग सकता है कि कांग्रेस आत्ममंथन से बच रही है। यदि पार्टी इन आरोपों के साथ ठोस सबूत, कानूनी लड़ाई या चुनावी सुधारों का स्पष्ट रोडमैप पेश नहीं कर पाती तो यह नैरेटिव कमजोर पड़ सकता है। यह धारणा भी बन सकती है कि विपक्ष हर हार के बाद संस्थाओं पर सवाल उठाता है। इसलिए यह मुद्दा छोटी अवधि में कांग्रेस को वैचारिक धार जरूर दे सकता है, लेकिन लंबी अवधि में इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि पार्टी इसे कितनी विश्वसनीयता, प्रमाण और सकारात्मक राजनीतिक अजेंडे के साथ आगे बढ़ा पाती है।

---

## बॉस का टारगेट नहीं, मन में शांति न होना है समस्या

हरीश बड़थ्वाल

**पर्वतों की** सुरम्य चोटियां, किनारों से टकराकर बिखरती समुद्री लहरें या सुनहरे रेगिस्तान की अनंत छटाएं अक्सर भीतर तक स्पर्श करती हैं। लोग कहते हैं कि उस क्षण की शांति को शब्दों में बांधना मुश्किल है। ऐसा लगता है मानो समय और स्थान से परे कोई मौन सत्ता हमारे भीतर उतर आई हो। लेकिन क्या यह शांति केवल असाधारण प्राकृतिक दृश्यों में ही संभव है? क्या वर्कप्लेस के लक्ष्य, मीटिंग, डेडलाइन और परफॉर्मेंस में यह अनुभूति नहीं?

आज का जीवन पूरी तरह टारगेट बेस्ड हो गया है। मासिक लक्ष्य, वार्षिक मूल्यांकन, KPI, प्रमोशन और बोनस - हर कदम सफलता के आकार और तुलना में बंधा है। एक लक्ष्य पूरा होने से पहले ही अगला लक्ष्य सामने खड़ा होता है। क्या हासिल किया उसका उत्सव मनाने का समय नहीं मिलता, क्योंकि मन पहले ही अगले पड़ाव की ओर दौड़ता है। यही निरंतर दौड़ बर्नआउट और मानसिक थकान को जन्म देती है। समस्या काम की अधिकता नहीं, बल्कि यह भावना है कि हम कभी पर्याप्त नहीं होते। उपलब्धि-प्रधान समाज स्वतंत्रता नहीं, बल्कि मानसिक थकान और अवसाद पैदा करता है। जब व्यक्ति स्वयं ही अपना बॉस बन जाता है और लगातार प्रदर्शन के दबाव में रहता है, तो वह अनजाने में स्वयं का शोषण करता है। इसी दौड़ में हम कुछ धारणाएं बिना जांचे-परखे स्वीकार कर लेते हैं, जैसे रुकना असफलता है, संतोष पिछड़ापन है, और शांति केवल छुट्टी या यात्रा में ही मिल सकती है। ये धारणाएं धीरे-धीरे मन का स्वभाव बन जाती हैं।



THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

जीवन में द्वंद्व स्वाभाविक है, पर यह विनाशकारी तब बनता है जब हम हर परिस्थिति को केवल परिणाम के चश्मे से देखने लगते हैं। ट्रैफिक जाम, बॉस की टिप्पणी या किसी प्रोजेक्ट का दबाव उतने भारी नहीं जितना हमारी प्रतिक्रिया उन्हें बनाती है। लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए यदि मन शांत न रहे, तो सफलता भी थकान बन जाती है। असली आनंद उन्हीं को मिलता है जो लक्ष्य साधते हुए भी स्वयं से जुड़े रहते हैं और भीतर की शांति बनाए रखते हैं।

**रीडर्स मेल**


### भविष्य की रणनीति

**यह पत्र** 15 दिसंबर के संपादकीय 'युवा हाथों में कमान' से संबंधित है। BJP में यह नियुक्ति पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव और भविष्य-केंद्रित रणनीति का संकेत देती है। नितिन नवीन का चयन यह दर्शाता है कि पार्टी अब अनुभव के साथ ऊर्जा और संगठनात्मक प्रदर्शन को भी समान महत्व दे रही है। हालांकि कार्यकारी अध्यक्ष का पद औपचारिक रूप से अस्थायी है, लेकिन राजनीतिक संदेश स्पष्ट है। अब असली परीक्षा आने वाले विधानसभा चुनावों में संगठन को एकजुट रखते हुए चुनावी सफलता दोहराने की होगी।

**मनोहर यादव, ईमेल से**

**nbtedit@timesofindia.com** पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP7 User: tushar.darekar Time: 12-15-2025 20:51 Color:



## फटाफट खबरें

### 1.22 लाख से ज्यादा ने चुनी UPS

पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्र सरकार की नई पेंशन योजना यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) को कर्मचारियों का सपोर्ट मिल रहा है। सरकार ने सोमवार को संसद में बताया कि 30 नवंबर 2025 तक कुल 1,22,123 केंद्रीय कर्मचारियों ने इस स्कीम को अपनाया है। लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि जिन कर्मचारियों ने UPS चुना है, उन्हें अपनी पूरी नौकरी के दौरान एक बार वापस NPS में जाने का मौका दिया जाएगा।

### यस बैंक के राणा कपूर से पूछताछ

पीटीआई, नई दिल्ली: प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने सोमवार को यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर से लंबी पूछताछ की। यह पूछताछ रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान राणा कपूर का बयान PMLA के तहत रिकॉर्ड किया गया।

### 'क्रिप्टो लेन-देन मे टॉप 10 मे भारत'

वि, नई दिल्ली : बायबिट (Bybit) और डीएल रिसर्च (DL Research) ने मिलकर 'वर्ल्ड क्रिप्टो रैंकिंग्स 2025' रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, लेन-देन के मामले में भारत दुनिया के टॉप 10 देशों में शुमार हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को ग्लोबल लिस्ट में 9वीं रैंक मिली है। इस कामयाबी की मुख्य वजह भारत का मजबूत रिटेल यूजर बेस और 'स्टेबलकॉइन्स' का बढ़ता इस्तेमाल है।

### BHEL ने दिया 110 करोड़ का डिविडेंड

पीटीआई, नई दिल्ली: पब्लिक सेक्टर की इंजीनियरिंग कंपनी भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) ने भारत सरकार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 109.98 करोड़ रुपये का फाइनल डिविडेंड दिया है। BHEL में भारत सरकार की 63.17 फीसदी हिस्सेदारी है।

# सोना एक दिन में 4,000 रु. महंगा

## 1,37,600 रुपये/10 ग्राम के ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा गोल्ड

NBT रिपोर्ट, मुंबई : सोमवार को सोने की कीमतों में तेज बढ़त देखने को मिली। US डॉलर, रुपया और US बॉन्ड यील्ड में कमजोरी के बाद सोने-चांदी में भारत समेत सभी ग्लोबल बाजारों में मजबूत खरीदारी देखी गई। USD और INR दोनों में पूरे दिन तेज बिकवाली के चलते सोने की कीमतें दिल्ली सर्राफा बाजार में 4000 रुपये की रेकॉर्ड छलांग लगाकर 1,37,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई। ऑल इंडिया ज्वैलर्स असोसिएशन के मुताबिक, इससे पहले सोना शुक्रवार को 1,33,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स असोसिएशन (IBJA) के अनुसार सोना 1,33,249 रुपये प्रति रुपये रहा। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,32,710 रुपये पर था। दूसरी तरफ चांदी 193417 रुपये प्रति किलो रही और शुक्रवार को यह 195180 रही।

इस साल सोने ने करीब 74% का रिटर्न दिया है।

AI Image



### दुनिया में तनाव से बढ़ रहा दाम: केंद्र

पीटीआई, नई दिल्ली: सोने और चांदी की कीमतों में हाल ही में जो भारी उछाल आया है, उसकी सबसे बड़ी वजह दुनिया भर में बढ़ा तनाव (जियोपॉलिटिकल टेंशन) और ग्लोबल ग्रोथ को लेकर बना डर है। सोमवार को वित्त मंत्रालय ने बताया कि आर्थिक अनिश्चितता की वजह से लोग सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मान रहे हैं। लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि कीमतें बाजार तय करता है, सरकार का इसमें कोई दखल नहीं होता।

वहीं, MCX पर सोने की कीमतों में मजबूत खरीदारी देखी गई और यह 1,874 रुपये प्रति 10 ग्राम की इंट्राडे बढ़त के साथ 1,35,496 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाई पर पहुंच गया। इसी तरह, MCX पर चांदी की कीमतों में 6,195 रुपये की इंट्राडे बढ़त दर्ज की गई, जो 1,99,046 रुपये प्रति किलो के हाई पर पहुंच गई।

### सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली गिरावट

सोमवार को सेंसेक्स 54.30 अंक गिरकर 85,213.36 पर बंद हुआ। एक समय 427 अंक टूटकर 84,840 पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 19.65 अंक (0.08%) की हल्की गिरावट के साथ 26,027.30 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह 25,904 तक लुढ़क गया था।

### 90.78 के निचले स्तर पर रुपया

सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया एक समय 90.80 के लेवल तक गिर गया, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। आखिर में यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 29 पैसे की कमजोरी के साथ 90.78 (अस्थायी) के नए ऑल-टाइम लो पर बंद हुआ।

### नवंबर में भी माइनस में रही थोक महंगाई

पीटीआई, नई दिल्ली: नवंबर महीने में थोक मूल्य सूचकांक (WPI) पर आधारित महंगाई दर लगातार दूसरे महीने 'माइनस' में रही। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में यह दर (-) 0.32 प्रतिशत दर्ज की गई। हालांकि, अगर महीने-दर-महीने आधार पर देखें, तो दाल और सब्जियों जैसी चीजों के दाम थोड़े बढ़े हैं, लेकिन कुल मिलाकर महंगाई शून्य से नीचे ही रही। अक्टूबर में थोक महंगाई दर (-) 1.21 प्रतिशत थी, जबकि पिछले साल नवंबर में यह 2.16 प्रतिशत थी।




उद्योग मंत्रालय ने अपने बयान में बताया कि सालाना आधार पर महंगाई के माइनस में रहने की मुख्य वजह खाने-पीने की चीजों, मिनरल ऑयल, कच्चा तेल, नेचुरल गैस, बेसिक मेटल्स और बिजली के दामों में कमी आना है। खाने-पीने की चीजों के दाम पिछले आठ महीनों (अप्रैल से) से लगातार गिर रहे हैं।

### नवंबर में भारत के निर्यात में उछाल

## US टैरिफ के बावजूद 19% बढ़ा एक्सपोर्ट

AI Image



पीटीआई, नई दिल्ली: अक्टूबर महीने में आई गिरावट के बाद भारत के निर्यात ने नवंबर में जोरदार वापसी की है। इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की बंपर डिमांड के चलते नवंबर में निर्यात 19.37% बढ़कर 38.13 बिलियन डॉलर हो गया। इसका सीधा फायदा यह हुआ कि देश का व्यापार घाटा घटकर 5 महीने के सबसे निचले स्तर 24.53 बिलियन डॉलर पर आ गया। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में देश का आयात 1.88% गिरकर 62.66 बिलियन डॉलर रह गया। इसकी मुख्य वजह सोने, कच्चे तेल, कोयले और कोक के आयात में कमी आना है।

व्यापार घाटा घटकर 5 महीने के निचले स्तर पर

कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने बताया कि नवंबर के निर्यात ने इस साल अक्टूबर में हुए नुकसान की भरपाई कर दी है। उन्होंने कहा कि खास बात यह है कि अमेरिका ने भारतीय सामानों पर 50% का भारी-भरकम टैरिफ (टैक्स) लगाया है, इसके बावजूद निर्यात में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। [illegible] इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल्स और जेम्स-ज्वेलरी जैसे सेक्टरों ने निर्यात बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (FIEO) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि अप्रैल-नवंबर 2025 के दौरान अमेरिका भारत का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट बना रहा। 50% टैरिफ लगने के बाद भी यह स्थिति बनी रहना भारतीय निर्यातकों की मजबूती को दिखाता है।

# पैरेंट्स मान रहे, बिना फोन डिनर से जुड़ाव बढ़ेगा:सर्वे

AI Image



NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: 81 फीसदी माता-पिता मानते हैं कि डिनर के दौरान फोन बंद रखने से वे अपने बच्चों के साथ ज्यादा जुड़ाव महसूस करते हैं। वीवो इंडिया की 'स्विच ऑफ स्टडी 2025' में यह बात सामने आई है। सर्वे में पाया गया कि 72 फीसदी माता-पिता और 30 फीसदी बच्चे मानते हैं कि खाते समय फोन देखना बातचीत में सबसे बड़ी रुकावट है। जहां बच्चे फोन का इस्तेमाल मनोरंजन के लिए करते हैं, वहीं माता-पिता बार-बार मैसेज या नोटिफिकेशन चेक करते हैं। इससे आपसी बातचीत का सिलसिला टूट जाता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 72 फीसदी बच्चे अपने माता-पिता के साथ सबसे ज्यादा समय डिनर पर ही बिताते हैं। जब फोन अलग रख दिए जाते हैं, तो 91 फीसदी बच्चों को लगता है कि बात करना आसान और ज्यादा सार्थक होता है। बिना फोन के 87 फीसदी बच्चे अपने मन की बात खुलकर कह पाते हैं।

#### AI के कारण भी बढ़ी दूरी

67 फीसदी बच्चों का कहना है कि उनके माता-पिता व्यस्त रहते हैं, इसलिए वे अपने सवालों के लिए AI टूल्स का सहारा ले रहे हैं। सर्वे में 54% बच्चों ने कहा कि वे AI टूल का उपयोग होमवर्क, सीखने और व्यक्तिगत विकास के लिए करते हैं। वीवो इंडिया के कॉरपोरेट स्ट्रैटेजी हेड गीतज चानना ने कहा है कि यह स्टडी बताती है कि परिवार अब संतुलन बनाना चाहते हैं।

### 'WhatsApp को डेटा पर यूजर्स की सहमति लेनी होगी'

पीटीआई, नई दिल्ली: अपीलीय ट्रिब्यूनल NCLAT ने सोमवार को एक बड़ा फैसला सुनाते हुए साफ किया कि प्राइवेसी और सुरक्षा से जुड़े उसके आदेश WhatsApp के हर तरह के काम पर लागू होते हैं। चाहे मसला विज्ञापन का हो या बिना विज्ञापन वाला। डेटा कलेक्ट करने और शेयर करने से पहले यूजर की मंजूरी लेना जरूरी होगा। NCLAT ने यह आदेश CCI की एक अर्जी पर दिया। ट्रिब्यूनल ने कहा, अपील करने वाले (WhatsApp,Meta) यूजर के डेटा पर अपना एकतरफा या मनमाना हक नहीं जता सकते। NCLAT ने कहा, हमने पहले ही साफ कर दिया था कि यूजर्स के पास यह तय करने का अधिकार होना चाहिए कि उनका कौन सा डेटा लिया जा रहा है, किस काम के लिए लिया जा रहा है और कितने समय के लिए।

# MF में निवेश सस्ता, SEBI घटा सकता है फीस

## कल सेबी बोर्ड की अहम मीटिंग, IPO सहित कई मुद्दों पर भी होगी चर्चा

NBT रिपोर्ट : शेयर बाजार नियामक SEBI (सेबी) निवेशकों के फायदे के लिए म्यूचुअल फंड के नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी में है। बुधवार को होने वाली बोर्ड बैठक में म्यूचुअल फंड की फीस कम करने, IPO के नियमों को आसान बनाने और निवेशकों के खर्चों में पारदर्शिता लाने पर फैसला हो सकता है। साथ ही, सेबी अपने अधिकारियों के लिए हितों के टकराव (Conflict of Interest) से जुड़ी एक्सपर्ट पैनल की रिपोर्ट पर भी विचार करेगा। करीब 30 साल बाद नियमों की इतनी बड़ी समीक्षा की जा रही है। बता दें कि MF इंडस्ट्री 80 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति मैनेज करती है।

अक्टूबर में सेबी ने इक्विटी और डेट फंड्स में टोटल एक्सपेंस रेशियो (TER) यानी कुल खर्च को कम करने का प्रस्ताव दिया था। साथ ही ब्रोकरेज फीस घटाने की भी बात कही थी। TER वह फीस है जो सेबी के नियमों के मुताबिक निवेशकों से स्कीम के खर्च के तौर पर ली जाती है। यह मैनेजमेंट और ऑपरेशनल खर्चों को पूरा करने के लिए निवेशकों से वसूली जाती है। अभी यह फीस फंड के साइज के हिसाब से अलग-अलग स्लैब में लगती है। सेबी ने अपने डिस्कशन पेपर में सुझाव दिया है कि म्यूचुअल फंड जो TER चार्ज करते हैं, उसमें 15-20 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की जानी चाहिए।

टोटल एक्सपेंस रेशियो (TER) को कम करने का प्रस्ताव ला सकता है सेबी।

AI Image



एक और बड़ा प्रस्ताव कैश मार्केट ट्रांजैक्शन के लिए ब्रोकरेज को 12 बेसिस पॉइंट्स से घटाकर 2 बेसिस पॉइंट्स करना है। वहीं, डेरिवेटिव ट्रांजैक्शन के लिए इसे 5 बेसिस पॉइंट्स से घटाकर 1 बेसिस पॉइंट करने की बात है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि मार्केट के बिचौलिये इसका विरोध कर रहे हैं।

**क्या होगा फायदा? :** सेबी का कहना है कि ब्रोकर अभी रिसर्च और सौदे कराने के नाम पर ज्यादा चार्ज वसूलते हैं। चूंकि रिसर्च करना फंड हाउस का अपना काम है। इसलिए निवेशकों से इसके लिए अलग से पैसे लेना गलत है। सेबी के मुताबिक, निवेशकों को अनजाने में एक ही चीज के लिए दो बार पैसे देने पड़ते हैं।

**IPO को लेकर प्लान? :** अभी कोई कंपनी अपना IPO लाती है, तो उसके दस्तावेज इतने पेचीदा होते हैं कि आम निवेशक उन्हें समझ ही नहीं पाता। सेबी अब एक आसान और छोटी समरी (Summary) लाने का विचार कर रहा है। इसमें कंपनी की कमाई, रिस्क और मुख्य जानकारी एक ही जगह मिल जाएगी, ताकि रिटेल निवेशक आसानी से फैसला ले सकें।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट? :** इसके साथ ही, सेबी टैक्स (STT, GST और स्टैम्प ड्यूटी) को फंड की फीस से बाहर रखने और फंड हाउसों द्वारा लिए जाने वाले कुछ अतिरिक्त चार्जेस को खत्म करने पर भी मुहर लगा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ये बदलाव लागू होते हैं, तो म्यूचुअल फंड कंपनियों की कमाई थोड़ी कम हो सकती है, लेकिन आम निवेशकों के लिए यह एक बड़ी राहत होगी।

**फंड हाउस का कहना है? :** आनंद राठी ग्रुप के चेयरमैन आनंद राठी कहते हैं, ब्रोकरेज में प्रस्तावित कटौती लंबे समय में निवेशकों के हित में नहीं हो सकती है। किसी भी म्यूचुअल फंड का प्रदर्शन इस बात पर निर्भर करता है कि ब्रोकर्स उन्हें कितनी अच्छी 'सेल-साइड रिसर्च' मुहैया कराते हैं।

---



### फिल्म को पूरा करना भावनात्मक सफर रहा: अली फज़ल



लगातार कई महीनों तक बैक-टू-बैक शूटिंग करने के बाद अली फज़ल ने आखिरकार अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी कर ली है। बकौल अली, 'लाहौर 1947 को पूरा करना मेरे लिए एक भावनात्मक सफर रहा। यह फिल्म मेरे अब तक के काम से बिल्कुल अलग है।'



करीना कपूर अपने बच्चों के साथ मेसी से मिलने पहुंचीं

# मेसी से मिलने के लिए पहुंचे बॉलिवुड कलाकार

यह लियोनेल मेसी का जादू ही है कि दुनियाभर में जिन बॉलिवुड स्टार्स की एक झलक पाने को फैन्स बेताब रहते हैं, वही सितारे मेसी से मिलने को उत्सुक नजर आए। मेसी के इंडिया टूर के दौरान मुंबई में तमाम फिल्मी सितारों ने उनसे मुलाकात की। करीना कपूर खान अपने दोनों बेटों तैमूर अली खान और जेह के साथ वानखेड़े स्टेडियम पहुंचीं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे फोटो में जेह और तैमूर ने मेसी और अर्जेंटीना नाम की जर्सी पहनी हुई थी। सितारों ने अकेले ही नहीं बल्कि अपने बच्चों के साथ मेसी से मुलाकात की और तस्वीरें खिंचवाईं। करीना कपूर और शाहिद कपूर की मेसी के साथ अपने बच्चों संग तस्वीरें खूब वायरल हो रही हैं। इस दौरान अजय देवगन भी स्टेडियम में मेसी से हाथ मिलाते हुए दिखाई दिए। वहीं टाइगर श्रॉफ भी स्टेडियम में मौजूद थे। रफ एंड टफ अंदाज में पहले उन्होंने मेसी से हाथ मिलाया फिर उनके साथ फोटो भी ली। क्रिकेटर हरभजन सिंह की अभिनेत्री पत्नी गीता बसरा और श्रद्धा कपूर ने भी मेसी से मुलाकात की। दरअसल, लियोनेल मेसी वानखेड़े स्टेडियम में GOAT कप एग्जीबिशन मैच खेलने पहुंचे थे। इस दौरान मेसी के साथ फुटबॉलर रोड्रिगो डी पॉल और लुई सुआरेज भी मौजूद थे।





शाहिद कपूर के बच्चों के साथ मेसी



अजय देवगन और लियोनेल मेसी



नीता बसरा ने की मेसी से मुलाकात


# बॉन्डी बीच हमले को लेकर हॉलिवुड स्टार्स ने जताया दुख

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले पर हॉलिवुड स्टार्स ने दुख जाहिर किया है। इस बारे में एश्टन कुचर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'ये विरोधी सोच सिर्फ बातें नहीं हैं, इसकी कीमत लोगों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है और मेरे भाई-बहन इसकी कीमत चुका रहे हैं। काश ये विनाश किसी तरह के छुपे हुए चमत्कार को पैदा करे, एक ऐसा चमत्कार जिसे देखने की काबिलियत अभी तक हम लोगों में नहीं है।'

गैल गैडोट ने इस हमले को दिल दहला देने वाला बताते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, 'मेरा दिल टूट गया है। ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले के बाद दुख बहुत ज्यादा है। बुराई ने जानबूझकर समुदाय और उम्मीद के एक पवित्र पल पर हमला किया।' वह आगे लिखती हैं, 'हमें पीड़ितों का सम्मान चुप्पी से नहीं, बल्कि ऐसी दुनिया की मांग करके करना चाहिए जहां हर जिंदगी सुरक्षित हो।' वहीं अभिनेत्री कायली मिनोग ने लिखा, 'मेरा दिल तुम्हारे साथ है बॉन्डी।'



गैल गैडोट



एश्टन कुचर





# बिना हेलमेट बाइक चलाने पर सोहेल ने मांगी माफी

सलमान खान के भाई सोहेल खान का बिना हेलमेट के मुंबई की सड़कों पर बाइक चलाने वाला विडियो खूब वायरल हुआ, जिसकी आलोचना भी हुई। अब सोहेल ने इसको लेकर माफी मांगी है।

सोहेल खान ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मैं सभी बाइक राइडर्स से विनती करता हूं कि प्लीज हेलमेट पहनें। मैं कभी-कभी हेलमेट पहनने से बचता हूं, क्योंकि मुझे क्लॉस्ट्रोफोबिया होता है, लेकिन यह हेलमेट न पहनने का कोई बहाना नहीं है। मैं ट्रैफिक अथॉरिटीज से माफी चाहता हूं।'



आपको अनुकूल हालात मिल सकते हैं, लेकिन आखिर में बोलर्स को सही जगहों पर गेंद डालनी होगी और भारतीय गेंदबाजों ने वही किया। उन्हें इसका श्रेय दिया जाना चाहिए। धर्मशाला में पहली गेंद से ही उन्होंने हमारे लिए मुश्किलें खड़ी कीं। – एडेन मार्कराम, कप्तान, साउथ अफ्रीका

**6**

मुकाबले जीते हैं सूर्यकुमार यादव ने बतौर कप्तान साउथ अफ्रीका के खिलाफ। वह दोनों देशों के बीच हुई टी20I सीरीज के सबसे सफल कप्तान हैं। महेंद्र सिंह धोनी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच जीत हासिल की थी

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. सूर्यकुमार यादव ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ बतौर कप्तान कितने टी20I मैच जीते हैं?
A) 5 B) 6 C) 7 D) 10
2. IPL 2026 के लिए आज मिनी ऑक्शन किस शहर में होगा?
A) दुबई B) मुंबई C) अबू धाबी D) शारजाह

**कल के जवाब**
1. A) हरियाणा 2. D) इंडोनेशिया

**लकी WINNER**




1. आरोन शर्मा, रतन पार्क, दिल्ली
2. सुरेश यादव, गाजियाबाद, यूपी
3. श्री चंद कुमार, कल्याण, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### मनु ने जीता गोल्ड



■ नई दिल्ली: ओलिंपिक्स मेडल विजेता मनु भाकर ने नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में विमिंस 25 मीटर पिस्टल सीनियर वर्ग का गोल्ड मेडल जीता। मनु ने फाइनल में 36 अंक हासिल किए, जबकि कर्नाटक की दिव्या टीएस (32) दूसरे स्थान पर रहीं। अंजलि चौधरी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। जूनियर वर्ग में सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने गोल्ड जीता।

### BCCI पर सफाई

■ नई दिल्ली: खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने लोकसभा में स्पष्ट किया कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) को अभी राष्ट्रीय खेल महासंघ (NSF) के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है। उन्होंने बताया कि नया राष्ट्रीय खेल संचालन अधिनियम लागू होने के बाद स्थिति बदल सकती है। मांडविया ने कहा कि सभी NSF को जवाबदेही और सुशासन के मानकों का पालन करना होगा। क्रिकेट के ओलिंपिक खेल बनने के बाद BCCI को भी पंजीकरण कराना होगा।



### डेफ टीम का क्लीन स्वीप

■ नई दिल्ली: भारतीय डेफ क्रिकेट टीम ने दुबई के खिलाफ टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। वीरेंद्र सिंह को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

## कुल 77 खिलाड़ियों के लिए आज IPL का मिनी ऑक्शन

# टीमें आज ऑलराउंडर्स पर लगा सकती है बड़ी बोलियां

■ एजेंसियां, अबू धाबी: इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 सीजन से पहले आज सभी टीमों के पास ऑक्शन में अपनी कुछ खामियों को दूर कर एक मजबूत स्क्वॉड तैयार करने का मौका होगा। मिनी ऑक्शन में लीग की 10 टीमें कुल 77 स्लॉट्स भरने के लिए बोलियां लगाएंगी। विश्व स्तरीय पेस बोलिंग ऑलराउंडर के सीमित विकल्पों के बीच मंगलवार को होने वाली छोटी नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन फायदे की स्थिति में नजर आ रहे हैं। कोलकाता नाइटराइडर्स और चेन्नै सुपरकिंग्स उनके लिए बड़ी बोली लगा सकती हैं। इस नीलामी में 10 टीमों के पास संयुक्त रूप से 237 करोड़ 55 लाख रुपये उपलब्ध हैं।

**कोलकाता के पास है सबसे बड़ा पर्स:** नाइटराइडर्स के पास सबसे बड़ा पर्स 64 करोड़ 30 लाख रुपये का है और टीम को 13 प्लेयर्स की जरूरत है। वहीं चेन्नै सुपरकिंग्स के पास 43 करोड़ 40 लाख रुपये हैं और वह संतुलित संयोजन तैयार करने की कोशिश में रहेगी। इसके उलट मुंबई इंडियंस की भूमिका सीमित रहने की संभावना है, क्योंकि उसके पास महज दो करोड़ 75 लाख बचे हैं।


**लिविंगस्टोन, अय्यर पर होगी निगाहें:** ग्रीन के अलावा भारतीय ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर और इंग्लैंड के विस्फोटक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन पर भी मोटी बोली लगने की उम्मीद है। फास्ट बोलिंग ऑलराउंडर्स की हमेशा से मांग रही है और इसी कारण ग्रीन, वेंकटेश और वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर दो करोड़ रुपये के आधार मूल्य वाले सबसे आकर्षक नामों में शामिल हैं। IPL में ग्रीन का रेकॉर्ड प्रभावशाली रहा है। उन्होंने 29 मैचों में 704 रन बनाने के साथ 16 विकेट भी लिए हैं, जिससे उनका ऑलराउंड पैकेज उन्हें खास बनाता है। अय्यर के मामले में स्थिति दिलचस्प है। पिछले सीजन में बड़ी रकम के दबाव में उनका प्रदर्शन फीका रहा, लेकिन नाइटराइडर्स को टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज और एक भरोसेमंद ऑलराउंडर की जरूरत है। आरटीएम कार्ड के विकल्प के बिना कोलकाता को उन्हें वापस पाने के लिए समझदारी भरा दांव खेलना होगा। लिविंगस्टोन और साउथ अफ्रीका के क्विंटन डीकॉक भी बड़ी बोली आकर्षित कर सकते हैं।






कैमरन ग्रीन

**लिस्ट में सबसे ज्यादा ऑलराउंडर्स शामिल**





**इंग्लैंड से है सबसे ज्यादा विदेशी प्लेयर्स**





**टेलिकास्ट:** 2:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर



लियाम लिविंगस्टोन

**1** एकमात्र प्लेयर है विरनदीप सिंह इस साल असोसिएट देश के जो रजिस्ट्रेशन के बाद ऑक्शन का हिस्सा बनाए गए हैं

**39** साल के जलज सक्सेना IPL ऑक्शन में शामिल होने वाले सबसे उम्रदराज प्लेयर हैं।

**244** भारतीय प्लेयर्स ने IPL मिनी ऑक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है, जबकि 115 विदेशी प्लेयर्स पर लगेगी बोली

### यहां विदेशी प्लेयर्स रहते हैं सबसे महंगे

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

अगर मिनी ऑक्शन के इतिहास पर नजर डालें तो विदेशी प्लेयर्स ही सबसे बड़ी बोली आकर्षित करते हैं। मिनी ऑक्शन 2024 में मिचेल स्टार्क ने पुराने रेकॉर्ड ध्वस्त करते हुए 24.75 करोड़ रुपये में बिके थे। उन्हें KKR ने खरीदा था। साल 2024 में ही सनराइजर्स हैदराबाद ने पैट कमिंस पर 20.50 करोड़ की बोली लगाई थी। इससे पूर्व, 2023 में सैम करन को पंजाब किंग्स ने 18.50 करोड़ में खरीदा था। कैमरन ग्रीन पर मुंबई ने 2023 मिनी ऑक्शन में 17.50 करोड़ की बोली लगाई थी। बेन स्टोक्स 2023 में सुपरकिंग्स की टीम में 16.25 करोड़ में शामिल हुए थे। साल 2021 में क्रिस मोरिस पर राजस्थान रॉयल्स ने 16.25 करोड़ रुपये खर्च किए थे। यह छह खिलाड़ी मिनी ऑक्शन में सबसे महंगे रहे हैं।

# 'मेसी उत्सव' में गुम हो गए भारतीय सुपर स्टार भूटिया

Rupesh.Singh@timesofindia.com



Sunil Kataria

लियोनेल मेसी, लुईस सुआरेज (बाएं) और रोड्रिगो डी पॉल (दाएं) को क्रिकेट बैट भेंट करते इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के प्रेजिडेंट जय शाह

■ नई दिल्ली: लियोनेल मेसी के इस भारत दौरे ने फैंस को ना भूलने वाले कई पल दिए, वहीं कुछ कड़वी सच्चाई से भी रूबरू कराया। मेसी तीन महानगरों का टूर करके सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे थे। मुंबई में मेसी की मुलाकात भारतीय सुपर स्टार सुनील छेत्री से हुई थी। दिल्ली में भारतीय फुटबॉल के एक अन्य दिग्गज बाईचुंग भूटिया को भारतीय फुटबॉल बिरादरी की नुमाइंदगी करनी थी। हालांकि, क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित इस 'फुटबॉल उत्सव' पर भारतीय फुटबॉल का यह पूर्व कप्तान गुम हो गया।

**करते रहे इंतजार:** मेसी के कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए बाईचुंग दोपहर करीब 3.30 बजे स्टेडियम पहुंच गए थे। उन्हें उनके लिए निर्धारित स्थान तक ले जाने के लिए आयोजकों की ओर से कोई भी मौजूद नहीं था। बाईचुंग हर गेट पर अपना परिचय दे रहे थे, इस दिग्गज को फुटबॉल के जश्न के लिए तैनात वॉलंटियर्स और सुरक्षाकर्मी पहचान नहीं पा रहे थे। बाईचुंग ने कई फोन कॉल्स किए और काफी देर तक इंतजार किया, लेकिन मदद किसी ओर से आती नहीं दिखी। इस बीच उन्हें किसी शख्स ने पहचाना और फिर किसी तरह उन्हें स्टेडियम की सबसे खास जगहों में से एक 'विराट कोहली पविलियन' तक पहुंचाया।

**खेलना था मैच भी!:** यह पूछने पर कि उन्हें किसने आमंत्रित किया है, बाईचुंग ने कहा, 'मैं मुख्य आयोजक सताद्रु दत्ता के संपर्क में था। लेकिन उनकी गिरफ्तारी के बाद से कम्युनिकेशन गैप हो गया है। आयोजन से जुड़े कुछ और भी लोग हैं जिनसे मेरी बातचीत चल रही थी। मुझे यहां शायद मैच भी खेलना था और मेसी को टी-शर्ट भी भेंट करनी थी। लेकिन, यहां आने तक कुछ भी कंफर्म नहीं हो पाया।' पविलियन क्षेत्र में बाईचुंग करीब चार बजे पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें तब तक यह नहीं पता था कि आखिर वह मैदान पर उस जगह कैसे पहुंचेंगे जहां जश्न मन रहा था। मेसी ने मैदान का चक्कर लगा लिया। वह मेन स्टेज पर भी पहुंच गए, लेकिन बाईचुंग पविलियन में ही इंतजार करते रहे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में भूटिया के पास एक कॉल आया और उन्हें मैदान पर बुलाया गया। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान तेजी से सीढ़ियां उतरते हुए मैदान में पहुंचे जहां उनकी और उनके परिवार की मुलाकात मेसी, लुईस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल से हुई।



RUPESH SINGH

स्टेडियम की एक गैलरी में बैठे पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया

### मेसी के इस टूर पर बिंद्रा ने उठाए सवाल

ओलिंपिक्स गोल्ड मेडलिस्ट और भारत के पूर्व निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने मेसी के भारत दौरे पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इस पूरे घटनाक्रम ने उन्हें सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर हम हासिल क्या करना चाह रहे हैं। बिंद्रा ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'जैसे-जैसे उनका हालिया भारत दौरा आगे बढ़ा, कुछ जगहों पर अफरा-तफरी हुई और मुझे काफी असहज लगा। इसने मुझे सोचने पर मजबूर किया कि हम असल में क्या हासिल करने की कोशिश कर रहे थे। एक पल के लिए उनके करीब जाने या तस्वीर खिंचवाने के लिए लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। मैं दुखी हूं और मुझे हैरानी हो रही है कि क्या यह संभव था कि इस ऊर्जा और निवेश का एक हिस्सा भी हमारे देश में खेलों की बुनियाद पर खर्च किया जा सकता था।'

## हज़ारे ट्रॉफी में हरेक प्लेयर को खेलने होंगे दो-दो मैच



FILE

विराट और रोहित शर्मा भी खेलेंगे

■ पीटीआई, नई दिल्ली: भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने भारतीय टीम के मौजूदा प्लेयर्स के लिए 24 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो वनडे मैच खेलना अनिवार्य कर दिया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20 मैच (19 दिसंबर) और न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी, 2026) के बीच तीन सप्ताह से अधिक का अंतर है और बोर्ड चाहता है कि सभी सीनियर खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलें। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सभी को यह निर्देश दे दिया है। इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में हार के बाद यह सिफारिश की गई थी।

**BCCI का निर्देश**

**केवल अनफिट होने पर छूट:** उन्होंने कहा, 'किसी को छूट तभी दी जाएगी जब उत्कृष्टता केंद्र से किसी को अनफिट घोषित किया जाता है, लेकिन अधिकारियों का मानना है कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के बाद चोट से उबरने के लिए काफी समय होगा।' इस निर्देश से यह धारणा भी टूटेगी कि सिलेक्शन और हेड कोच गौतम गंभीर सिर्फ कोहली और रोहित का उदाहरण देना चाहते हैं। इस बीच जसप्रीत बुमरा को धर्मशाला में तीसरे टी20 से पहले निजी कारणों से घर लौटना पड़ा। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार उनके करीबी परिजन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**रोहित, विराट भी उतरेंगे**

रोहित शर्मा और विराट कोहली टूर्नामेंट के लिए अपनी उपलब्धता की सूचना दे चुके हैं। वहीं शुभमान गिल, जसप्रीत बुमरा, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव को अपनी अपनी टीमों के लिए कम से कम दो मैच खेलने के लिए कहा जा सकता है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा, 'विजय हजारे ट्रॉफी के छह दौर 24 दिसंबर से खेले जाने हैं। यह खिलाड़ियों और उनके प्रदेश संघों पर निर्भर करता है कि वे कौन से दो दौर खेलना चाहते हैं।'

## गिल पर सभी को भरोसा रखना चाहिए: अभिषेक

■ एजेंसियां, धर्मशाला: बारह वर्ष की उम्र से शुभमान गिल के साथ खेल रहे अभिषेक शर्मा को पता है कि खराब फॉर्म से उबरकर वह भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप जीतेंगे और अगले साल टी20 वर्ल्ड कप में भी शानदार प्रदर्शन करेंगे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में उन्होंने 28 गेंद में 28 रन बनाए। गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव के खराब फॉर्म के बारे में अभिषेक ने कहा, 'मैं एक बात साफ बताना चाहता हूं कि आप भरोसा रखिए। ये दोनों खिलाड़ी भारत के लिए वर्ल्ड कप में मैच जीतेंगे और इस सीरीज में भी।'

**रिऐक्शंस**



FILE

भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा

भारतीय टीम के बोलिंग कोच मोर्नी मोर्कल ने भी भारतीय गेंदबाजों की तारीफ की। मोर्कल ने कहा, 'मुझे खुशी है कि गेंदबाजों ने इस तरह से वापसी की।'

### टंग की वापसी, बशीर को जगह नहीं मिली

■ एजेंसियां, एडिलेड: इंग्लैंड ने बुधवार से यहां खेले जाने वाले तीसरे एशेज टेस्ट के लिए गस एटकिंसन की जगह जोश टंग को टीम में वापस बुलाया है, लेकिन धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच की संभावना के बावजूद स्पिनर शोएब बशीर को एकादश में जगह नहीं मिली है। ऑस्ट्रेलिया की टीम में भी नाथन लियोन की वापसी हुई है। टंग की वापसी इंग्लैंड की टीम में एकमात्र बदलाव है जिसे गाबा में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड की टीम पांच मैचों की सीरीज में 0-2 से पीछे है।

**एशेज**



FILE

जोश टंग

## शेफाली और हार्मर चुने गए महीने के बेस्ट प्लेयर

■ एजेंसियां, दुबई: विमिंस वर्ल्ड कप फाइनल में निर्णायक भूमिका निभाने वाली भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा को ICC ने नवंबर महीने की 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना है। शेफाली ने पिछले महीने नवी मुंबई में खेले गए वर्ल्ड कप फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 78 गेंदों में 87 रन की शानदार पारी खेली थी, जो विमिंस वर्ल्ड कप फाइनल में किसी भारतीय ओपनर का सर्वोच्च स्कोर है। उनकी पारी की बदौलत भारत ने सात विकेट पर 298 रन बनाए और 52 रन से जीत दर्ज कर पहली बार वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया।

**ICC पुरस्कार**



शेफाली वर्मा

**लिए थे 17 विकेट:** साउथ अफ्रीका के स्पिनर साइमन हार्मर को भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन के लिए मेंस 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया। हार्मर ने दो टेस्ट में 17 विकेट लेकर साउथ अफ्रीका को भारत में 25 साल बाद टेस्ट सीरीज जीत दिलाई।

**टेनिस प्रीमियर लीग**

### जीएस दिल्ली एसेस ने जीती पहली ट्रॉफी

■ एजेंसियां, अहमदाबाद: जीएस दिल्ली एसेस ने यहां टेनिस प्रीमियर लीग के फाइनल में यश मुंबई ईगल्स पर 51-36 से शानदार जीत के साथ पहली बार इस खिताब पर कब्जा किया। बेल्जियम की खिलाड़ी सोफिया कोस्टौलास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रिया भाटिया को 16-7 से हराकर विमिंस सिंगल्स में अपना अजेय रेकॉर्ड बरकरार रखा। मिक्स्ड डबल्स में कोस्टौलास और जीवन नेदुनचेझियान ने भाटिया और निकी पुनाचा की जोड़ी को 16-9 से हराकर दिल्ली की बढ़त को मजबूत किया। मेंस सिंगल्स में मुंबई ईगल्स के दक्षिनेश्वर सुरेश ने बिली हैरिस को हराया, लेकिन मेंस डबल्स में हैरिस और नेदुनचेझियान ने दिल्ली की जीत पर मुहर लगा दी।

## एजाज़ को न्यूज़ीलैंड की टीम में मिली जगह, फिट ब्लंडेल भी करेंगे वापसी

■ एजेंसियां, वेलिंगटन: न्यूजीलैंड के ऑफ स्पिनर एजाज पटेल को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और आखिरी टेस्ट के लिए टीम में चुना गया है। यह मैच गुरुवार से माउंट माउंगानुई में खेला जाएगा। एजाज को ब्लेयर टिकनर की जगह टीम में शामिल किया गया है। टिकनर दूसरे टेस्ट के दौरान वेलिंगटन में बाउंड्री पर फील्डिंग करते समय कंधे में चोट लगने के कारण बाहर हो गए थे। कीवी टीम में टॉम ब्लंडेल को भी जगह मिली है। ब्लंडेल हैमस्ट्रिंग इंजरी की वजह से दूसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। सैंतीस वर्षीय एजाज पटेल वही गेंदबाज हैं, जिन्होंने वर्ष 2021 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ एक टेस्ट पारी में सभी 10 विकेट लिए थे। फरवरी 2020 के बाद यह उनका घरेलू जमीन पर पहला टेस्ट मैच हो सकता है।

**क्रिकेट कनेक्ट**



FILE

न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल

### दम्मिका रणतुंगा को किया गया गिरफ्तार

**कोलंबो:** श्रीलंका के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और वर्ल्ड कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा के बड़े भाई दम्मिका रणतुंगा को भ्रष्टाचार रोधी आयोग ने गिरफ्तार किया था, लेकिन सोमवार को उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। भ्रष्टाचार जांच आयोग ने बताया कि 63 वर्षीय दम्मिका को 2017 में सरकारी संस्था सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन द्वारा कच्चे तेल की खरीद में गलत निविदा प्रक्रिया के लिए गिरफ्तार किया गया था।

**मेसी का इवेंट**

### अव्यवस्था को लेकर दो PIL दाखिल हुईं

■ आईएएनएस, कोलकाता: सॉल्ट लेक स्टेडियम में शनिवार को हुए लियोनेल मेसी इवेंट में अव्यवस्था के बाद सोमवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में दो जनहित याचिकाएं दायर (PIL) की गईं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली डिविजन बेंच ने दोनों याचिकाएं स्वीकार कर ली हैं और मंगलवार को सुनवाई होने की संभावना है। सीनियर एडवोकेट बिल्वदल भट्टाचार्य द्वारा दायर पहली PIL में टिकट बिक्री में कथित वित्तीय अनियमितताओं की विस्तृत जांच की मांग की गई है। दूसरी PIL सीनियर एडवोकेट सब्यसाची चट्टोपाध्याय ने दाखिल की है, जिसमें पूरे मामले की जांच नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक से कराने की मांग की गई है।

**गुड न्यूज**

# स्पेशल शेफ का हुनर वाला ज़ायका

## एक महीने तक किचन की बनावट को पूरी तरह अपने दिमाग में उतारा

■ आशा प्रकाश, मुस्कान अहमद

**चेन्नै:** कहते हैं कि अगर हौसला बुलंद हो, तो आंखों की रोशनी कम होने से सपने धुंधले नहीं होते। चेन्नै में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) के सिरुसेरी कैंपस के अंदर बने 'ब्लाइंड बेक कैफे' की कहानी कुछ ऐसी ही है। यहां ओवन चालू होने से पहले ही एक अलग तरह की तैयारी शुरू हो गई थी। 20 साल के मधेश एम, जो देख नहीं सकते, उन्होंने और उनके साथियों ने पूरे एक महीने तक रसोई के हर कोने को महसूस किया। उन्होंने याद किया कि स्टोव कहां है, मिक्सर कहां रखा है और ओवन की दूरी कितनी है। मधेश कहते हैं कि जब हमने किचन की बनावट को अपने दिमाग में उतार लिया, तभी हमने खाना बनाना शुरू किया।





यह कैफे पूरी तरह से दृष्टिबाधित लोगों की ओर से चलाया जाता है, जिन्हें नैशनल ब्लाइंड असोसिएशन (NBA) ने ट्रेनिंग दी है। दिल्ली में तीन महीने के कड़े प्रशिक्षण के बाद, अब ये शेफ पूरी तरह आत्मनिर्भर हैं। किचन में उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है। जमीन पर 'टैक्टाइल पेविंग' (स्पर्श वाली टाइलें) हैं, गैस के चूल्हों पर मार्क लगे हैं और ओवन पर ब्रेल लिपि (Braille) का इस्तेमाल किया गया है। मधेश भावुक होकर कहते हैं कि पहले मुझे लगता था कि विकलांगता एक चुनौती है और मैं बस पैसे के लिए कोई भी काम करने को तैयार था। लेकिन यहां मैंने बेकिंग के लिए अपना प्यार ढूंढा। अब मैं सिर्फ नौकरी नहीं करता, मैं अपनी खुशी चुनता हूं।



### मेहनत की कमाई से स्वाभिमान की जिंदगी

समावेशी रोजगार की यह लहर सिर्फ एक कैफे तक सीमित नहीं है। 'राइटर्स कैफे' जैसे संस्थान सालों से हर आउटलेट पर मेंटल हेल्थ की समस्याओं से जूझ रहे एक व्यक्ति को रोजगार दे रहे हैं। विद्यासागर संस्था की संस्थापक पूनम नटराजन पिछले कई साल से युवाओं को कैफे में काम करने की ट्रेनिंग दे रही हैं। अब तक 9 लोग 'म्यूजियम ऑफ पॉसिबिलिटीज' कैफे, सरकारी गेस्ट हाउस और 'कलैग्नार सेंटेनरी पार्क' जैसे स्थानों पर काम कर रहे हैं। ये पिज्जा और सैंडविच बनाते हैं और अपनी मेहनत की कमाई से स्वाभिमान की जिंदगी जी रहे हैं।

### स्पेशल बच्चों के लिए खास कैफे

चेतपेट में इस वीकेंड एक और खूबसूरत जगह खुलने जा रही है 'कुकुई' (Kukui)। इसे 'करे थेरेपी सेंटर' की डायरेक्टर कल्पना डी कुमार की ओर से शुरू किया गया है। यह सिर्फ एक कैफे नहीं, बल्कि बच्चों के लिए एक प्ले-सेंटर भी है। कल्पना बताती हैं कि हम एक ऐसा माहौल चाहते थे जहां स्पेशल बच्चों के माता-पिता काम कर सकें और उनके बच्चे गैजेट्स से दूर रहकर कुछ सीख सकें। यहां का स्टाफ ऑटिज्म से प्रभावित है। कल्पना का मानना है कि मुख्य शेफ और सुपरवाइजर को इन कर्मचारियों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए, तभी सही मायने में बदलाव आएगा। आज ये कैफे केवल खाना और ड्रिंक्स नहीं परोस रहे, बल्कि समाज को यह बता रहे हैं कि अगर थोड़ा सा साथ और सही ट्रेनिंग मिले, तो हर कोई अपनी एक अलग पहचान बना सकता है। यहां की हर कुकी और कॉफी का कप संघर्ष और जीत की एक अनकही दास्तां सुनाता है।

## दिल्ली में पारसी समुदाय ने मनाया एकता का शतक

Meghna.Dhulia@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: दिल्ली में पारसी समुदाय का शताब्दी समारोह भावुक और यादगार पल बन गया। यह आयोजन सिर्फ 100 साल पूरे होने का जश्न नहीं था, बल्कि समुदाय की एकजुटता, संस्कृति और अपनेपन की झलक भी था। दिल्ली पारसी अंजुमन, 1925 में स्थापित, एक ऐसा संगठन है जो शहर के पारसियों को जोड़ता और उनकी संस्कृति को बचाए रखता है। अंजुमन बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित अपने परिसर से समुदाय की धड़कन बना हुआ है।

अंजुमन परिसर में मुख्य पारसी धर्मशाला, बीकाजीवाला हॉल, पारसी कैंटीन और पवित्र अग्नि मंदिर मौजूद हैं। धर्मशाला में सदस्य ठहर सकते हैं, हॉल में सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं और कैंटीन पारसी व्यंजनों को जीवित रखती है। अंजुमन के अध्यक्ष आदिल नर्गोलवाला ने कहा कि जो कुछ आज दिख रहा है, वह पीढ़ियों की मेहनत और एकता का नतीजा है। भाषा, भोजन, संस्कृति और धर्म हमें जोड़ते हैं।" दिल्ली में करीब 500 पारसी रहते हैं, लेकिन आपसी रिश्ता किसी बड़े परिवार जैसा है।



अंजुमन परिसर दिल्ली में पारसियों का केंद्र है

**1925** से 2025 तक का सफर, परंपरा, अपनापन और आने वाली पीढ़ियों पर भरोसा

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel

**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in